स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

लखनऊ, शनिवार
28 जून, 2025
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष 3
सं. 2082 वि.
वर्ष 78, अंक - 306 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के साथ मैच से पहले मिली थी धमकी : रोहित



विश्व एमएसएमई दिवस पर योगी सरकार की नई पहल

## अब 'सीएम युवा ऐप' देगा नौकरी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** विश्व एमएसएमई दिवस पर शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूथ अड्डा का लोकार्पण, सीएम युवा मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया।

### यूथ अड्डा का आगाज, बरेली और मुरादाबाद में 18 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण

साथ ही बरेली व मुरादाबाद में 18 करोड़ रुपये की ओडीओपी सीएफसी परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार जाति, क्षेत्र या भाषा के आधार पर भेदभाव नहीं करती, बल्कि हर युवा की प्रतिभा को मंच उपलब्ध करा रही है। सीएम युवा मोबाइल ऐप के जरिये युवाओं को घर बैठे नौकरियां मिल सकेंगी। इसका उद्देश्य युवाओं को उद्यमिता , स्वरोजगार प्रदान करना है। यह ऐप युवा उद्यमी विकास अभियान का एक हिस्सा है। इसके तहत पांच लाख रूपए तक ब्याज मुक्त लोन, प्रशिक्षण एवं व्यवसाय शुरू करने के लिए विशेषज्ञों का मार्गदर्शन मिल सकेगा। इस ऐप के जरिये आनलाइन आवेदन कर ब्यौरा अपलोड कर जानकारी हासिल की जा सकती है। साथ ही इस ऐप के जरिये युवाओं को सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों ने न सिर्फ उद्यमियों की उपेक्षा की, बल्कि जातीय संघर्षों को बढ़ावा देने का कार्य भी किया। यूपी ने 24 जनवरी 2018 में पहली बार अपने स्थापना दिवस का आयोजन किया। 1950 में यूपी की स्थापना होने के बाद से लेकर 2018 तक कभी प्रदेश के स्थापना दिवस का आयोजन नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि यूथ अड्डा द्वारा नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया है। सीएम युवा मोबाइल ऐप सभी समुदायों के युवाओं को बिना किसी जातिगत भेदभाव के प्रशिक्षण, ऋण, और सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करेगा। सीएम ने ओडीओपी योजना के तहत बरेली और मुरादाबाद में 18 करोड़ रुपये की लागत से कॉमन फैसिलिटेशन सेंटर परियोजनाओं का भी लोकार्पण किया। इस योजना ने सभी जातियों के कारीगरों और उद्यमियों को समान अवसर प्रदान किए हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में 96 लाख एमएसएमई इकाइयों में 2 करोड़ से अधिक लोग कार्यरत हैं, जिनमें सभी जातियों और समुदायों के लोग शामिल हैं। बिना भेदभाव के इन इकाइयों को पांच लाख रुपये का सुरक्षा कवच और सामाजिक सुरक्षा प्रदान की है। यूपी देश में एमएसएमई में 14 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ अग्रणी है। उन्होंने कहा कि 2017 में प्रदेश का निर्यात मात्र 80 हजार करोड़ रुपये था, जो आज 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है।



### लाभार्थियों को दिया टूलकिट व चेक

मुख्यमंत्री ने औद्योगिक आख्यान खैर अलीगढ़ की पांच औद्योगिक इकाइयों और उनके प्रतिनिधियों को आवंटन पत्र वितरित किया। इस अवसर पर आयुक्त उद्योग के. विजयेन्द्र पांडियन और ह्यूमन वेलफेयर एसोसिएशन के डॉ रजनीकांत के बीच एमओयू का आदान-प्रदान हुआ। एमएसएमई प्रोत्साहन नीति के लाभार्थी मेसर्स स्किम ग्लासेज वाराणसी से प्रशांत लालवानी, जय मां दुर्गा प्लाईवुड इंडस्ट्रीज रायबरेली के जितेन्द्र बहादुर सिंह, मां अम्बे राइस मिल महाराजगंज के राजेश मधेशिया, सावित्री इंडस्ट्रीज गोरखपुर के गोविंद प्रसाद, तिरुपति बालाजी प्रिंट पैक प्रालि संत कबीर नगर के नमन वैश्य को चेक वितरित किया। इसी तरह युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत वाराणसी की अदिति सिंह, गोरखपुर के दुर्विजय, लखनऊ के पवन कुमार मिश्रा एव गरिमा पांडेय, बाराबंकी के ललित कुमार, बाराबंकी के दिवाकर तिवारी को डमी चेक सौंपा।

## भारत-चीन रिश्तों को सामान्य करने के प्रयास

तनाव दूर करने के लिए जमीनी स्तर पर ठोस कदम उठाने होंगे: राजनाथ



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन के छिंगदाओ में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन के रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान अपने चीनी समकक्ष एडमिरल डोंग जून से द्विपक्षीय मुलाकात की। दोनों नेताओं ने लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल पर शांति और स्थिरता बनाए रखने की जरूरत पर चर्चा की। एलएसी के साथ ही इस बातचीत में पहलगाम पर हुए आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर का भी जिक्र हुआ। दोनों ने इस बात को स्वीकार किया कि दोनों देशों के बीच रिश्तों को सामान्य करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही इस दिशा में स्थायी संवाद और तनाव कम करने के लिए एक रोडमैप बनाए जाने की जरूरत पर जोर दिया। राजनाथ सिंह ने बॉर्डर मैनेजमेंट और बॉर्डर डिमार्केशन के स्थायी समाधान के लिए पहले से बने मैकेनिज्म को फिर से सक्रिय करने की बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि अच्छे संबंध होने से दोनों देशों को फायदा होगा और एशिया और दुनिया में स्थिरता कायम करने में सहयोग मिलेगा। राजनाथ सिंह ने इस पर भी जोर दिया कि 2020 में बढ़े तनाव के बाद भरोसे में जो कमी आ गई थी उसे दूर करने के लिए जमीनी स्तर पर ठोस कदम उठाने होंगे। दोनों रक्षा मंत्रियों ने इस बात पर सहमति जताई कि डिसइंगेजमेंट, डीएस्केलेशन, बॉर्डर मैनेजमेंट और बॉर्डर डिमार्केशन जैसे मुद्दों पर प्रगति के लिए अलग अलग स्तरों पर बातचीत जारी रखी जाएगी।

### भूमि अधिग्रहण विवाद : मुआवजा बढ़ाने पर रोक

सुप्रीम कोर्ट ने अरुणाचल प्रदेश में भारत-चीन सीमा पर भूमि अधिग्रहण के मामले में मुआवजा बढ़ाने वाले गुवाहाटी हाई कोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी है। सीमा के पास 537 एकड़ की इस जमीन पर रक्षा संबंधी परियोजना लगाने की दृष्टि से इसे केंद्र द्वारा अधिग्रहित किया गया था। बाद में एक व्यक्ति द्वारा इस पर केस कर दिया गया था। इस मामले में गुवाहाटी हाईकोर्ट की ईटानगर पीठ ने मार्च 2025 में मुआवजा बढ़ाने का आदेश दिया था, जिसके बाद केंद्र सरकार और अन्य ने इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने इस मामले की सुनवाई की। पीठ को जानकारी दी गई कि इस मामले में केंद्र के वकील ने उच्च न्यायालय में दलील दी थी कि सरकार 10 प्रतिशत सुरक्षा जमा के रूप में जमा करने के लिए तैयार है, लेकिन अपील के निपटारे तक संवितरण को वापस लेने का कोई आदेश नहीं होना चाहिए।

## चार घंटे में होगा पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी ऑनलाइन

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** पोस्टमार्टम के लिए पीड़ित परिवारों को बहुत इंतजार नहीं करना होगा। अधिकतम चार घंटे के भीतर डॉक्टरों को शव का पोस्टमार्टम करना होगा। इसी के साथ पोस्टमार्टम की रिपोर्ट ऑनलाइन की जायेगी। इस सम्बंध में शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग ने गाइडलाइन जारी की है। प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने जारी आदेश में कहा है कि अब शव का पोस्टमार्टम अधिकतम चार घंटे के भीतर होगा। जिन जिलों में अधिक संख्या में पोस्टमार्टम हो रहे हैं। वहां सीएमओ दो या इससे अधिक डॉक्टरों की टीमें बनाकर इस संवेदनशील कार्य को संपन्न कराएं ताकि परिवारीजनों को शव के लिए अधिक इंतजार न करना पड़े। निर्देश में कहा गया है कि सूर्यास्त के बाद नियमानुसार पोस्टमार्टम कराया जाए। जल्द से जल्द शव के साथ पेपर पोस्टमार्टम हाउस भेजा जाए। रात में पोस्टमार्टम की दशा में 1000 वॉट लाइट की कृतिम व्यवस्था की जाए। दूसरे जरूरी संसाधन पर्याप्त हों। ताकि 24 घंटे पोस्टमार्टम की कार्रवाई चलती रहे।

### रात में पोस्टमार्टम, जिला मजिस्ट्रेट की अनुमति जरूरी

हत्या, आत्महत्या, यौन अपराध, क्षत-विक्षत शव व संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु संबंधी प्रकरणों में रात में पोस्टमार्टम न कराएं जाएं। हालांकि अपरिहार्य कारणों में जिला मजिस्ट्रेट व उनके अधिकृत अधिकारी की अनुमति पर रात में भी पोस्टमार्टम कराया जा सकता है। कानून व्यवस्था से जुड़े प्रकरण, एनकाउंटर, पुलिस अभिरक्षा में मृत्यु, विवाह के प्रथम 10 वर्षों में हुई महिला की मृत्यु आदि में रात में होने वाले पोस्टमार्ट की वीडियोग्राफी कराई जाए।

## 'एक देश नहीं चाहता आतंकवाद पर हो बात'

जयशंकर ने पाकिस्तान की खोली पोल, राजनाथ के फैसले का किया समर्थन

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हाल के दिनों में चीन के दौरे पर रहे। यहां पर उन्होंने स्ष्ठह्र बैठक में हिस्सा लिया। हालांकि, इस दौरान एससीओ बैठक में संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया। अब राजनाथ सिंह के इस कदम को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सही ठहराया है।दरअसल, एस जयशंकर ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर करने से इनकार करने का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि एससीओ का एक सदस्य देश संयुक्त बयान में आतंकवाद का कोई उल्लेख नहीं करना चाहता था, जबकि संगठन का गठन आतंकवाद से लड़ने के उद्देश्य से किया गया था।



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए बताया कि जब संगठन का मुख्य उद्देश्य आतंकवाद से लड़ना है और आप इसका उल्लेख करने की अनुमति नहीं दे रहे हैं, तो उन्होंने (राजनाथ सिंह) इसे स्वीकार करने में अनिच्छा व्यक्त की।वहीं, उन्होंने उस देश का नाम नहीं बताया जो परिणाम वक्तव्य में आतंकवाद का उल्लेख नहीं चाहता था। लेकिन उन्होंने पाकिस्तान पर परोक्ष कटाक्ष करते हुए कहा कि आप अनुमान लगा सकते हैं कि कौन सा देश ऐसा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि एससीओ सर्वसम्मति से चलता है। इसलिए राजनाथ जी ने स्पष्ट रूप से कहा कि अगर बयान में आतंकवाद का उल्लेख नहीं है, तो हम इस पर हस्ताक्षर नहीं करेंगे।

जानकारी दें कि चीन के क़िंगदाओ की यात्रा पर गए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया था। उन्होंने इस दौरान आतंकवाद संबंधी चिंताओं, विशेष रूप से 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकवादी हमले, जिसमें 26 लोग मारे गए थे, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे, के समाधान में विफलता का हवाला दिया था। बताया जा रहा है कि संयुक्त वक्तव्य में पहलगाम हमले का उल्लेख नहीं किया गया, लेकिन इसमें 11 मार्च को बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी द्वारा पाकिस्तान में जाफर एक्सप्रेस अपहरण का उल्लेख किया गया।

## कोलकाता के लॉ कॉलेज में छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के कस्बा इलाके में एक लॉ छात्रा से कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। मामले में तीन लोगों को

### तीन गिरफ्तार, बीजेपी ने ममता सरकार को घेरा

गिरफ्तार किया गया है। यह हमला कथित तौर पर बुधवार को शाम को हुई। गिरफ्तार किए गए तीन लोगों में दो मौजूदा छात्र हैं और तीसरा एक पूर्व छात्र है। आरोपी के वकील आजम खान ने बताया कि सामूहिक दुष्कर्म का आरोप है। महिला ने आरोप लगाया है कि कॉलेज परिसर में उसके साथ कुकर्म किया गया। कोर्ट ने मंगलवार, 1 जुलाई तक पुलिस हिरासत दी है। पीड़ित की शिकायत के बाद कस्बा पुलिस स्टेशन ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सूत्रों के मुताबिक, आरोपियों में 31 साल के मोनोजीत मिश्रा (कॉलेज के पूर्व इकाई अध्यक्ष), 19 साल के जैब अहमद और 20 साल के प्रमित मुखर्जी (प्रमित मुखोपाध्याय) शामिल हैं। दो आरोपियों मोनोजीत और अहमद को 26 जून की शाम को कोलकाता में तालबगान क्रॉसिंग के पास सिद्धार्थ शंकर शिशु रॉय उद्यान के सामने से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के समय उनके मोबाइल फोन जब्त कर लिए गए। तीसरे आरोपी प्रमित को 27 जून को सुबह 12.30 बजे उनके घर से गिरफ्तार किया गया और उनका मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया गया।

## मंत्री मीणा के छापों की गूंज दिल्ली तक

**नई दिल्ली।** राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा की अगुवाई में नकली खाद और बीज के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ने अब राष्ट्रीय स्तर पर भी चर्चा का विषय बना लिया है। राज्यभर में मिलावटी खाद और नकली बीज बनाने व बेचने वाली कंपनियों पर की जा रही सख्त कार्रवाई का जिक्र अब दिल्ली तक हो रहा है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी इस कार्रवाई की सराहना की है और संकेत दिए हैं कि जल्द ही केंद्र सरकार भी इस दिशा में कड़े कदम उठाएगी। दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, राजस्थान में जैसे छापे पड़े हैं, वैसी ही कार्रवाई अब देशभर में होगी। जो भी नकली खाद और बीज बनाएगा, उसे किसी भी कीमत पर छोड़ा नहीं जाएगा।

## विमान में बम की अफवाह से हड़कंप

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-3 पर बम की धमकी से अफरातफरी मच गई। हालांकि, जांच के बाद अधिकारियों ने बताया कि यह झूठी खबर थी। बताया गया कि स्टाफ के एक कर्मचारी को सुबह करीब 4¬42 बजे दिल्ली के टर्मिनल-3 पर एक विमान में बम की धमकी वाला एक कागज मिला। इसके बाद आनन-फानन में तलाशी ली गई, जिसके बाद दिल्ली अग्निशमन सेवा ने इसे झूठी खबर बताया। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अनुसार, गुरुवार सुबह 4¬42 बजे एक कॉल प्राप्त हुई थी, और उसके बाद तलाशी अभियान चलाया गया। अभी इस मामले में आगे की जांच चल रही है।

## सीएम के काफिले की 19 गाड़ियों में डीजल की जगह भर दिया पानी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के रतलाम जिले में एमपी राइज 2025' रीजनल कॉन्क्लेव में शामिल होने आ रहे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के

### प्रशासन में हड़कंप पेट्रोल पंप सील

काफिले की गाड़ियों में डीजल की जगह पानी भरे जाने का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यह घटना गुरुवार देर रात ढोसी गांव स्थित भारत पेट्रोलियम के %शक्ति फ्यूल्स' पेट्रोल पंप पर घटी। इंदौर से सीएम काफिले के लिए बुलाई गई करीब 19 इनोवा गाड़ियां जब डीजल भरवाने के लिए इस पेट्रोल पंप पर पहुंचीं, तो वहां से ईंधन भरने के कुछ ही देर बाद वे एक-एक कर बंद हो गईं। वाहन चालकों ने तत्काल पेट्रोल पंप पर शिकायत की और प्रशासन को सूचित किया। सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार आशीष उपाध्याय, खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी आनंद गोरे और अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान सभी वाहनों के डीजल टैंक खाली करवाए गए, जिनमें से बड़े पैमाने पर पानी निकला। एक वाहन में जहां 20 लीटर डीजल डलवाया गया था, उसमें से करीब 10 लीटर पानी निकला। अन्य वाहनों में भी यही स्थिति देखने को मिली। इस घटना के बाद प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से पेट्रोल पंप को सील कर दिया है। मौके पर भारत पेट्रोलियम के क्षेत्रीय प्रबंधक श्रीधर भी पहुंचे।

## कक्षा एक से हिंदी अनिवार्य करना सही नहीं : पवार

**मुंबई।** महाराष्ट्र में हिंदी भाषा के मुद्दे पर राजनीतिक माहौल गरमाया हुआ है। राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे के बाद शरद पवार ने भी सरकार के फैसले पर सवाल उठाए

### 5वीं के बाद पढ़ाई जाए

हैं। एनसीपी-शरद गुट के प्रमुख का कहना है कि पहली क्लास से हिंदी की अनिवार्यता उचित नहीं है। शरद पवार ने शुक्रवार को कोल्हापुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान हिंदी भाषा विवाद को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा, इसके दो पहलू हैं। पहली कक्षा से प्राथमिक विद्यालयों में हिंदी को अनिवार्य करना सही नहीं है। पांचवीं कक्षा से हिंदी सीखना छात्र के हित में है। आज देश में करीब 55 फीसदी लोग हिंदी बोलते हैं। हिंदी को



नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। पवार ने आगे कहा, महाराष्ट्र में लोग हिंदी के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन अभी पहली क्लास से ही बच्चों पर नई भाषा थोपना ठीक नहीं है। वहां मातृभाषा महत्वपूर्ण है। उन्होंने महाराष्ट्र की राजनीति में उठते विरोध की ओर इशारा करते हुए कहा कि दोनों ठाकरे (उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे) हिंदी की अनिवार्यता के खिलाफ हैं। बता दें कि राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे ने हिंदी भाषा का विरोध करते हुए आंदोलन करने का ऐलान किया है। 6 जुलाई को राज ठाकरे की ओर से मुंबई में मार्च निकाला जाना है, जबकि उद्धव ठाकरे की ओर से 7 जुलाई को आंदोलन की घोषणा की गई है।

शरद पवार इन विरोध प्रदर्शनों में हिस्सा लेंगे या नहीं, इस पर शुक्रवार को उन्होंने अपनी स्थिति जाहिर की। पवार ने कहा, मैंने दोनों ठाकरे के बयान पढ़े हैं। मैं मुंबई जाकर समझूंगा कि वो क्या कह रहे हैं। मैं मुंबई जाकर उनसे मिलूंगा। हो सकता है कि आप सिर्फ कहने मात्र से इसमें भाग न ले पाएं, लेकिन यदि मुद्दा आपकी रुचि का है और आप हिस्सा लेना चाहते हैं तो आपको ठीक से समझना चाहिए कि उनकी नीति क्या है।

## राजा हत्याकांड में ड्रग्स की एंट्री

**नई दिल्ली।** इंदौर के राजा रघुवंशी मर्डर केस में आए दिन नए-नए खुलासे हो रहे हैं। अब राजा रघुवंशी के भाई ने दावा किया है कि सोनम

### भाई का दावा- सोनम और राज नशा लेते थे

### थर्ड डिग्री देकर पूछताछ की मांग

और उसका कथित प्रेमी राज कुशवाहा ड्रग्स लेते थे। राजा के भाई ने कहा कि थर्ड डिग्री देकर आरोपियों से पूछताछ होना चाहिए। विपिन ने कहा कि राजा के मर्डर केस में आरोपी आनंद और आकाश अपने बयान से पलट चुके हैं। पूरी संभावना है कि राज और सोनम भी अपने बयान से पलट जाएंगे। राजा के भाई विपिन रघुवंशी ने कहा कि इसलिए हम शुरू से दोनों के नार्को टेस्ट की मांग कर



रहे हैं। राजा के भाई विपिन रघुवंशी ने मीडिया से बातचीत में दावा किया कि सोनम और राज दोनों ड्रग्स का सेवन करते थे, और यही उनकी आपराधिक गतिविधियों की एक बड़ी वजह हो सकती है।विपिन ने कहा कि राजा के साथ विश्वासघात हुआ है। सोनम और राज न केवल व्यक्तिगत रूप से करीब थे, बल्कि नशे की लत में भी एक-दूसरे के साथी थे। राज ड्रग्स लेता था और सोनम भी उसी के साथ ड्रग्स लेने लगी थी।

## अमरनाथ यात्रा पर मंडरा रहा आतंकी हमले का खतरा

**उधमपुर।** जम्मू-कश्मीर के जिला उधमपुर के दूरदराज व पहाड़ी क्षेत्र बसंतगढ़ के घने जंगलों में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को मार गिराया, जो समूह का

### उधमपुर के बसंतगढ़ में जैश का एक आतंकवादी ढेर, तीन को घेरा

सरगना बताया जा रहा है, जबकि तीन आतंकी अभी भी घेरे में हैं। मारे गए आतंकी और उसके साथियों के पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) से जुड़े होने की पुष्टि हुई है। इन आतंकियों के पास अत्याधुनिक एम-4 कार्बाइन जैसे हथियार हैं। मुठभेड़ के बाद सुरक्षाबलों ने पूरे क्षेत्र को घेर लिया है और ऑपरेशन अभी भी जारी है। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, ऑपरेशन को 'ऑपरेशन बिहाली' नाम दिया गया है और यह सेना की व्हाइट नाइट कोर और जम्मू-कश्मीर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई है। खुफिया जानकारी के आधार पर गुरुवार सुबह सुरक्षा बलों ने बसंतगढ़ के बिहाली जंगलों में तलाशी अभियान शुरू किया। सुबह करीब साढ़े आठ बजे आतंकियों के साथ आमना-सामना होने पर दोनों ओर से गोलीबारी शुरू हो गई। सुरक्षा बलों का कहना है कि घेरे में अभी तीन आतंकी फंसे हुए हैं, जिनके मारे जाने की संभावना है। आतंकियों के भागने के सभी रास्तों को बंद करने के लिए विभिन्न दिशाओं से अतिरिक्त सुरक्षाबल भेजे गए हैं।

## अहमदाबाद में पहली बार भगवान जगन्नाथ को मिला गार्ड ऑफ ऑनर

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में भगवान श्री जगन्नाथ की 148वीं रथयात्रा पारंपरिक उल्लास और धार्मिक श्रद्धा के साथ शुरू हो चुकी है। इस खास मौके पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने श्री जगन्नाथ मंदिर में आयोजित मंगला आरती में परिवार समेत हिस्सा लिया और महाप्रभु के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने रथयात्रा की विधिवत शुरुआत

### मंगला आरती में शामिल हुए अमित शाह

की और पारंपरिक पाहिंद विधि का पालन करते हुए भगवान के रथ के सामने सोने की झाड़ू लगाकर यात्रा का शुभारंभ किया। ये विधि सेवा और समर्पण का प्रतीक मानी जाती है। गृह मंत्री अमित शाह ने मंगला आरती के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, रथयात्रा के पावन अवसर पर श्री जगन्नाथ मंदिर, अहमदाबाद की मंगला आरती में शामिल होना अपने आप में दिव्य और अलौकिक अनुभव होता है। महाप्रभु की मंगला आरती में शामिल होकर दर्शन-पूजन किया। महाप्रभु सभी पर अपना आशीर्वाद बनाए रखें। इसके पहले अमित शाह ने देशवासियों को श्री जगन्नाथ रथयात्रा को लेकर



शुभकामनाएं दीं। शाह ने 'एक्स' पर लिखा, जय जगन्नाथ! सभी को श्री जगन्नाथ रथयात्रा के पावन उत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं। श्री जगन्नाथ जी की रथयात्रा आस्था और विश्वास का अनूठा संगम है, जो बताती है कि भक्ति, संस्कृति और विरासत को एक साथ सहेजते हुए आगे बढ़ते रहना हमारे मूल में है। महाप्रभु जगन्नाथ, वीर बलभद्र और माता सुभद्रा से सभी के कल्याण व उन्नति की कामना करता हूं। भगवान जगन्नाथ को अहमदाबाद में ओडिशा के पुरी की तरह 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया।

### जगन्नाथ हैं तो जीवन है : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा शुरू होने पर बधाई दी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए उन्होंने देशवासियों के उत्तम स्वास्थ्य और समृद्धि की मंगलकामना की। प्रधानमंत्री ने बधाई संदेश के अलावा अपने पोस्ट के साथ एक वीडियो भी साझा किया है, जिसमें वो भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा के बारे में बता रहे हैं। वीडियो संदेश में कहा गया, महाप्रभु हमारे लिए अराध्य भी हैं, प्रेरणा भी हैं। जगन्नाथ हैं, तो जीवन है। भगवान जगन्नाथ जनता जनार्दन को दर्शन देने के लिए नगर भ्रमण के लिए जा रहे हैं।

### हाथी हुआ बेकाबू

अहमदाबाद में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा में शुक्रवार सुबह 10 बजे एक हाथी बेकाबू हो गया और 100 मीटर तक भागा। इसके बाद रथ यात्रा में भगदड़ सी मच गई। लोग इधर-उधर भागते दिखे। बेकाबू हुआ हाथी 17 हाथियों के ग्रुप में सबसे आगे चल रहा था। जानकारी के मुताबिक, हाथी डीजे और सीटी की आवाज से बेकाबू हुआ था। हाथी को वन विभाग के अमले ने दो मादा हाथियों की मदद से काबू में किया। इसके बाद उसे और दोनों मादा हाथियों को जुलूस से हटा दिया गया। बाकी यात्रा में 14 हाथी शामिल हुए। खाड़िया क्षेत्र के पास जैसे ही रथ पहुंचा, सबसे आगे चल रहा नर हाथी अचानक उत्तेजित हो गया।



स्वतंत्र भारत
epaper : epaper.swatantrabharat.net web portal : epaper.swatantrabharat.net

# बिजली कर्मियों की उत्पीड़नात्मक कार्रवाई का जरिया बना स्टेट विजिलेंस

## चेतावनी सभा में बिजली कर्मियों ने लिया सामूहिक जेल भरो का संकल्प



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर शुक्रवार को प्रदेश भर में बिजली कर्मियों ने पावर कारपोरेशन में लागू आपातकाल के विरोध में समस्त जनपदों, परियोजनाओं और राजधानी लखनऊ में सभा कर चेतावनी दिवस मनाया। वक्ताओं ने पावर कारपोरेशन प्रबंधन को चेतावनी दी कि उत्पीड़न, दमन और झूठे आंकड़ों के दम पर बिजली का निजीकरण नहीं होने दिया जायेगा। चेतावनी सभा में बिजली कर्मियों ने निजीकरण के विरोध में सामूहिक जेल भरो अभियान चलाने का संकल्प लिया। संघर्ष समिति ने स्टेट विजिलेंस के माध्यम से संघर्ष समिति के शीर्ष पदाधिकारियों का उत्पीड़न किये जाने की घोर निंदा करते हुए पावर कारपोरेशन के चेयरमैन डा. आशीष गोयल की परिसम्पत्तियों की विजिलेंस से जांच कराये जाने की मांग की। संघर्ष समिति ने कहा कि पावर कारपोरेशन के चेयरमैन द्वारा उत्पीड़न की दृष्टि से हजारों ट्रांसफर किये गये, संविदा कर्मियों को निकाला गया और कर्मचारी सेवा नियमावली में अलोकतांत्रिक संशोधन कर बिना जांच और बिना सफाई का अवसर दिये, सेवा से बर्खास्त करने का तानाशाहीपूर्ण संशोधन किया गया। इन सबसे बिजली कर्मियों को डराने में असफल रहने पर चेयरमैन ने अब स्टेट विजिलेंस के जरिये एफआईआर कराने का रास्ता निकाला है, जिससे बिजली कर्मियों में उबाल आ गया है। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की कि पावर कारपोरेशन के चेयरमैन डा. आशीष गोयल की जयपुर, रानीखेत, ग्रेटर नोएडा, नोएडा, मथुरा के मकानों, जमीन और अन्य परिसम्पत्तियों की निष्पक्ष विजिलेंस जांच करायी जाये। उन्होंने कहा कि पावर कारपोरेशन के चेयरमैन पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के लिए इतने उतावले हो गये हैं कि वे अब उत्पीड़न के नाम पर संघर्ष समिति के पदाधिकारियों पर मनगढ़ंत एफआईआर कराने पर आमादा हो गये हैं। उन्होंने कहा कि प्रबंधन के इस कदम से बिजली कर्मियों में भारी गुस्सा व्याप्त हो गया है। संघर्ष समिति ने बताया कि 22 जून की बिजली महापंचायत से बौखलाये पावर कारपोरेशन के चेयरमैन और शासन के कुछ अधिकारियों ने मिलीभगत कर स्टेट विजिलेंस के माध्यम से संघर्ष समिति के कुछ बड़े पदाधिकारियों पर एफआईआर दर्ज करायी है। एफआईआर के माध्यम से बिजली कर्मियों को डराने और उत्पीड़न की कार्रवाई के पीछे केवल निजीकरण है। उन्होंने बताया कि आय से अधिक सम्पत्ति के मामले में प्रबंधन एवं प्रशासन द्वारा झूठे और मनगढ़ंत आंकड़ों के आधार पर एफआईआर करायी गयी है। यहां तक कि एफआईआर में आंकड़ों के मैनीपुलेशन में जोड़ घटाव की गलती साफ दिखाई दे रही है, जो इस बात का प्रमाण है कि यह एफआईआर जल्दबाजी में डराने और बदनाम करने के लिए की गयी है। उधर वाराणसी, आगरा, मेरठ, कानपुर, गोरखपुर, मिर्जापुर, आजमगढ़, बस्ती, अलीगढ़, मथुरा, एटा, झांसी, बांदा, बरेली, देवीपाटन, अयोध्या, सुल्तानपुर, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बुलंदशहर, नोएडा, गाजियाबाद, मुरादाबाद, हरदुआगंज, जवाहरपुर, परीक्षा, पनकी, ओबरा, पिपरी और अनपरा में शुक्रवार को हुई चेतावनी सभा में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया।

# भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का भव्य आयोजन

## बड़े भाई बलराम और बहन सुभद्रा भी रथ पर सवार

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालु बड़े ही उत्साह और भक्तिभाव के साथ शामिल हुये। यह वार्षिक उत्सव शहर के कई हिस्सों, विशेष रूप से पश्चिमी लखनऊ और चौक क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। इस यात्रा में भगवान जगन्नाथ, उनके बड़े भाई बलभद्र, बहन सुभद्रा की मूर्तियों को रंग-बिरंगे फूलों और आकर्षक सजावट से सुसज्जित रथों पर विराजित कर नगर भ्रमण कराया गया। राजाजीपुरम में रथ यात्रा संयोजक करुण कृष्ण दास (करुणेश) ने बताया कि यह यात्रा हर साल की तरह इस बार भी राजाजी पुरम के सेक्टर 12 स्थित अमर बलिदानी पंडित राम प्रसाद बिस्मिल पार्क से प्रारंभ हुई है। यह यात्रा बाबा की बगिया, सपना कॉलोनी, मिनी स्टेडियम, रूपम टेलर चौराहा, राजू श्रीवास्तव चौराहा, ई ब्लॉक मार्केट, टैक्सी स्टैंड, शहीद भगत सिंह चौराहा, श्री घंटेश्वर शनिदेव मंदिर होते हुए पुनः प्रारंभ स्थल पर पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि यात्रा से पूर्व भगवान को 221 प्रकार के व्यंजनों का राजभोग लगाया गया, जिसमें 108 प्रकार के भोजन व 56 प्रकार की मिठाइयां व 56 प्रकार की नमकीन भोग शामिल रहे। भोग की खास बात यह रही कि 108 प्रकार व्यंजन समाज के सभी वर्गों के भक्तों द्वारा उनके घरों पर ही निर्मित किया गया। वहीं भक्तों के बनाये विशेष वस्त्र और आभूषणों को भगवान को धारण कराये गए। भोग के बाद विद्यार्थियों द्वारा मधुर भजन कीर्तन का गायन किया गया। भगवान की आरती कर भगवान की रथ यात्रा शुरू हुई है। संयोजक करुण कृष्ण दास (करुणेश) ने यह भी बताया कि 4 किलोमीटर की यात्रा लगभग 4 घंटे में संपन्न होगी। इसके अलावा कपूरथला स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर और चौक के प्रसिद्ध बड़ी काली जी मंदिर से भी रथ यात्रा का शुभारंभ विधि-विधानपूर्वक पूजन-अर्चन के साथ हुआ। रथ यात्रा के दौरान भक्तों ने भजनों और कीर्तन के साथ भगवान जगन्नाथ के जयकारे लगाए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए थे। ड्रोन कैमरों और पैदल गश्त के जरिये संवेदनशील क्षेत्रों में कड़ी निगरानी की जा रही है, जिससे आयोजन शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रहे। यात्रा मार्ग पर जगह-जगह भक्तों के लिए जलपान और प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी की गई है।

■ हजारों श्रद्धालुओं ने लिया हिस्सा

# माक पार्लियामेंट में लोकतन्त्र सेनानियों का हुआ सम्मान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि लोकतन्त्र को मजबूत करने मे युवाओं की भागीदारी निर्णायक सिद्ध हो रही है। लोकतंत्र को और अधिक मजबूत व सशक्त करने का यही समय है,सही समय है। देश के प्रत्येक नागरिक के खून मे लोकतन्त्र समाया हुआ है। लोकतंत्र सेनानियों ने आपातकाल लगाकर संविधान का दुरूपयोग करने का माकूल जवाब दिया था। 25 जून 1975 को आपातकाल थोपकर नागरिक अधिकारों का हनन किया गया था। वह दुर्भाग्यपूर्ण कालखण्ड था। श्री मौर्य शुक्रवार को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के बी टेक आडीटोरियम मे आयोजित माक पार्लियामेंट को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर लोकतन्त्र सेनानियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने बी. टेक. ऑडिटोरियम में भारतीय संविधान के प्रति जागरूक करने वाली लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण की दिशा में जब युवा शक्ति सोचती है, तो देश की दिशा और दशा बदल जाती है। यह जागरूकता, यह चेतना प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एक जन आंदोलन का स्वरूप ले चुकी है, जिसमें लोकतंत्र के प्रति युवाओं की भागीदारी निर्णायक सिद्ध हो रही है। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि लोकतंत्र को अटल व अमर रखने के लिये युवा हमेशा आगे बढ़कर अपना योगदान दें। उन्होने आपातकाल के दौरान लोकतंत्र सेनानियों द्वारा दिखाये गये साहस व शौर्य की चर्चा करते हुये कहा कि कानपुर की धरती क्रान्ति व सकारात्मक विचारों की धरती है। श्री मौर्य ने कहा कि लोकतान्त्रिक व संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिये डबल इन्जन सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हमारा संविधान विश्व का सर्वश्रेष्ठ संविधान है।आपातकाल जैसा दिन हमारी सरकार कभी नहीं आने देगी।आपातकाल से जुड़े चुनिंदा लोगों से अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह न केवल आपातकाल के स्मरण का अवसर है, अपितु गहन चिंतन और लोकतांत्रिक व संवैधानिक मूल्यों के प्रति नई प्रतिबद्धता का अवसर भी है। आपातकाल के दौरान आयी समस्याओ व विपत्तियो के सम्बन्ध मे विस्तार से प्रकाश डाला। भारतीय लोकतंत्र की जड़ो को मजबूत करने व संवैधानिक मर्यादाओ को बनाये रखने के लिये दिये गये प्रेरक उद्बोधन मे उन्होंने जहाँ संवैधानिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता जताई, वहीं नयी पीढ़ी मे नव चेतना, नव जागृति पैदा करने के लिए नयी ऊर्जा व नये उत्साह का संचार किया। भारत को पूरी दुनिया मे लोकतंत्र की जननी के रूप में जाना जाता है। भारत ने हमेशा से लोकतांत्रिक मूल्यों और विमर्श का समर्थन किया गया है। वर्तमान सरकार द्वारा लोकतांत्रिक मूल्यों की हमेशा रक्षा की गई है। अब कभी भी भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों को कुचलने नही दिया जायेगा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का गला नही घोंटने दिया जायेगा।

## खबर एक नज़र

### राजभवन उच्च प्राथमिक विद्यालय में नामांकन को प्रोत्साहन शिविर का आयोजन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के निर्देश पर 23 जून से राजभवन के आस-पास के क्षेत्रों में नामांकन प्रोत्साहन हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 27 जून को 34-हजरतगंज/रामतीर्थ वार्ड स्थित 06 पार्क रोड, बुद्ध विहार हैदर कैनाल बस्ती तथा 17-महात्मा गांधी विक्रमादित्य वार्ड के पीडब्लूडी कॉलोनी क्षेत्र में एक नामांकन प्रोत्साहन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में राजभवन के अधिकारियों, विद्यालय के विद्यार्थियों तथा बेसिक शिक्षा विभाग के कर्मचारियों द्वारा स्थानीय अभिभावकों व बच्चों को राजभवन उच्च प्राथमिक विद्यालय में नामांकन हेतु प्रेरित किया गया। शिविर के दौरान पीपीटी प्रस्तुति एवं जनसंपर्क के माध्यम से विद्यालय में उपलब्ध गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुविधायुक्त शिक्षण वातावरण एवं अन्य शैक्षणिक लाभों के बारे में जानकारी दी गई।

### अंतरिक्ष यात्री की ऐतिहासिक उपलब्धि पर मंत्री ने दी बधाई

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने गुरुवार को भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के आवास पर पहुंचकर उन्हें अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए उड़ान भरने की ऐतिहासिक उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। श्री सिंह ने कहा कि शुभांशु शुक्ला की यह ऐतिहासिक उपलब्धि प्रदेश ही नहीं, संपूर्ण भारतवर्ष के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। इस उपलब्धि से देश के युवाओं को विज्ञान, अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा बिष्ट यादव एवं लखनऊ उत्तर विधान सभा क्षेत्र के विधायक भी उपस्थित रहे। सभी ने शुभांशु शुक्ला के परिजनों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### प्रदेश की आम विविधता का भव्य प्रदर्शन करेगा आम महोत्सव

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने अवध शिल्पग्राम में 4 से 6 जुलाई तक आयोजित होने वाले यूपी आम महोत्सव-2025 की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान श्री सिंह ने आयोजन स्थल पर की जा रही व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आम प्रदर्शनी, आम व्यंजन प्रतियोगिता, बागवानी नवाचार स्टॉल, किसानों के लिए तकनीकी सत्र तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियां समयबद्ध एवं सुनियोजित ढंग से पूरी की जाएं। श्री सिंह ने कहा कि यह महोत्सव प्रदेश की आम विविधता का भव्य प्रदर्शन करेगा तथा निर्यात, प्रसंस्करण और आधुनिक बागवानी तकनीकों को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होगा। महोत्सव में देश-विदेश से निर्यातक, आम उत्पादक, बागवान, वैज्ञानिक और आम प्रेमी भाग लेंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि आम की विभिन्न प्रजातियों की प्रदर्शनी को अधिक आकर्षक और जनरुचिकर बनाया जाए। साथ ही, आम उत्पादों के प्रचार-प्रसार हेतु सभी माध्यमों से सक्रिय प्रचार रणनीति अपनाई जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग महोत्सव से जुड़ सकें।

# जिलों में पकड़ी गई बिजली चोरी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि. के प्रबंध निदेशक के निर्देश एंव अपर पुलिस अधीक्षक मध्यांचल डिस्काम के नेतृत्व में विजिलेंस टीम ने जिलों में विद्युत चोरी पकड़ी है। इसके चलते प्रभारी प्रवर्तन दल लेसा-द्वितीय ने विद्युत चोरी चेकिंग के दौरान उपभोक्ता रामकिशोर पुत्र सीताराम निवासी ग्राम बेहटा बीकेटी को परिसर में एलटी लाइन से एक अतिरिक्त केबिल जोड़कर एलएमवी-1 में 6 किलोवाट विद्युत भार का उपभोग करते पाया गया। इसी तरह प्रभारी प्रवर्तन दल लेसा-तृतीय ने संयुक्त सघन चेकिंग के दौरान उपभोक्ता मारिया पुत्र फारूक निवासी 420/98 काजूबाग कटरा मो. अली खां ठाकुरगंज थाना ठाकुरगंज को परिसर पर लगे मीटर की इनकमिंग केबिल से बाईपास करके 05 कलोवाट विद्युत भार का उपभोग घरेलू विधा में करते पाया गया। यही नहीं प्रभारी प्रवर्तन दल अमेठी ने विद्युत चोरी चेकिंग के दौरान दो उपभोक्ताओं को विद्युत चोरी करते पकड़ा है। इनमें से पहला उपभोक्ता विश्वनाथ शुक्ला पुत्र भगवती प्रसाद शुक्ला निवासी ग्राम घटमापुर थाना अमेठी जो अपने परिसर के नजदीक आ रही एलटी लाइन से दो कोर की केबिल लगाकर परिसर पर स्थापित मीटर संख्या 6592929 की इनकमिंग/आउटगोइंग जुड़ी नहीं नही पायी गयी। सीधी आपूर्ति से 5 किलोवाट विद्युत भार का उपभोग करते पाया गया। इसी तरह दूसरे उपभोक्ता राम यश पाण्डेय पुत्र बैजनाथ पाण्डेय निवासी ग्राम घटमापुर थाना अमेठी को भी एलटी लाईन से दो कोर की केबिल लगाकर परिसर पर स्थापित मीटर संख्या 1773638 की इनकमिंग/आउटगोइंग काटकर मीटर गायब कर सीधी आपूर्ति से 7 किलोवाट विद्युत भार का उपभोग करते पाया गया। इसके अलावा प्रभारी प्रवर्तन दल बरेली प्रथम ने विद्युत चोरी चेकिंग के दौरान उपभोक्ता गुलशन पत्नी मोईन निवासी सतीपुर रोड पीली मिट्टी नाले के किनारे थाना बारादरी जनपद बरेली को एलटी पोल से आ रही मेन सर्विस केबिल में मौके पर मापक से पूर्व कट लगाकर 8 किलोवाट विद्युत भार का उपभोग करते पाया गया।

## नार्वे रवाना हुआ सीएमएस छात्र दल

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस का पाँच सदस्यीय दल एक माह के 'अन्तर्राष्ट्रीय बाल शिविर' में प्रतिभाग हेतु नार्वे रवाना हो गया। नार्वे रवाना हुए इस दल के छात्र सदस्यों में वैभवी तिवारी, आबिदा हुसैन अंसारी, आद्या भटनागर एवं अविघ्न कुशवाहा शामिल हैं जबकि छात्र दल का नेतृत्व विद्यालय की शिक्षिका सुश्री साक्षी सिंह कर रही हैं। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इंग्लैण्ड की चिल्ड्रेन्स इण्टरनेशनल समर विलेज संस्था (सी.आई.एस.वी.) के तत्वावधान में आयोजित यह अन्तर्राष्ट्रीय बाल शिविर 27 जून से 24 जुलाई तक नार्वे के ट्रोंडेलाग शहर में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें कई देशों के 11 से 12 वर्ष उम्र के छात्र अपने शिक्षकों के नेतृत्व में प्रतिभाग कर रहे हैं।

## डीआरएम से मिले जेडयूसीसी के सदस्य

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** शुक्रवार को लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक से ज़ोनल रेलवे यूज़र्स कंसल्टेटिव कमेटी के सदस्य दीपक भारद्वाज ने भेंट की और यात्रियों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को विस्तार से उठाया। इस अवसर पर लखनऊ से जेडयूसीसी के सक्रिय सदस्य शौर्य पांडे भी उपस्थित रहे।श्री भारद्वाज ने बताया कि चारबाग स्टेशन पर पीने के पानी की व्यवस्था अपर्याप्त है। गर्मी के मौसम में यात्रियों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। प्लेटफॉर्मों पर और अधिक वाटर कूलर लगाने और मौजूदा इकाइयों के नियमित रखरखाव की मांग की गई। स्टेशनों पर बंदरों के उत्पात की समस्या को गंभीर बताया गया। यात्रियों के खाने के सामान को छीना जाना, सामान को नुकसान पहुंचाना और बच्चों व बुजुर्गो को डराना आम घटनाएं बन चुकी हैं। अनुरोध किया गया कि वन विभाग के सहयोग से प्रभावी समाधान निकाला जाए। उन्होंने कहा कि यह ध्यान दिलाया गया कि कुछ महत्वपूर्ण ट्रेनों के स्टेशनों पर ठहराव का समय बहुत कम है, जिससे विशेषकर बुजुर्ग और भारी सामान वाले यात्रियों को चढ़ने-उतरने में कठिनाई होती है। समय बढ़ाने की मांग गाड़ी संख्या 12553 वैशाली एक्सप्रेस 12555 गोरखधाम एक्सप्रेस, 15273 सत्याग्रह एक्सप्रेस में कुछ अतिरिक्त समय मिलने से यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा में सुधार होगा। 15026 (आनंद विहार मऊ एक्सप्रेस) का 'का मालीपुर' स्टेशन पर क्षेत्रीय यात्रियों की सुविधा के लिए इस गाड़ी का ठहराव दिए जाने की मांग रखी गई। यह स्टेशन स्थानीय यात्रियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बनता जा रहा है और इससे संपर्क व्यवस्था बेहतर होगी। बैठक में यह भी कहा गया कि कई ट्रेनों का कुल यात्रा समय बढ़ गया है, जिससे यात्री परेशान हैं। समय-सारणी की समीक्षा कर ट्रेनों की संचालन गति में सुधार की आवश्यकता जताई गई। डीआरएम ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि इन बिंदुओं की विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। संबंधित विभागों को सूचित कर समाधान की दिशा में ठोस प्रयास किए जाएंगे।

# चैंपियन बनने को आठ टीमों के बीच होगी रोमांचक जंग

## सेज मैदान पर नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया



**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** 1090 चौराहे के निकट स्थित सेज क्रिकेट मैदान में प्रथम सेज नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत शुक्रवार से हुई। इस टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेल को बढ़ावा देने को प्रदेश भर में इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जा रहा है। सेज मैदान में क्रिकेट मुकाबलों के लिए मुफीद साबित हो रहा है। खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध है। इस दस दिवसीय टूर्नामेंट में स्ट्रांग ब्रेकर्स, एचटीपीएल स्काई ईगल्स, एमेजिंग चैलेंजर्स, गैक्सिया इलेवन, लखनऊ थंडर्स, एफर्ट इलेवन, ओल्ड स्कूल एसएस, सेज क्लब की टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। सभी मैच 20-20 ओवर में होंगे जो रोज रात में सात बजे शुरू होंगे। सेज स्टेडियम संचालक और टूर्नामेंट के आयोजन सचिव ब्रजेश ने बताया कि स्टेडियम में सात पिच अभ्यास के लिए उपलब्ध हैं। स्टेडियम में पिच क्यूरेटर की तैनाती की गई जो मैच के लिए बेहतर विकेट तैयार करते हैं। साथ ही मानकों के अनुरूप प्रशिक्षकों की तैनाती की गई है। अगले एक महीने तक यहां पर होने वाले टूर्नामेंट में लोगों को शानदार क्रिकेट देखने को मिलेगी।

## ब्लाक मिशन मैनेजरों को दिया गया प्रशिक्षण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** दीन दयाल उपाध्याय ग्राम्य विकास संस्थान बख्शी का तालाब में विभिन्न सरकारी, अर्धसरकारी विभाग /संस्थाओ के अधिकारियों व कर्मचारियों, विभाग व रचनात्मक कार्यों से जुड़े लोगों को प्रशिक्षण देकर उन्हें और अधिक दक्ष व सक्षम बनाने का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में संस्थान प्रांगण के विभिन्न प्रशिक्षण कक्षों में महानिदेशक संस्थान एल वेंकटेश्वर लू के प्रशासनिक नियंत्रण में समानान्तर रूप से अद्यतन स्थिति में तीन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मिशन निदेशक के सहयोग से क्रमशः 23 से 26 जून की अवधि में ग्रामीण आजीविका मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कुल 71 ब्लाक मिशन मैनेजर्स हेतु 04 दिवसीय आवासीय, डिटेल्स प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) विषयक उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम की अवधि में ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत कुल 25 ब्लाक मिशन मैनेजर्स हेतु 04 दिवसीय आवासीय, एफएनएचएसडब्ल्यू माड्यूल-1 एवं एमआईएस विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत महिला समूहों की दीदियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए 25 जून से 27 जून की अवधि में, कुल 48 ब्लाक मिशन मैनेजर हेतु 03 दिवसीय आवासीय मधुमक्खी पालन विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।मधुमक्खी पालन विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम पर प्रासंगिक या सुसंगत विचारों को प्रकट किया गया। विशेष रूप से डा शाक्य द्वारा एग्रोफार्मिंग व मधुमक्खी पालन के बारे मे विस्तृत रूप से बताया गया। इस्कान संस्था के विचारक दिव्य मिताई दास द्वारा अच्छे ढंग से मक्खी एवं मधुमक्खी के व्यवहारिक स्वाभाव में रोचकपूर्ण परिवर्तन बताया कि मक्खी रोगों को जन्म देती है लेकिन मधुमक्खी प्रत्येक दृष्टिकोण से मनुष्यों के लिए स्वास्थ्यवर्धक है। संस्थान के महानिदेशक एल वेंकटश्वर लू द्वारा सभी प्रतिभागियों को निष्ठा व ईमानदारी के साथ प्रदत्त कार्यों का निष्पादन करने के उद्देश्य से अभिप्रेरित करने के लिए भारतीय संस्कृति, परिवेश, रीति रिवाज, प्राकृतिक स्वरूप तथा धर्म की बोधगम्यता इत्यादि विषयों पर श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान कृष्ण द्वारा दिये गये उपदेशों को समाहित कर विस्तृत व्याख्यान दिया गया।

# रेलवे सुरक्षा बल ने दो नाबालिगों को बचाया



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के रेलवे सुरक्षा बल ने आपरेशन नन्हें फरिश्ते अभियान के अंतर्गत दो अलग-अलग मामलों में दो नाबालिग बच्चों को असहाय अवस्था में पाकर त्वरित कार्रवाई करते हुए सुरक्षित रूप से चाइल्ड हेल्पलाइन को सुपुर्द किया है। गुरूवार यानि गत 26 जून को बाराबंकी रेलवे स्टेशन पर तैनात महिला कांस्टेबल सरिता यादव को प्लेटफार्म पर एक 10 वर्षीय बालिका अकेली बैठी मिली। पूछताछ में बच्ची ने अपना नाम आलिया बताया। साथ ही यह भी बताया कि वह बरेली स्टेशन से किसी गाड़ी में चढ़ गई थी और नींद में बाराबंकी स्टेशन पर उतर गई। उसने यह भी स्वीकार किया कि वह गाड़ियों में भीख मांगती है। उक्त संवेदनशील स्थिति को देखते हुए महिला कांस्टेबल द्वारा तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को सूचित किया गया। सूचना पर चाइल्ड हेल्पलाइन बाराबंकी से काउंसलर कंचन सोनकर पोस्ट बाराबंकी पहुंचीं और निरीक्षक कपिल कुमार एवं महिला कांस्टेबल सरिता यादव द्वारा उक्त बच्ची को सुरक्षित एवं स्वस्थ अवस्था में उन्हें सुपुर्द किया गया। कल ही वाराणसी स्टेशन पर मण्डल द्वारा गठित चेकिंग दल, जिसमें सहायक उप निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार यादव एवं महिला कांस्टेबल प्रियंका दुबे शामिल थीं, प्लेटफार्म संख्या 5 पर निरीक्षण के दौरान एक 11 वर्षीय बालक को अकेले व उदास अवस्था में बैठे हुए देखा। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम गुलशन बताया और यह भी बताया कि वह घर से नाराज होकर स्टेशन आया है। उसकी सुरक्षा एवं हित को ध्यान में रखते हुए तत्काल चाइल्ड लाइन को सूचित किया गया। कुछ समय पश्चात चाइल्ड लाइन से विशाल सिंह स्टेशन पर पहुंचे, जिनके समक्ष बालक को नियमानुसार सुपुर्द कर दिया गया। रेलवे सुरक्षा बल ने आपरेशन नन्हे फरिश्ते अभियान के अंतर्गत स्टेशन परिसरों में असहाय, लावारिस एवं नाबालिग बच्चों की पहचान कर उनकी सुरक्षा के लिए सतत रूप से कार्यरत है। यह अभियान न केवल मानवता की मिसाल है बल्कि समाज में रेलवे की जिम्मेदारी और संवेदनशीलता को भी दर्शाता है। भारतीय रेल सभी यात्रियों से अपील करती है कि यदि वे किसी भी नाबालिग बच्चे को स्टेशन पर असहाय या संदिग्ध अवस्था में देखें, तो तत्काल स्टाफ, रेल हेल्पलाइन 139 या अपने नजदीकी रेलवे स्टेशन स्टाफ को सूचित करें। आपकी सतर्कता एक नन्हें जीवन को सुरक्षित भविष्य दे सकती है।

## नाथ कॉरिडोर परियोजना के तहत पशुपतिनाथ व गोगा जाहरवीर का होगा विकास

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** प्रदेश सरकार द्वारा धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बरेली के प्रसिद्ध पशुपतिनाथ मंदिर के विकास कार्यों को मंजूरी मिली है। यह परियोजना नाथ कॉरिडोर के अंतर्गत चलाई जाएगी। योजना के तहत मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण किया जाएगा, आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा तथा श्रद्धालुओं के लिए आधुनिक सुविधाओं का विकास किया जाएगा। इसके लिए करीब 2.30 करोड़ की राशि स्वीकृत हुई है। इसी प्रकार बिजनौर में गोगा जाहरवीर मेला स्थल का पर्यटन विकास कार्य लगभग 38 लाख की धनराशि से होगा।

### खर्च होंगे करीब ०२.६८ करोड़-जयवीर सिंह

यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने देते हुए बताया कि सरकार नाथ कॉरिडोर सहित अन्य परियोजनाओं पर कार्य कर रही है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना है, बल्कि स्थानीय लोगों को भी आधुनिक और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। बरेली और बिजनौर की स्वीकृत परियोजनाओं पर करीब दो करोड़ 68 लाख से पर्यटन विकास कार्य होंगे।श्री सिंह ने बताया कि बरेली और बिजनौर में स्वीकृत परियोजनाओं के तहत पर्यटन विकास कार्य कराए जाएंगे। इन परियोजनाओं से क्षेत्रीय पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। पर्यटन विभाग का निरंतर प्रयास है कि प्रदेश के लोकप्रिय स्थलों के साथ-साथ अल्पज्ञात जगहों को भी मुख्यधारा में लाया जाए। विभाग का उद्देश्य है कि पर्यटन का संतुलित विकास करते हुए पर्यटन क्षेत्र की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करें।





# कांवड़ यात्रा के लिए सरकार तैयार

## सफाई, जल आपूर्ति, रोशनी और स्वास्थ्य सुरक्षा पर जोर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नगर विकास विभाग ने श्रावण मास की कांवड़ यात्रा, सावन मेला और अन्य त्योहारों के दृष्टिगत नगरीय निकायों में सफाई, रोशनी और पेयजल व्यवस्था को लेकर योजना शुरू की है। साथ ही एक से 31 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 11 जुलाई से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान भी संचालित किया जा रहा हैं ।

इस अभियान की तैयारियों को लेकर नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। उन्होंने सभी निकायों को सुबह 5 बजे से 8 बजे तक प्रतिदिन सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। स्थानीय स्तर पर माइक्रो-प्लान बनाकर सफाईकर्मियों की बीट तय की जाएगी, ताकि सड़कों, गलियों और मुख्य मार्गों की नियमित सफाई हो सके। घाटों और कांवड़ यात्रा मार्गों पर विशेष सफाईकर्मी



तैनात किए जाएंगे। एकत्रित कचरे और गाद को तुरंत लैंडफिल स्थलों पर भेजने के निर्देश दिए गए हैं। जलभराव से निपटने के लिए चिन्हित क्षेत्रों में माइक्रो-प्लान बनाकर नियमित एंटी-लार्वा छिड़काव और फॉगिंग को कराया जाये। यात्रा मार्गों पर ब्लीचिंग पाउडर, मलेथियान और चूने का छिड़काव भी नियमित किया जाएगा। साथ ही कांवड़ मार्गों और शिविर स्थलों पर पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग मोबाइल व अस्थायी शौचालय बनाए जाएंगे, जिन्हें दिन में कम से कम दो बार साफ किया जाएगा। मार्गों पर नियमित अंतराल पर पानी की टंकियां और प्याऊ लगाई जाएंगी। सीवर और जल पाइप लाइनों की जांच कर किसी भी प्रकार की टूट-फूट को तत्काल ठीक किया जाएगा। सभी स्ट्रीट लाइटें कार्यशील रहें और जहां आवश्यक हो वहां मरम्मत, रखरखाव किया जाएगा। प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक जैसे प्लास्टिक थैली, कप, प्लेट, थर्माकोल आदि के उपयोग पर रोक के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। नगरीय निकायो में पार्कों, सड़कों, फुटपाथों व पार्किंग क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान एवं निराश्रित गौवंश को गौशालाओं में पहुंचाया जाएगा। तीर्थयात्रियों के विश्राम हेतु अस्थायी सुविधा केंद्र स्थापित किए जाएंगे। प्रत्येक नगरीय निकायों में नगर आयुक्त या अधिशासी अधिकारी की अध्यक्षता में एक समर्पित निगरानी सेल गठित की जाएगी। ये अधिकारी माइक्रो-प्लान तैयार कर निगरानी करेंगे तथा उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

## एक लाख जोड़ों का सामूहिक विवाह करायेगी सरकार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत इस वर्ष एक लाख से अधिक जोड़ों के विवाह कराने का लक्ष्य तय किया है। इस योजना को निगरानी और तकनीकी माध्यम से जोड़ते हुए लाभार्थियों तक पहुँचाने की रणनीति बनाई गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने योजना में वित्तीय सहायता राशि को दोगुना किए जाने के बाद अब इस योजना की निगरानी व्यवस्था को भी और मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। हर जोड़े पर एक लाख रुपये खर्च कर रही है। यह योजना सिर्फ विवाह कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक सम्मान, पारदर्शिता और जरूरतमंदों को सशक्त करने की दिशा में एक सार्थक कदम है। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि अब योजना को तकनीकी माध्यम से और अधिक सरल, सुलभ और पारदर्शी बनाया जा रहा है। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया से लेकर सामग्री आपूर्ति तक के सभी चरणों को डिजिटल निगरानी में लाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उपहारों की गुणवत्ता और वितरण को लेकर भी विशेष व्यवस्था की गई है। अब फर्मों का चयन जिला नहीं, बल्कि निदेशालय स्तर से किया जाएगा।

सामूहिक विवाह कार्यक्रमों में पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखने के लिए सरकार ने जनपदों में आब्जर्वर तैनात करने का निर्णय लिया है। इसके तहत एक जिले के समाज कल्याण अधिकारी को दूसरे जिले में आब्जर्वर के रूप में भेजा जाएगा। यह प्रणाली यह सुनिश्चित करेगी कि कोई भी अनियमितता छिप न सके। अब ऑनलाइन आवेदन से पहले कन्या के आधार सत्यापन में लापरवाही पर अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। इसके साथ ही विवाह स्थल पर वर-वधू दोनों की बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य होगी, ताकि फर्जीवाड़ा रोका जा सके। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि जल्द से जल्द पात्र लाभार्थियों की सूची तैयार की जाए और इस संबंध में समर्पित अभियान चलाया जाए, जिससे हर वास्तविक पात्र को योजना का लाभ मिल सके। शासन स्तर पर कहा गया है कि सभी जिलों में पारदर्शी और सटीक तरीके से आवेदन की जांच की जाए। योजना के प्रभारी उपनिदेशक आर.पी. सिंह ने बताया कि इस वर्ष लगभग एक लाख जोड़ों के सामूहिक विवाह कराए जाने का लक्ष्य समाज कल्याण विभाग ने तय किया है।

## गांवों में एक जुलाई से विशेष अभियान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश सरकार राज्य में वित्तीय समावेशन को अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए विशेष संतृप्तिकरण अभियान चलाने जा रही है। आगामी 1 जुलाई से 30 सितंबर तक पूरे प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में यह अभियान संचालित किया जाएगा। केंद्र सरकार के वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय के निर्देश पर यह पहल की जा रही है, जिसमें प्रधानमंत्री जन धन योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा और अटल पेंशन योजना को आमजन तक पहुंचाया जाएगा। महानिदेशक, संस्थागत वित्त, उत्तर प्रदेश द्वारा सभी जिलाधिकारियों एवं विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि इस अभियान को जिला स्तर पर समग्र नेतृत्व के साथ संचालित किया जाए। जिला प्रशासन को दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी ग्राम पंचायतों में कम से कम एक शिविर का आयोजन अनिवार्य होगा। डीएलसीसी की बैठकों के माध्यम से रणनीति तैयार की जाएगी। इन योजनाओं की साप्ताहिक समीक्षा और निगरानी की जाएगी ताकि प्रगति पर नजर रखी जा सके।

## यूपी की बिजली कंपनियां की परसंपत्तियां देश में टॉप फाइव में दूसरे नंबर पर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ ।** बयालिस जनपदों के निजीकरण को लेकर देश के बड़े उद्योगपतियों द्वारा दिखाई जा रही दिलचस्पी का उपभोक्ता परिषद ने खुलासा करते हुए कहा है कि पूरे देश में बिजली कंपनियों की परिसंपत्तियों पर बड़े निजी घरानों की नजर ह, जिसमें से उत्तर प्रदेश भी एक राज्य है। मालूम हो कि उत्तर प्रदेश की बिजली कंपनियों की जो परिसंपत्तियां हैं, यदि उनका सही आकलन किया जाएगा तो देश का कोई भी निजी घराना दो जनपद को नहीं खरीद सकता। यहां पर उत्तर प्रदेश में 42 जनपदों को पांच कंपनियों मे बांटा जा रहा है ऐसे में एक कंपनी में आठ जनपद की परसंपत्तियां शामिल होंगी। इसीलिए ग्रांट थार्टन व पावर कारपोरेशन के कुछ उच्चाधिकारी बड़ा खेल कर रहे है। बात उत्तर प्रदेश की करें तो दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम की जो कुल परसंपत्तियां 31 मार्च 2024 तक है। वह लगभग 36762 करोड़ की हैं और वहीं पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम की जो कुल परसंपत्तियां हैं। वह लगभग 54164 करोड़ है। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम को यदि अकेले देखा जाए तो देश में किसी भी बिजली कंपनी के पास अकेले इतनी परिसंपत्तियां नहीं है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा है कि पावर फाइनेंस कारपोरेशन भारत सरकार की मई 2025 में जो बिजली कंपनियों की परफारमेंस रिपोर्ट जारी हुई है, उसके मुताबिक उसमें स्वतः कोई भी देख सकता है कि उत्तर प्रदेश की बिजली कंपनियों की परसंपत्तियां देश में टॉप फाइव में दूसरे नंबर पर है। पूरे देश में 31 मार्च 2024 को जो बिजली कंपनियों की अन्य राज्य सेक्टर में परिसंपत्तियां हैं। इसका खुलासा उपभोक्ता परिषद कर रहा। पूरे देश की राज्य सेक्टर में जहां कुल परसंपत्तियां लगभग 13 लाख 60912 करोड़ की है वहीं पूरे देश में प्राइवेट सेक्टर की कुल परिसंपत्तियां केवल 87 हजार 58 करोड़ की हैं।

### अन्य राज्यों की परिसंपत्तियां और उनकी कीमत

| राज्य सेक्टर | परिसंपत्तिया(स्टेट) |
|---|---|
| महाराष्ट्र | 1 लाख 87450 करोड़ |
| उत्तर प्रदेश | 1 लाख 77535 करोड़ |
| तमिलनाडु | 1 लाख 59283 |
| राजस्थान | 1 लाख 02053 करोड़ |
| आंध्रप्रदेश | 96 हज़ार 598 |

उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जिस प्रकार से परिसंपत्तियों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। वह बहुत ही गंभीर मामला है। इस पर तत्काल राज्य सरकार को हस्तक्षेप करना चाहिए।

## संगठन की जड़ों को करें मजबूत : भाजपा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा मध्य मंडल-3 के अंतर्गत नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड के एक स्कूल में शक्ति केंद्र प्रवासी बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने, प्रवास कार्यक्रमों की प्रभावशीलता और आगामी चुनावी गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।कार्यक्रम में भाजपा नेता नीरज सिंह ने डॉ. मुखर्जी के बलिदान को स्मरण करते हुए कहा कि यह दिवस हमें राष्ट्र और सिद्धांतों के प्रति पूर्ण समर्पण की प्रेरणा देता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से डॉ. मुखर्जी के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने और संगठन की जड़ों को और मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया। इस अवसर पर रजनीश गुप्ता ,अभिषेक खरे रमेश तूफानी , मंडल अध्यक्ष अनिल कश्यप, सतीश मिश्रा, पार्षद नरेंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## तीन कम्पनियों को दिये जायेंगे 169.60 करोड़ रुपए

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी वाला राज्य बनाने के लिए औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन योजना के तहत जनपद अलीगढ़, हरदोई और बाराबंकी की तीन कम्पनियों को 169.60 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने औद्योगिक विकास विभाग के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की। नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने यूपी में बड़े पैमाने पर निवेश कर उद्योग बढ़ाने के लिए मेसर्स जेके सीमेंट लीमिटेड अलीगढ़ को 21 करोड़ 39 लाख 13 हजार 970 रूपए, मेसर्स वरूण बेवरेजेज लिमिटेड हरदोई को 66 करोड़ 34 लाख 22 हजार 136 रूपए और मेसर्स एसएलएमजी बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड बाराबंकी को 81 करोड़ 87 लाख 03 हजार 25 रूपए की प्रोत्साहन प्रदान प्रदान करने की स्वीकृति प्रदान की। इससे उद्योगों को और बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले जहां उत्तर प्रदेश से उद्योग धंधों का पलायन हो रहा था। वहीं योगी सरकार में उत्तर प्रदेश निवेश का प्रमुख केंद्र बन कर उभरा है। जहां निवेशकों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है। औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन योजना नीति के तहत विशिष्ट नीतियां घोषित की है। इनके अंतर्गत सब्सिडी, एसजीएसटी प्रतिपूर्ति एवं व्यवसायों के लिए अन्य वित्तीय प्रोत्साहनों का प्रावधान किया गया है। उप्र को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने के लिए जहां प्रदेश में निवेश को प्रोत्साहित किया जा रहा है, वहीं उद्यमियों के लिए सहूलियतों का पिटारा खोल दिया गया है। उद्योगों के साथ ही उद्यमियों को आर्थिक मजबूती प्रदान करने के लिए औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रही है।

## राजकाज

### साहब का नखरा

एक सरकारी विभाग ऐसा, जहां विभगाध्यक्ष की कुर्सी पर बैठने के लिए केंद्रीय मंत्री की बहू से सिफारिश करवानी पड़ी और अब कहीं मीडिया का सामना न करना पड़े इसलिए साहब मुंह छिपाते नजर आ रहे हैं। इससे पहले उनके खिलाफ अख़बारों में खूब छपा जब वह अपनी प्रोन्नति की दौड़ में सेटिंग करने में लगे हुए थे। इस बीच टेंडर में उनके द्वारा बरती गयी अनियमितताओं के घोटालों की खबर छपने लगीं और वह घबरा गए। इसके पूर्व अपनी तैनाती के दौरान तत्कालीन विभाग में अपने तेजतर्रार अफसर का वह दिखावा करते रहते थे, जिससे लोग उनके नाम से डरें। खैर उनको प्रोन्नति भी मिली और वह सर्वेसर्वा की कुर्सी पर भी बैठ गए। लेकिन उनके विभाग में क्या चल रहा है क्या नहीं। इसकी वह पत्रकारों को भी कोई जानकारी नहीं देना चाहते। खास बात यह भी है कि कोई जानकारी फोन पर भी पूछना चाहो तो उनका फोन उठता ही नहीं है। और यदि मिलने जाओ तो साहब मीटिंग कर रहे हैं। जबकि हकीकत यह है कि साहब विभाग कि मीटिंग से अधिक अपने चाहते ठेकेदारों कि मीटिंग में व्यस्त रहते हैं।

### डरा बैठा विपक्ष

प्रदेश कि राजधानी लखनऊ में यूं तो तमाम राजनीतिक पार्टियों के मुख्यालय बने हुए हैं। लेकिन इन पार्टियों के नेता और उनके कार्यकर्ता सरकार के खिलाफ किसी भी मुद्दे को लेकर विरोध करने का सहस खो चुके है। हालांकि मुहंजुबानी बयानबाजी तो इसलिए करते हैं ताकि उनका नाम राजनीती के पटल पर बना रहे, लेकिन उनमें सड़क पर निकलने की हिम्मत नहीं दिखती। दरअसल सत्ता की चाबी जिसके हाथ में होती हैं प्रशासन उसी का चलता है। इसलिए जो प्रशासन कल तक तुम्हारे हाथ में था, वही प्रशासन आज बेगाना हो गया है। दरबार में हाजिरी लगाने वाले नौकरशाह आज सत्ता के इशारे पर कार्य कर रहे हैं। वक्त आने पर वही नौकरशाह उसे भी बजने से नहीं चूकते, जिनके दरबार में वह कल तक हाजिरी देते नजर आते थे। इसलिए प्रदेश की राजनीति में इनदिनों एक छोटा दल ही संघर्ष करते नजर आ रहा है।

### एक तीर से दो निशाना

नौनिहालों के तालीम के जुड़ा एक विभाग में इन दिनों एक तीर से दो निशाने साध रहा है। इसे लेकर कुछ शिक्षालयों को बंद किया जा रहा है। इसके विरोध में गुरूओं ने आंदोलन का ऐलान करते हुए बैठकें तेज कर दी है। वहीं इनके गुस्से को नियंत्रित करने के उनका मान मनौव्वल भी किया जा रहा है। इस तरह दोनों ओर से रस्साकसी चल रही है। कौन किस पर भारी पड़ेगा यह तो समय ही बतायेगा।

### सुविधा के साथ बढ़ी निगरानी

गरीब कन्याओं के हाथ पीले करने वाला एक विभाग ने सरकार की मंशा के अनुरूप प्रोत्साहन राशि बढ़ाकर लगभग दूना कर दिया है। इसके साथ ही इस योजना के लाभार्थियों की निगरानी भी बढ़ा दी गयी है। इस योजना के आवेदकों के सत्यापन के लिए दूसरे जनपदों से टीम जायेगी। साथ ही आवेदकों का प्रोत्साहन राशि देने के लिए उनकी बायोमैट्रिक हाजिरी लगानी होगी। इस तरह योजना का लाभ लेने के लिए निगरानी बढ़ा दी गयी है। इस वर्ष एक युवाओं के हाथ पीले करने का लक्ष्य रखा गया है।

## लापरवाह अफसरों पर चला चाबुक कई अधिकारियों पर कार्रवाई

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने एक बार फिर लापरवाह अफसरों के खिलाफ सख्त कदम उठाया है। इस बार परती भूमि विकास विभाग के प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना -2 के चार परियोजना प्रबंधक और तीन अवर अभियन्ताओं को कार्य में लापरवाही बरतने पर प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है। साथ ही मुख्यमंत्री ने लापरवाह अधिकारियों के कार्य में कार्रवाई के बाद भी सुधार नहीं आता है, तो उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। परती भूमि विकास विभाग की प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2 के राज्य स्तरीय नोडल एजेंसी के मुख्य कार्य अधिकारी जीएस नवीन ने बताया कि हाल ही में योजना के परियोजना प्रबंधक और अवर अभियन्ताओं के साथ समीक्षा बैठक की गयी। इस दौरान परियोजना प्रबंधक और अवर अभियन्ताओं से परियोजनाओं के डीपीआर के अनुसार पिछले पांच वर्षों में किये गये कार्यों के विवरण की जानकारी मांगी गयी। लेकिन चार परियोजना प्रबंधक और तीन अवर अभियन्ता कार्यों का विवरण नहीं दे सके। साथ ही वर्तमान वित्तीय वर्ष की कार्ययोजना के बारे में भी नहीं बता सके। हाल में हुई बैठक में कार्य में सुस्ती और लापरवाही पर चार परियोजना प्रबंधक और तीन अवर अभियन्ताओं की कार्यशैली पर सवाल उठे सवालों को मुख्यमंत्री ने गंभीरता से लिया। इसके बाद एक्शन लिया गया। वहीं सीओ जीएस नवीन ने बताया कि कृषि सिंचाई योजना प्रथम और द्वितीय की समीक्षा के दौरान प्रयागराज परियोजना प्रबंधक सुरेंद्र प्रताप सिंह, महोबा परियोजना प्रबंधक संजय कुमार, चित्रकूट कर्वी (II) परियोजना प्रबंधक देवेंद्र सिंह निरंजन और प्रतापगढ़ परियोजना प्रबंधक चमन सिंह को कार्यों में लापरवाही पर प्रतिकूल प्रविष्टि थमायी गयी है। साथ ही प्रयागराज के अवर अभियन्ता विश्वजीत यादव, प्रतापगढ़ प्रथम भूमि संरक्षण अधिकारी कार्यालय के अवर अभियन्ता दिनकर और आशीष कुमार यादव को भी कार्यों में लापरवाही पर प्रतिकूल प्रविष्टि देते हुए बड़ा संदेश दिया है। इस कार्रवाई से विभाग के अन्य अधिकारियों में दहशत बढ़ गयी है।

## पांच जोन, 18 सेक्टर में बांटा गया लखनऊ में मोहर्रम क्षेत्र

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर बबलू कुमार ने शुक्रवार को पत्रकारों को मोहर्रम की तैयारियों को लेकर तमाम बातों को रखा। बबलू कुमार ने कहा कि लखनऊ में मोहर्रम क्षेत्र को पांच जोन, 18 सेक्टर में बांटा गया है। 18 एडिशनल एसपी, 54 डिप्टी एसपी, तीन हजार पुलिसकर्मी, आठ सौ महिला पुलिसकर्मी को दो शिफ्टों में ड्यूटी लगायी गयी है। मोहर्रम के दिन किसी प्रकार कोई दुव्यवस्था ना हो, इसके लिए पुलिसकर्मियों को चिन्हित स्थानों पर तैनात किया गया है। मोहर्रम के जुलूस के लिए पतली गलियों को बंद कराया जाएगा और मुख्य मार्गो की ओर से आने वाले वाहनों का डायवर्जन किया जाएगा। ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर बबलू ने कहा कि मोहर्रम को लेकर थाना प्रभारियों एवं जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की गयी है। इसके साथ ही मोहर्रम कार्यक्रमों के आयोजन समिति के लोगों के साथ भी बैठक की गयी है। किसी प्रकार से कानून व्यवस्था बनी रहे, इसके लिए लखनऊ पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड पर रहेगी। संबंधित थानों को पूरी तरह से सुबह शाम सतर्कता बरतने के लिए अलग से कहा गया है। लखनऊ पश्चिम जोन के समस्त धार्मिक स्थलों एवं मोहर्रम क्षेत्र के आसपास के इलाकों को भी निगरानी पर रखा गया है। सीसीटीवी कैमरों, ड्रोन कैमरों के टीमों को सक्रिय किया गया है, जो प्रतिदिन निगरानी कर रही है। सोशल मीडिया टीम को भी सक्रिय किया गया है, किसी खुरापाती व्यक्ति के मैसेज पर भी नजर रखी जाएगी।

## नहर में उतराता मिला युवक का शव

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** गोसाईगंज में लक्ष्मणपुर गांव के पास इंदिरानहर में शुक्रवार को 30 वर्षीय युवक का शव उतराता हुआ मिला। इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से इंदिरा नहर में शव के उतरते हुए देखे की जानकारी मिली। इसपर पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को नहर से बाहर निकलवाया। शव लगभग 5-6 पुराना था। जिसकी पहचान का काफ़ी प्रयास किया गया। लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## आयोजन ऐसा हो जो स्मृतियों में बस जाए : योगी

### सीएम ने आयुष विवि में राष्ट्रपति के आगमन की तैयारियों का लिया जायजा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को भटहट के पिपरी में राज्य के पहले आयुष विश्वविद्यालय में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के आगमन की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में सुरक्षा, सुविधा और स्वच्छता की उत्कृष्ट व्यवस्था का मिसाल प्रस्तुत करें। जो राष्ट्रपति की स्मृतियों में रच-बस जाए। गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के आगमन से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस विश्वविद्यालय परिसर का हवाई सर्वेक्षण, स्थलीय निरीक्षण और समीक्षा बैठक कर लोकार्पण समारोह की तैयारियों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने हेलिकॉप्टर से पूरे परिसर को देखने के बाद हेलिपैड पर उतरते ही सबसे पहले पंडाल की तरफ रुख किया। इस दौरान वरिष्ठ अधिकारी और आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति उन्हें लोकार्पण समारोह की तैयारियों को लेकर जानकारी देते रहे। उन्होंने परिसर में राष्ट्रपति की फ्लीट रूट, राष्ट्रपति के हाथों होने वाले पौधरोपण के स्थल, स्वीस कॉटेज , मुख्य मंच, दर्शक दीर्घा आदि का अवलोकन किया। उन्होंने कुलपति और प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि वे राष्ट्रपति के अवलोकन के लिए आयुष विश्वविद्यालय का एक मॉडल भी बनवाएं। इसमें अकादमिक भवन, ओपीडी, आईपीडी, ओटी, पंचकर्म केंद्र आदि सभी क्षेत्र और विशेषताएं प्रदर्शित की जाएं। मुख्यमंत्री ने आयुष विश्वविद्यालय के गेस्ट हाउस में आयोजित समीक्षा बैठक में कहा कि लोकार्पण कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था में तनिक भी चूक की गुंजाइश नहीं रहनी चाहिए। कार्यक्रम स्थल समेत समूचे परिसर में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए। कहीं भी गंदगी रह गई तो जवाबदेही तय की जाएगी। कार्यक्रम में आने वाले लोगों की सुविधा के लिए पेयजल, प्रसाधन और पार्किंग की व्यवस्था को भी बेहतरीन करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के. रामचंद्र रेड्डी, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक महेंद्रपाल सिंह, एडीजी डॉ. केएस प्रताप, कमिश्नर अनिल ढींगरा, डीआईजी एस. चनप्पा, जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

# एनसीआर की तर्ज पर लखनऊ का 71 करोड़ से तैयार होगा रीजनल प्लान

### एससीआर को सफल बनाने के लिए वर्ल्ड बैंक करेगा सहयोग

### राजधानी लखनऊ समेत छह शहरों की संवरेगी सूरत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ ।** लखनऊ जल्द ही दिल्ली-एनसीआर की राह पकड़ेगा। एससीआर (स्टेट कैपिटल रीजन) के अंतर्गत लखनऊ, बाराबंकी, सीतापुर, हरदोई, उन्नाव व रायबरेली में नियोजित रूप से विकास व अवस्थापना के कार्य कराये जाएंगे। इससे इन जनपदों में लोगों को निवास के लिए बेहतर माहौल मिलेगा, रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे और आर्थिक विकास को रफ्तार मिलेगी।



लखनऊ विकास प्राधिकरण के पारिजात सभागार में शुक्रवार को हुयी एक अहम बैठक में हाईलेवल कमेटी के चेयरमैन केशव वर्मा के समक्ष योजना का प्रेजेन्टेशन दिया गया। इस मौके पर प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन विभाग पी गुरूप्रसाद, प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, मण्डलायुक्त डा. रोशन जैकब, प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार, आवास बंधु के निदेशक रवि जैन व मुख्य नगर नियोजक केके गौतम समेत वर्ल्ड बैंक की टीम, शहरी योजनाकार व अभियंता उपस्थित रहे।

बैठक में एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि यूपीएससीआर के लिए जीआईएस आधारित क्षेत्रीय महायोजना तैयार करने के लिए कंसल्टेंट के रूप में एईकॉम इंडिया प्रा.लि. एवं एजीस इंडिया कन्सल्टिंग इंजीनियर्स प्रा.लि. के कंसोर्टियम का चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि 71 करोड़ रूपये की लागत से कंसल्टेंट कंपनी द्वारा एक वर्ष में रीजनल प्लान तैयार किया जाएगा। जिसके बाद कंपनी अगले 5 वर्ष में रीजनल प्लान के मुताबिक परियोजनाओं को चिन्हित करते हुए उनका डीपीआर तैयार करेगी। साथ ही स्थल पर परियोजनाओं को क्रियान्वित कराने का काम सुनिश्चित कराएगी।

### एससीआर के लिए वर्ल्ड बैंक करेगा मदद

बैठक में वर्ल्ड बैंक की टीम भी मौजूद रही। जिनके द्वारा बताया गया कि वर्ल्ड बैंक की सहभागिता से कई विकसित देशों के शहरों में इस तरह का नियोजित विकास किया गया है। टीम के सदस्यों ने बताया कि वह एस0सी0आर0 को बेहतर ढंग से विकसित करने के लिए इस तरह की सफल परियोजनाओं की सूचनाएं साझा करेंगे। एस0सी0आर0 के रीजनल प्लान में हेरिटेज व सांस्कृतिक विरासत को भी सहेजा जाएगा।

### गांवों तक पहुंचेंगी शहरी सुविधाएं

उपाध्यक्ष ने बताया कि एससीआर में शामिल अन्य जनपदों की तुलना में लखनऊ अधिक विकसित है। आसपास के जनपदों से रोजाना हजारों लोग व्यवसाय, नौकरी, स्वास्थ्य, शिक्षा समेत विभिन्न कारणों से लखनऊ आते हैं। एससीआर के धरातल पर उतरने से अन्य जनपदों में भी समानांतर रूप से विकास होगा। इससे निवेश बढ़ेगा, रोजगार व व्यवसाय के अवसर सृजित होंगे। गांवों तक शहरी सुविधाएं पहुंचेंगी और लोगों को उनके क्षेत्र में ही निवास, व्यापार व नौकरी आदि के लिए बेहतर माहौल मिलेगा।

### सुगम कनेक्टिविटी से होगा आर्थिक विकास

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि एससीआर का क्षेत्रफल लगभग 26,700 वर्गकिलोमीटर होगा। इसमें शामिल लखनऊ, सीतापुर, उन्नाव, हरदोई, बाराबंकी और रायबरेली में आधारभूत सुविधाओं को उच्चीकृत किया जाएगा। जनपदों के बीच हाई स्पीड कनेक्टिविटी का प्रावधान किया जाएगा। इसके तहत मिसिंग रोड नेटवर्क को पूर्ण किया जाएगा, रैपिड रेल, रिंग रोड व एक्सप्रेस-वे का काम कराया जाएगा। आवागमन तेज और सुगम होने से औद्योगिक व व्यावसायिक विकास को बल मिलेगा। इससे बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर सृजित होंगे और प्रदेश का आर्थिक विकास होगा।




# इम्यूनोथेरेपी व रेडियोथेरेपी मिलकर करेंगे कैंसर का खात्मा

## लोहिया संस्थान में डॉक्टरों ने किया शोध

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** इम्यूनोथेरेपी व रेडियोथेरेपी से कैंसर पर सटीक वार किया जायेगा। इस दोहरे हमले से फेफड़े, सर्वाइकल व मलद्वार के कैसर में फायदा मिलेगा। यह निष्कर्ष लोहिया संस्थान के एक शोध में आया है। यह शोध यूरोपियन सोसाइटी ऑफ मेडिकल आंकोलॉजी व यूरोपियन सोसाइटी ऑफ रेडिएशन आकोलॉजी ने मिलकर किया है। जिसे यूरोपियन जनरल रेडियोथेरेपी एड आंकोलॉजी ने मान्यता दी है। शोध में करीब दो साल तक इम्यूनोथेरेपी, टारगेटेडथेरेपी के साथ रेडियोथेरेपी देने के फायदे और नुकसान के बारे में जानकारी जुटाई गई। लोहिया संस्थान में रेडियोथेरेपी विभाग के डॉक्टर अजीत गांधी ने बताया कि कैंसर के मामलों में तेजी से इजाफा हो रहा है। करीब 50 प्रतिशत कैंसर मरीजों को रेडियोथेरेपी देने की जरूरत पड़ती है। नई दवाएं टारगेटेड थेरेपी या इम्यूनोथेरेपी कई तरह के कैसर पर बेहतर काम कर रही है। दवा को और प्रभावी बनाने के लिए रेडियोथेरेपी भी दी जा रही है। डॉ. अजित गांधी ने बताया कि इम्यूनोथेरेपी या टारगेटेडथेरेपी के साथ रेडियोथेरेपी की डोज कुछ प्रकार के कैंसर में बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। हेड एड नेक, सर्वाइकल, मलद्वार व फेफड़े कैसर में दवा के साथ रेडियोथेरेपी के बेहतर नतीजे देखने को मिले हैं जब दवा व रेडियोथेरेपी के रिएक्मान बढ़ जाते हैं तो तय समय के लिए उसे रोका जा सकता है।

# डॉ. वीरेंद्र आतम केजीएमयू माइक्रोबायोलॉजी विभाग के अध्यक्ष

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** केजीएमयू माइक्रोबायोलॉजी विभाग की अध्यक्ष व डीन एकेडमिक्स रिटायर हो गईं। मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र आतम को डीन एकेडमिक्स बनाया गया है। उन्होंने शुक्रवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया जबकि अंजू अग्रवाल को वाइस चांसलर बनाया गया है। शुक्रवार को ब्राउन हाल में आयोजित समारोह में कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने कहा कि डॉ. अमिता जैन ने वायरोलॉजी के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। शानदार अकादमिक यात्रा रही है। उन्होंने डॉ. जैन की समर्पण, नेतृत्व और विद्यार्थियों के मार्गदर्शन की प्रशंसा करते हुए उन्हें विश्वविद्यालय की अमूल्य धरोहर बताया।

# बुनियादी सुविधाओं के समाधान में सरकार को दिलचस्पी नहीं

## सपा प्रमुख ने भाजपा पर साधा निशाना

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार की बुनियादी मुद्दों के समाधान में कोई दिलचस्पी नही है। भाजपा राज में महंगाई और भ्रष्टाचार चरम पर है। नौजवानों का भविष्य अंधेरे में है। महिलाएं एवं बच्चियां असुरक्षित है। भाजपा राज में हर तरफ अराजकता और अमानवीयता का जोर है।

अखिलेश यादव प्रदेश मुख्यालय सभागार में पार्टी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार 9 वर्ष पूरे करने जा रही है। इस अवधि में उसकी उपलब्धियों के नाम पर गिनाने की कुछ भी नहीं है। भाजपा सरकार समाजवादी सरकार के कामों पर ही अपने नाम का ठप्पा लगाकर दिखावा करती है। यादव ने कहा कि भाजपा राज में आर्थिक विषमता बढ़ा है। एक प्रतिशत के पास 90 प्रतिशत पूंजी कैसे चली गई। विकास के नाम पर विनाशकारी नीतियों को बढ़ावा मिल रहा है। बिजली संकट का कोई समाधान नहीं है। निजीकरण अपनी कमियां छुपाने के लिए किया जा रहा है। यह संविधान प्रदत्त आरक्षण से भी बचने की साजिश है। अपने पूरे कार्यकाल में भाजपा सरकार एक यूनिट बिजली का उत्पादन नहीं कर सकी है। समाजवादी सरकार में जो विकास कार्य जनहित में हुए थे उनको भी बर्बाद कर दिया गया है।

# गंभीर मरीज को लेकर अस्पतालों के चक्कर काटते रहे परिजन

## लोहिया ने लौटाया, केजीएमयू में बेड नहीं, बलरामपुर अस्पताल में मिला सहारा

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार प्रक्रिया में जुटी सरकार को कुछ अस्पतालों में सिरे से नकारा जा रहा है। कहीं बेड न होने तो कहीं संसाधन व सुविधा न होने का हवाला देकर गंभीर मरीजों से किनारा कसा जा रहा है। ऐसा ही एक मामला केजीएमयू का है जहां मरीज की गंभीर हालत होने के बाद भी उसे भर्ती न कर बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। सरकारी मेडिकल संस्थानों में मरीजों को मुकम्मल इलाज नहीं मिल रहा है। गंभीर मरीजों को एक से दूसरे अस्पताल दौड़ाया जा रहा है। समय पर समुचित इलाज न मिलने से मरीज की हालत गंभीर हो रही है। बाराबंकी निवासी हजारी लाल (55) हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सिर व गर्दन में गंभीर चोट आई। परिवारीजन उन्हें बाराबंकी जिला अस्पताल ले गए। यहां डॉक्टरों ने मरीज की हालत गंभीर बताई। उन्हें केजीएमयू व लोहिया संस्थान ले जाने की सलाह दी गई। पहले परिवारीजन मरीज को लेकर लोहिया संस्थान पहुंचे। इमरजेंसी में डॉक्टरों ने देखा। प्राथमिक इलाज किया। हालत गंभीर होने पर मरीज को केजीएमयू ले जाने की सलाह दी। परिवारीजन राजी हो गए। इसके बाद परिवारीजन मरीज को लेकर केजीएमयू पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने देखा। न्यूरो सर्जरी विभाग में मरीज को दिखाने की सलाह दी। बेड खाली न होने की बात कही। करीब चार घंटे इलाज के अभाव में मरीज की हालत और गंभीर हो गई। थकहार कर परिवारीजन मरीज को लेकर बलरामपुर अस्पताल पहुंचे। यहां इमरजेंसी में डॉक्टरों ने मरीज को भर्ती कर इलाज शुरू किया। डॉक्टरों का कहना है कि मरीज की हालत गंभीर है।

# ग्रीष्मकालीन संगीत एवं कला अभिरूचि कार्यशाला का समापन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शुक्रवार को भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय के ग्रीष्मकालीन संगीत एवं कला अभिरूचि कार्यशाला-2025 का समापन तथा राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह का पुनः लोकार्पण किया। उन्होंने इस अवसर पर प्रेक्षागृह को पुनर्जीवित कर कलाकारों एवं रंगकर्मियों को सौंपकर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज इस प्रेक्षागृह को अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ भव्य रूप देकर फिर से उद्घाटन किया गया है। यह प्रेक्षागृह दीर्घकाल तक कला, संगीत, नृत्य और नाटकों के मंचन का केन्द्र बना रहे, इसलिए इसे उन्नत ध्वनि प्रकाश व्यवस्था से जोड़ा गया है। विभिन्न आधुनिक संयंत्रों से युक्त यह प्रेक्षागृह कलाकारों और कला प्रेमियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करता रहेगा। श्री सिंह ने कहा कि भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के दिशा-निर्देश में एक माह की ग्रीष्मकालीन वर्कशाप सम्पन्न की गयी, जिसमें 600 प्रतिभागियों ने अपने प्रस्तुतियां दी। यह इस बात का प्रमाण है कि भारत की सनातन संस्कृति अगली पीढ़ियों के हाथों में सुरक्षित है। उन्होंने आगे कहा, भारत एक समय में विश्वगुरु था और आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारी संस्कृति पुनः वैश्विक मंचों पर गूंज रही है। इस अवसर पर प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम ने कहा जो बच्चे ग्रीष्मकालीन और शीतकालीन शिविरों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे, उनमें से चयन कर उन्हें आगामी 'उत्तर प्रदेश दिवस' में सम्मानित किया जाएगा। प्रदेश के जो कलाकार राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रदेश का नाम रोशन करते हैं, उन्हें विशेष रूप से सम्मानित करने की योजना सरकार ने बनाई है।

# यूपीएचसी में मरीजों का होगा रिकार्ड डिजिटल

## प्रिंट होगा दवा का प्रिस्क्रिप्शन, अब पढ़ने में होगी आसानी

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** अब मरीजों को चिकित्सकों की लिखी दवाएं पढ़ने में कोई दिक्कत नहीं होगी और वह इसे आसानी से समझ सकेंगे। इसके साथ ही दवाओं का प्रिस्क्रिप्शन भी उनके हेल्थ रिकॉर्ड में दर्ज रहेगा। इस सम्बन्ध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन.बी.सिंह ने कहा कि जनपद में कुल 54 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (यूपीएचसी) हैं इनमें से 48 यूपीएचसी पर डिजिटल प्रिस्क्रिप्शन की सुविधा शुरू कर दी गयी है। इसे सीधे मरीजों की आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा) आईडी से जोड़ा जा रहा है। इससे न सिर्फ दवा लेने में सुविधा होगी बल्कि मरीजों का रिकॉर्ड भी सुरक्षित रहेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि कई बार समस्या सामने आती है कि न तो मरीज और न ही फार्मासिस्ट चिकित्सक की लिखावट समझ पाते हैं। ऐसे में दवा का पता लगाने के लिए मशक्कत करनी पड़ती है। इसलिए 54 में से 48 यूपीएचसी पर सुविधा शुरू की गयी है जिसके तहत मरीजों को हाथ से लिखने की जगह दवाओं का विवरण प्रिंट करके दिया जा रहा है। जल्द ही यह सुविधा अन्य 6 यूपीएचसी पर शुरू हो जाएगी। इसके साथ ही मरीजों को दी जाने वाली दवाओं का रिकॉर्ड रखने के लिए इसे आभा आईडी से जोड़ा जा रहा है। इससे मरीज द्वारा परचा खोने या पर्चा न लाने की स्थिति में चिकित्सक द्वारा डिजिटल प्रिस्क्रिप्शन देखकर यह पता चला जायेगा कि उन्होंने मरीज को क्या दवा लिखी है।

# केएम सिंह की पुण्य तिथि मनाई

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** केके हॉस्पिटल में डॉ. केएम सिंह की पांचवीं पुण्यतिथि पर केके हास्पिटल में श्रद्धांजलि का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अस्पताल के स्टॉफ, मरीज और उनके मित्रों ने भी उन्हें भावपूर्वक श्रद्धांजली अर्पित की और उन्हें बेहद भावुक तरीके से याद किया। डॉ. केएम सिंह का जन्म 14 अगस्त 1942 को हुआ था और उनका निधन 27 जून 2020 को हुआ। वे केके हॉस्पिटल के संस्थापक थे और केजीएमयू के कुलपति भी रहे। उन्होंने केजीएमसी में यूरोलॉजी विभाग की स्थापना की थी।


आदर्श योजना अनुभाग
संस्कृत संवर्धन योजना
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की केंद्रीय योजनाएँ)
संचालक
**केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली**
संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित
56–57, इन्सटीट्यूशनल एरिया, जनकपुरी, नई दिल्ली–110 058
वेबसाइट: www.sanskrit.nic.in

विज्ञापन संख्या 01/2025 दिनांक: 28.06.2025

**केन्द्रीय योजनाओं के अंतर्गत मान्यता प्राप्त विभिन्न आदर्श संस्कृत महाविद्यालयों (ASMs) में प्राचार्य के पदों पर भर्ती हेतु अधिसूचना**

संस्कृत संवर्धन हेतु शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की केन्द्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (CSU), दिल्ली केन्द्रक अभिकरण (नोडल एजेंसी) है। केन्द्रीय योजनाओं में से एक योजना ''आदर्श संस्कृत महाविद्यालयों (ASMs) / आदर्श संस्कृत शोध संस्थानों (ASSSs) के रूप में मान्यता प्राप्त संस्थानों को वित्तीय सहायता हेतु योजना (संशोधित आदर्श योजना–2022)'', के अंतर्गत देश के विभिन्न भागों में स्थित विभिन्न संस्थानों (ASMs/ASSSs) को वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु मान्यता प्रदान की गई है। इस सन्दर्भ में योजना में निहित प्रावधानों के अंतर्गत, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली द्वारा भारतीय नागरिकों से इस योजना के अंतर्गत मान्यता प्राप्त विभिन्न आदर्श संस्कृत महाविद्यालयों (ASMs) के निम्नलिखित पद हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं :–

- पद का नाम – प्राचार्य (प्रोफेसर ग्रेड)
- भर्ती का प्रकार – सीधी भर्ती
- कार्यकाल – यूजीसी मानदंडों के अनुसार 05 वर्षो की अवधि
- स्तर एवं वेतनमान – 7 वां केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार, शैक्षिक स्तर –14 (वेतनमान – ₹1,44,200 – ₹2,18,200)
- पदों की संख्या – 13
- ऑनलाइन पंजीकरण/आवेदन जमा करने की प्रारंभ तिथि: 28.06.2025 (शनिवार)
- ऑनलाइन पंजीकरण/आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि : 28.07.2025 (सोमवार) सायं 06.00 बजे तक

➢ आवेदन प्रक्रिया, ऑनलाइन आवेदन पत्र का लिंक, आवश्यक योग्यताएँ, अनुभव, सामान्य नियम एवं शर्तें, आवेदन हेतु निर्धारित शुल्क, हार्ड कॉपी जमा कराना तथा विज्ञापन का विस्तृत विवरण इत्यादि की जानकारी हेतु केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.sanskrit.nic.in पर भर्ती टैब (Recruitment Tab) के अंतर्गत अवलोकन करें।

हस्ता/–
कुलसचिव (प्र0)
CBC21212/12/0001/2526



**U.P. Rajkiya Nirman Nigam Ltd.**
(ISO 9001:2008 Certified Company)
Visheshwaraiya Bhawan, Gomti Nagar, Lucknow
**TENDER NOTICE**
On behalf of Managing Director,U.P. Rajkiya Nirman Nigam Ltd. General Manager (Varanasi Zone)/invites online Item Rate/ percentage rate bids in two bid system for
NIT No.-2038//GMVNSZ/RNN/TENDER/286//25, e-tender Construction of Sewer Line for 36th Vahini PAC Ramnagar, Varanasi. Last date of submission of offers upto 02:00 P.M on Dated- 09-07-2025, all other details on:- website: www.etender.up.nic.in and www.uprnn.upsdc.gov.in.



**उत्तर रेलवे**
**ई–निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियंता, कर्मशाला, उत्तर रेलवे, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यो हेतु मोहरबंद निविदायें आमंत्रित करते है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा सूचना संख्या | विद्युत / डब्ल्यू. / आलमबाग / 205 / 2025–26 |
| क | कार्य का विवरण | स्टोर डिपो, आलमबाग, लखनऊ में स्मार्ट वार्ड, स्वचलित भंडारण एवं पुनर प्राप्ति प्रणाली (ASRS) के प्रावधान का कार्य। |
| ख | अनुमानित लागत | रू. 43,82,658.66 |
| ग | धरोहर राशि | रू. 87,700 / – |
| घ | निविदा प्रपत्र मूल्य | शून्य |
| ड | कार्य समापन अवधि | 12 माह |
| | अन्य सूचना | |
| 3. | निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि एवं समय | 19.07.2025 को अपरान्ह 13.00 बजे तक। |
| 4. | निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 19.07.2025 को अपरान्ह 13.00 बजे के बाद। |

• निविदा प्रपत्र बेवसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा निर्धारित तिथि के अनुसार भरा जा सकता है। • मैनुअल आफर पर विचार नहीं किया जायेगा। • निविदाकर्ता निविदा फार्म की धरोहर राशि का भुगतान केवल www.ireps.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान प्रणाली द्वारा ही किया जायेगा। • डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक/डिपॉजिट रसीद/एफ.डी.आर. या अन्य किसी रूप में निविदा धरोहर धनराशि का भुगतान स्वीकार नहीं किया जायेगा। • प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे संबंधित निविदा उपरांत किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किये जाएंगे। निविदादाता के निविदा उपरांत पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा।
निविदा संख्याः- विद्युत/डब्ल्यू./आलमबाग/205/2025-26 दिनांक 27.06.2025 1944/25
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**
मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 01 | **कार्य का नाम :** मेंटेनेंस ऑफ एल.एच.बी. एन्ड आई.सी.एफ. कोच स्प्रिंग्स, इन्क्लूडिंग मशीनरी सप्लाई एन्ड ए 3-ईयर सर्विस कॉन्ट्रैक्ट। | |
| 02 | **कार्य स्थल :** सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ | |
| 03 | **अनुमानित लागत :** रु. 15,67,66,370.00 मात्र | |
| 04 | **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। | |
| 05 | **बिड सिक्युरिटी :** रु. 9,33,800/- मात्र | |
| 06 | **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 03 वर्ष। | |
| 07 | **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय :** दिनाँक– 04.07.2025 से 18.07.2025 समय 15:00 बजे तक। | |
| 08 | **प्रमाणपत्र :** फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A (यदि Company/ Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure- A(a) (यदि Partnership/HUF/JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। | |
| 09 | **खुलने का समय :** निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। | |
| 10 | **कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है** | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तो सहित वेबसाइट – www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 11 | **वेबसाईट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है** | |

सं.: 2025-ए.एम.वी.-सी एंड डब्लू-ईनिविदा-39 दिनाँक: 24.06.2025 1938/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



General Public is hereby informed that I Trilok Singh s/o Sunder Singh has gifted a property House constructed on plot area measuring 57.99 square metres situated at Krishna Nagar colony, Pargana and Tehsil Sadar, district Shahjahanpur to my wife Smt. Bhawana Kalra registered as vide Book-1, Volume- 16595, Pg.- 111-126, Doc. No.- 8538 duly registered in the office of Sub registrar Sadar, shahjahanpur, Now As she is absolute owner of property she can sell/ mortgage for loan purpose. If any person or Financial institution has any interest or objection contact to Advocate mentioned below with relevant documents within 7 days from the date of publication of this notice. **Advocate Name- Kamlesh kumar Saxena Contact Number-9696110996**

सी.आर.-652/D



स्वतंत्र भारत
वर्गीकृत

**सूचना**
सूचित करता हूँ कि अपने पुत्र राहुल का चालचलन ठीक न होने के कारण उसे अपनी चलअचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में अपने द्वारा किए गये कार्यों के प्रति वह स्वयं जिम्मेदार होगा। सुबाष पुत्र रामदरश, नि.- बरियार पो.-नेवास थाना-गोला जिला गोरखपुर।
सी.आर.-651/L-38

**नाम परिवर्तन सूचना**
मैंने अपने पुत्र का नाम SAHEJ PRATAP SINGH MATTA से बदलकर SEHAJ PRATAP SINGH MATTA रख दिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये। SEHAJ PRATAP SINGH MATTA S/o BALBIR SINGH MATTA मो. टाउन हाल शाहजहांपुर।
सी.आर.-652/D-32

**सूचना**
मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में त्रुटिवश मेरे पिता का नाम S.N. LAL दर्ज हो गया है जो कि गलत है जबकि वास्तविक नाम S.N. LAL NIGAM है। राजीव कुमार पुत्र S.N. LAL NIGAM नि.- 16 चर्च रोड, विष्णुपुरी अलीगंज, लखनऊ, उ.प्र. 226024
सी.आर.-646/L-28

**सूचना**
मेरी LIC पॉलिसी संख्या 226338802 और 226338803 में त्रुटिवश मेरा नाम उर्मिला व जन्मतिथि 15/10/1980 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम निर्मला कुमारी व जन्मतिथि 01/01/1972 है। जो कि मेरे आधार कार्ड में भी दर्ज है। कृपया LIC में सुधार कर मान्य किया जाये। निर्मला कुमारी पत्नी सुशील कुमार यादव निवासी-47 सैफलपुर काकोरी, मलिहाबाद लखनऊ उत्तर प्रदेश 227107
सी.आर.-650/L-48

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा आधार कार्ड पर नाम अन्जूरानी पत्नी विनोद कुमार व जन्मतिथि 01.01.1965 व पैन कार्ड पर त्रुटिवश अंजू देवी पत्नी विनोद कुमार व जन्मतिथि 02.07.1965 अंकित हो गया है। अतः अन्जूरानी व अंजू देवी एक ही व्यक्ति हैं और अंजू रानी की सही जन्मतिथि 01.01.1965 ही है। **अन्जू रानी पत्नी विनोद कुमार निवासी मोहल्ला पाण्डेबाबा, थाना व शहर-पलिया, जिला लखीमपुर-खीरी।**
सी.आर.-649/D

**सूचना**
हमने अपने पुत्र राजेश कुमार यादव व उसकी पत्नी पूजा देवी पुत्री विजय यादव को उसके गलत चाल-चलन के चलते अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा। **अशोक कुमार पुत्र स्व0 बद्री प्रसाद यादव व कलावती पत्नी अशोक कुमार साकिनान निवासी मो0 प्यारेपुर, थाना कोतवाली व शहर लखीमपुर, जिला लखीमपुर-खीरी।**
सी.आर.-649/D



**उ0प्र0 कारपोरेशन लिमिटेड विद्युत पारेषण मण्डल, पारेषण भवन, मोहद्दीपुर, गोरखपुर**
**ई–निविदा सूचना**
निविदा संख्या एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण
1. अल्पकालीन ई-निविदा सं0-17-वि0पा0सं0 (गो0) / 2025-26 विद्युत पारेषण खण्ड, देवरिया के अधीन 132 के0वी0 उपकेन्द्र देवरिया पर स्थापित 63 एम0वी0ए0 परिवर्तक के खराब कण्ट्रोल एवं रिले पैनल को बदलने एवं अन्य संबंधित कार्य। निविदा प्रपत्र शुल्क रु0 590.00 (जी0एस0टी0 सहित) एवं धरोहर धनराशि रु0 1000.00 मात्र। ई-निविदा की अंतिम तिथि समय 13.00 बजे । 15.07.2025
2. अल्पकालीन ई-निविदा सं0-18-वि0पा00 (गो0) /2025-26 विद्युत पारेषण खण्ड, देवरिया के अधीन 132 के0वी0 उपकेन्द्र सलेमपुर को उच्चीकृत करके 220 के0वी0 जी0आई0एस0 उपकेन्द्र बनाने हेतु इलेक्ट्रिकल ले-आउट तैयार करने एवं प्रस्तावित लाइनों हेतु सर्वे से संबंधित कार्य । निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 500.00 (जी0एस0टी0 सहित) एवं घरोहर धनराशि रू0 3000.00 मात्र ।
ई-निविदा की अंतिम तिथि 15.07.2025 समय 13.00 बजे । विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र www.etender.up.nic.in की वेबसाईट पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाईट पर ही प्रकाशित की जायेंगी।
पत्रांक- 1740 /वि0पा0मं0 (गो0)/टी-8 दिनांक- 27/06/2025



**पूर्वोत्तर रेलवे**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता/पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से ''खुली'' निविदा आमंत्रित करते हैं।
**क्रम सं.-01, कार्य का नामः** उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में यूटीआर–एमडब्ल्यूपी खंड (184 आरकेएम/368 टीकेएम) की क्षमता उन्नयन के लिये 2x25 केवी ट्रैक्शन सिस्टम के ओएचई संशोधन और फीडर वायर कार्य का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग। ई–निविदा सूचना सं: CEE/ Project/LJN/UTR-MWP, अनुमानित लागत रूपया में ₹ 1,41,24,08,013.40, बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) रूपया में: ₹ 72,12,100/-, निविदा बन्द होने की तिथिः 29-07-2025, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि: 24 महीना।
• पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।
मुख्य विद्युत अभियंता/प्रोजेक्ट, लखनऊ
मुजाधि/विद्युत–69
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।



**अदालती सूचना**
**सम्मन बिनावर इनफिसाल मुकदमा**
**न्यायालय श्रीमान् प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय मीरजापुर**
**मूल वाद सं0 349 सन् 2023**
**प्रमिला सिंह**
**बनाम**
**पंकज कुमार चौहान आदि**
**अन्तर्गत धारा 13 (1) (A) हिन्दू विवाह अधि0 1955 थाना-को0 शहर, जनपद-मीरजापुर**
1- पंकज कुमार चौहान पुत्र कन्हैया लाल निवासी कृष्णा कालोनी नेहा अपार्टमेन्ट के निकट बालीगुमा पो0 एवं थाना एम0जी0एम0 मानगो शहर जमेशदपुर, जनपद पूर्वी सिंहभूम (झारखण्ड) हरगाह ने आपके नाम एक नालिस दायर की लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 30 माह 08 सन् 2025 बवक्त 10.00 बजे बमुकाम असालतम या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालत से वाकई से वाकिफकिया गया हो और जो कुछ अमूर अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके। हाजिर हूजिए और जवाब देही दावा को कीजिए और हर माह वही तारिख जो आपके हाजिरी के लिए मुकर्रर है। वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमा के तजवीज के लिए हुई है पर आपको सूचित हो कि गवाही की जिनकी शहादत में जुमला दस्तावेजों जिस पर बताईद अपनी जवाब देही के इस्तदलाल करना चाहते हो उसी रोज पेश कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मसकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी मसमूअ और फैसला होगा।
**तारीख पेशी 30.08.2025**
**दस्तखत हाकिम व मुहर अदालत**
सी.आर.-648/D-CN



**कार्यालय नगर पंचायत कप्तानगंज, बस्ती**
पत्रांक– 194 / न0पं0क0बस्ती / 2025–26 दिनांक– 27.06.2025
**अल्पकालिक निविदा सूचना**
एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निकाय क्षेत्र के अन्तर्गत राज्य वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत कप्तानगंज, बस्ती में निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु बन्द निविदा **दिनांक 21.07.2025 को अपरान्ह 02 बजे तक** आमन्त्रित की जाती है, जो **उसी दिन अपरान्ह 03.00 बजे** उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यालय नगर पंचायत कप्तानगंज बस्ती में खोला जायेगा। निविदा प्रपत्र की बिक्री **दिनांक 20.07.2025 को समय 05 बजे तक** निर्धारित शुल्क जमा करके कार्यालय नगर पचांयत कप्तानगंज बस्ती से प्राप्त किया जा सकता है। कार्यो के बावत विस्तृत जानकारी/नियम एवं शर्तो की किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय नगर पंचायत कप्तानगंज बस्ती से प्राप्त किया जा सकता है, कार्यो के बावत धरोहर धनराशि आगणन का 02 प्रतिशत एन0एस0सी0/राष्ट्रीयकृत बैंक का एफ0डी0आर0 के रूप में स्वीकार किया जायेगा, शेष 8 प्रतिशत धरोहर धनराशि अनुबन्ध के समय जमा कराना अनिवार्य होगा, धरोहर धनराशि अधिशासी अधिकारी के पदनाम से बंधक होना अनिवार्य होगा, जो निविदा डालते समय जमा करना अनिवार्य होगा, बिना धरोहर की धनराशि के किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। किसी भी निविदा अथवा सम्पूर्ण निविदाओं को पर्याप्त कारण का उल्लेख करते हुये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में सुरक्षित होगा। निविदा के साथ जिलाधिकारी के हस्ताक्षर से निर्गत वैध हैसियत प्रमाण पत्र एवं चरित्र प्रमाण पत्र, एवं जी0एस0टी0 प्रपत्र तथ पैन की सत्यापित प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

| क्रमांक | कार्य का नाम | आगणन धनराशि (लाख में) | धरोहर धनराशि 10 प्रतिशत (रू0 में) | कुल निविदा मूल्य (रू0 में) | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड संख्या–14, भगत सिंह नगर में पिच रोड दुर्गा मन्दिर से रवि के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य। | 7.71 | 65,339.00 | 800.00 | 2 माह |
| 2 | वार्ड संख्या–02, लोहिया नगर में पिच रोड से रामलौट के घर / नारायणपुर सरहद तक सीसी रोड निर्माण। | 5.58 | 47,288.00 | 600.00 | 2 माह |
| 3 | वार्ड संख्या–07, पं0 दीन दयाल नगर में स्टडी सेन्टर हाल में फॉर सीलिंग का कार्य। | 4.97 | 42,119.00 | 500.00 | 2 माह |

1– 100.00 रूपये के नान जुडिसियल स्टाम्प पेपर पर निर्धारित प्रारूप पर नोटरी द्वारा सत्यापित कराकर स्व– घोषणा पत्र देना अनिवार्य होगा।
2– निविदा प्रपत्र का मूल्य नान रिफण्डेबुल होगा।
3– अनुबन्ध हेतु सूचना प्राप्त होने के एक सप्ताह के अन्दर अनुबन्ध कराना अनिवार्य होगा।
4– निविदा प्रपत्रों की बिक्री अथवा प्राप्त करने के दिवस को अवकाश होने की स्थिति में निविदा बिक्री एवं प्राप्ति अगले कार्यदिवस को होगी।

**अधिशासी अधिकारी** **अध्यक्ष**
**नगर पंचायत कप्तानगंज, बस्ती।** **नगर पंचायत कप्तानगंज, बस्ती।**



**एफ0सी0जे0 फार्म नं0 13 भाग-1 हेतु संदर्शित की सूचना (साधारण प्रारूप)**
**न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी न्यायिक महोदय, स्थान मोहम्मदी, जिला खीरी**
**वाद सं0 1756/2025**
**कीर्ती देवी उर्फ पिंकी देवी आदि**
**बनाम**
**परमेश्वर दयाल आदि**
1. परमेश्वर दयाल पुत्र परसराम निवासी ग्राम रसूलपुर असनाद हुसैन परगना पसगवां तहसील मोहम्मदी जिला खीरी।
2. सत्यकुमार पुत्र परसराम निवासी ग्राम रसूलपुर असनाद हुसैन परगना पसगवां तहसील मोहम्मदी जिला खीरी।
3. रामकली पत्नी परसराम निवासी ग्राम रसूलपुर असनाद हुसैन परगना पसगवां तहसील मोहम्मदी जिला खीरी।
चूंकि उपरोक्त नामित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफहेतु संदर्शित करने के लिए 2025 के माह 06 दिवस 28 को 10:00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रुपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा व अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज दिवस को निकाली गयी।
**न्यायालय**
**उपजिलाधिकारी/मजिस्ट्रेट न्यायिक मोहम्मदी खीरी।**
सी.आर.-647/D-CN




epaper : epaper.swatantrabharat.net web portal : epaper.swatantrabharat.net

# चिनहट कठौता झील में डूबकर युवक की मौत

## दोस्तों के साथ गया था नहाने, कौन-कौन मित्र थे पुलिस जांच पड़ताल में जुटी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** राजधानी के चिनहट क्षेत्र स्थित कठौता झील में दोस्त नहाने गए थे, जिसमें एक युवक की गहराई में जाने से डूबकर मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा ने गोताखोरों की मदद शव को झील से बाहर निकलवाया। पुलिस मामले की छानबीन की तो शव की पहचान गोमतीनगर के विवेक खंड निवासी मनीष कुमार शुक्ला पुत्र कृष्ण कुमार शुक्ला के रूप में हुई। साथ में नहाने कौन-कौन मित्र गए थे इसके बारे में पुलिस गहनता से छानबीन कर रही है। पुलिस पंचनामा भर कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।शुक्रवार सुबह करीब साढ़े छह बजे पुलिस कंट्रोल रूम द्वारा चिनहट पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक दोस्तों के साथ कठौता झील में नहाने गए, जिससे डूबकर उसकी मौत हो गई है। इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा के मुताबिक वह आनन-फानन में पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और गोताखोरों की मदद से शव को झील से बाहर निकलवाकर अस्पताल भिजवाया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर चिनहट का कहना है कि युवक की शिनाख्त गोमतीनगर के विवेक खंड निवासी मनीष कुमार शुक्ला के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक मनीष के साथ कौन-कौन उसके दोस्त झील में नहाने गए थे इसके बारे में जानकारी एकत्र की जा रही है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### जलकल विभाग ने नकारा

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** कठौता झील में युवक की डूबकर मरने की खबर को जलकल विभाग ने नकारा है। अधिशासी अभियंता सचिन सिंह यादव ने स्पष्ट किया है कि युवक की डूबने की घटना मत्स्य विभाग के तालाब में हुई है, जलकल विभाग की देखरेख वाली कठौता झील में नहीं। उन्होंने बताया कि संबंधित तालाब में मछली पालन का कार्य किया जाता है और यह तालाब जलकल विभाग के अधीन नहीं आता है।

## गंगा पुल से युवती ने नदी में लगाई छलांग, मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** मीरजापुर के चुनार कोतवाली क्षेत्र के बालूघाट स्थित गंगा पुल पर शुक्रवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक युवती ने अचानक पुल से गंगा नदी में छलांग लगा दी। घटना दोपहर करीब 12:0 बजे की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से तत्काल युवती की तलाश शुरू करवाई। कुछ ही देर में उसे नदी से बाहर निकाल लिया गया। गंभीर हालत में पुलिस द्वारा उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चुनार ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में जानकारी होने पर जब एक महिला अस्पताल पहुंची तो उसने मृतका की पहचान अपनी बेटी शिवांगी (22) पुत्री सुरेंद्र सिंह निवासी कछवा डीह के रूप में की। थाना प्रभारी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। साथ ही घटना के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

# डीजीपी ने पुलिस कर्मियों के आश्रित परिजनों को सौंपा चेक

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** यूपी के डीजीपी राजीव कृष्ण ने शुक्रवार को बीती 27 जून को मृत मुख्य आरक्षी दुर्गेश कुमार सिंह, आरक्षी जितेन्द्र पाल, आरक्षी वीरेन्द्र कुमार सरोज व फालवर बृजेश कुमार के शोक संतप्त आश्रित परिजनों को बैंक ऑफ बड़ौदा, पुलिस सैलरी के तहत धनराशि के रूप में चेक प्रदान किया गया। बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा मृत आरक्षी जितेन्द्र पाल के परिजन को पुलिस सेलरी पैकेज के अंतर्गत 01 करोड़ 95 लाख और मुख्य आरक्षी दुर्गेश कुमार सिंह, आरक्षी वीरेन्द्र कुमार सरोज, फालवर बृजेश कुमार को 01 करोड़ 70 लाख रूपये के चेक दिये। बता दें कि आरक्षी जितेन्द्र पाल जनपद बरेली में नियुक्त थे, जिनकी मोटर साईकिल में ट्रैक्टर ट्राली द्वार टक्कर बारह दिसम्बर को मार दी थी।उसी दिन उनकी मौत हो गई थी। मुख्य आरक्षी दुर्गेश कुमार सिंह जनपद जौनपुर में नियुक्त थे, जिनको गो तस्करों द्वारा ड्यिटी के दौरान वाहन रोकते समय कुचल दिया गया था, जिनकी उपचार के दौरान 18 मई को मृत्यु हो गयी थी। आरक्षी वीरेन्द्र कुमार सरोज जनपद फतेहपुर में नियुक्त थे, जिनकी महाकुम्भ मेला में ड्यिटी समाप्त होने के उपरान्त अपने नियुक्ति जनपद फतेहपुर वापस जाते समय डम्पर नें टक्कर मार दी जिससे उनकी मृत्यु हो गयी थी। फालवर बृजेश कुमार जनपद सिद्धार्थनगर में नियुक्त थे, जिनकी मोटर साइकल में पीछे से पिकअप वाहन ने टक्कर मार दी जिससे उनकी मृत्यु हो गयी थी। इस अवसर पर आनन्द स्वरूप अपर पुलिस महानिदेशक पीएचक्यू, एन0 रविन्द्र पुलिस महानिदेशक के जीएसओ, आर0के0 भारद्वाज पुलिस महानिरीक्षक पुलिस भवन कल्याण, प्रतीक अग्निहोत्री जनरल मैनेजर बैंक ऑफ बड़ौदा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।



## रोडवेज बस की टक्कर से घायल मजदूर की मौत

**स्वतंत्र भारत मोहनलालगंज।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के बिंदौवा में 19 दिन पहले तेज रफ्तार बस की टक्कर से घायल साइकिल सवार मजदूर की इलाज के दौरान गुरुवार की देर रात ट्रामा सेंटर में मौत हो गयी।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक मजदूर के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेजा।ज्ञात हो मोहनलालगंज के बिंदौवा गांव के पास 8जून की सुबह रायबरेली से लखनऊ जा रही रोडवेज बस के शराब के नशे में धुत चालक ने घर के बाहर झाडू लगा रही महिला रामदेवी समेत साइकिल से यूपीए एल फैक्ट्री ड्यूटी पर जा रहे मजदूर उमेश गोस्वामी(43)निवासी बिंदौवा को टक्कर मार दी थी।दुर्घटना में महिला रामदेवी की मौके पर मौत हो गयी ओर गंभीर रूप से घायल मजदूर को इलाज के लिये ट्रामा सेंटर भेजा गया था जहां इलाज के दौरान गुरुवार की देर रात मजदूर ने दम तोड़ दिया।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक मजदूर के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेजा।मृतक मजदूर के परिवार में पत्नी गिला देवी व एक बेटा रामबक्श व दो बेटिया रिया व शांति है।

## खबर एक नजर

### सड़क पार करते समय वाहन ने मारी टक्कर, मौत

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** गोसाईंगंज इलाके में लखनऊ सुल्तानपुर मार्ग पर सड़क पार करते समय एक व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम को भेज दिया। इंस्पेक्टर गोसाईंगंज ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर क्षेत्र के जहांगीरपुर गांव निवासी मायाराम(45) किसी काम के लिए घर से निकला था। जो अमरोहा ढाबा के पास सड़क पार करते समय किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही मौत हो गई।

### सड़क हादसे में सिक्योरिटी गार्ड की मौत

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** पीजीआई इलाके में शहीद पथ पर वाहन की टक्कर से एक सिक्यॉरिटी गार्ड गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल गार्ड को इलाज के लिए ट्रामा 2 भिजवाया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पीजीआई पुलिस के मुताबिक मूल रूप से फर्रुखाबाद के सोना जानकीपुर के रहने वाले विक्रम कुशवाहा (24) आशियाना के सेक्टर ओ मानसरोवर में परिवार के साथ रहकर सुशांत गोल्फ सिटी स्थित एक निर्माणाधीन हॉस्पिटल में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। पिता प्रदीप ने बताया कि उनका बेटा गुरुवार नाइट ड्यूटी के बाद शुक्रवार सुबह त?के मोटरसाइकल से घर वापस लौट रहा था तभी पीजीआई के शहीद पथ पुल पर अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकल में पीछे से टक्कर मार दिया जिससे विक्रम गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे गंभीर रूप से जख्मी देखकर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस द्वारा इलाज के लिए ट्रामा पहुंचाया एवं उसके मोबाइल से घर वालों को घटना की सूचना दी गई। ट्राम में डॉक्टर ने इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिवार में पिता प्रदीप सिक्योरिटी गार्ड हैं। छोटा भाई शिवम मां राजकुमारी है। जवान बेटे की मौत के बाद परिवार वाले गहरे सदमे में है।

### टैंकर ने सात लोगों को कुचला, तीन की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** शाहजहांपुर के मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र में बीती देर रात एक तेज रफ्तार अनियंत्रित टैंकर ने सड़क किनारे खड़े कार व बाइकसवारों को कुचल दिया। इस सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई तथा चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर शवों का पोस्टमार्टम कराया है। कटरा प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल ने बताया कि मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात फिलनगर गांव के पास कार सवार कुछ लोग उतर कर सड़क किनारे खड़े बाइक सवार दो युवकों से वातालर्लाप कर रहे थे। इसी बीच कटरा की तरफ जा रहे तेज रफ्तार अनियंत्रित टैंकर ने हाइवे के किनारे ख? होकर इन सात लोगों को कुचल दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सरकारी अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने दो लोगो को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति ने उपचार के दौरान बरेली के एक अस्पताल में दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान जनपद बाराबंकी निवासी योगेश कुमार कुरील (40) एवं विवेक मिश्रा (48) तथा जनपद रामपुर निवासी मुबस्सर अली(38) के रूप में हुई है। जबकि घायल लोगों में बाराबंकी निवासी नरेन्द्र चौधरी, महेश, शिवकुमार तथा रामपुर निवासी जुनैद शामिल हैं। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बाराबंकी के रहने वाले सभी लोग कार से थे। हादसे के बाद पुलिस ने टैंकर, कार और बाइक को पुलिस अभिरक्षा में ले लिया है। पुलिस आवश्यक कार्यवाही कर रही है।

### तेरहवीं से लौट रहे युवक की चाकू मारकर हत्या

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** बलिया के बैरिया थाना क्षेत्र के सिवन राय का टोला गांव में बुधवार की रात्रि लगभग डेढ़ बजे तेरहवीं से लौट रहे युवक की बदमाशों ने चाकू मारकर हत्या कर दी। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। गुरुवार की सुबह एसपी ओमवीर सिंह ने घटनास्थल का निरिक्षण कर हमलावरों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिया। पुलिस के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग 31 पर स्थित सिवन राय का टोला के रहने वाले गोलू यादव पुत्र हरेंद्र यादव गांव में ही तेरहवीं में गया था। कार्यक्रम से वापस आ रहा था तो रास्ते में कुछ अज्ञात लोगों के बीच कहा सुनी हो गयी। सभी पंद्रह से सत्रह साल के बताए जा रहे हैं। जिनमें कुछ किशोरों द्वारा गोलू यादव को चाकू मार कर हत्या कर दी गयी। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना डायल 112 को दी। जिसके बाद स्थानीय पुलिस तत्काल घटना स्थल पर पहुंची। पुलिस की फील्ड युनिट द्वारा भी घटना स्थल का निरीक्षण किया जा रहा है। एसपी ओमवीर सिंह ने बताया कि मृत युवक के परिजनों से तहरीर मिली है। प्रत्यक्षदर्शियों ने कुछ हमलावरों की पहचान भी की है। जिसके आधार मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है। घटना में शामिल अन्य की पहचान के लिए प्रयास किया जा रहा है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगा दी गयी हैं। मौके पर पुलिस फोर्स मौजूद है। लोगों को समझा बुझा कर शान्त करा दिया गया है।

### शारदा नहर में उतराता मिला लापता मासूम का शव

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** राजधानी के काकोरी थाना क्षेत्र में उस वक्त हड़कंप मच गया जब जालिया मऊ गांव के पास शारदा नहर से गुरुवार को एक करीब 7 साल के बच्चे का अज्ञात शव बरामद हुआ। शव की हालत बेहद खराब थी, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि यह कम से कम चार दिन पुराना है।स्थानीय लोगों की सूचना पर काकोरी इंस्पेक्टर सतीश राठौर मौके पर पहुंचे और शव को बाहर निकलवाया। इसके बाद बच्चे की शिनाख्त के प्रयास शुरू किए गए। इंस्पेक्टर सतीश राठौर ने बताया कि हरदोई जिले से एक परिवार को सूचना देकर बुलाया गया था, लेकिन बच्चे की मां ने शव को पहचानने से साफ इनकार कर दिया। उनका कहना था कि यह मेरा बेटा नहीं है। बच्चे की पहचान न हो पाने के कारण पुलिस ने लखनऊ सहित आस-पास के जिलों और नहर किनारे के गांवों में बच्चे की तस्वीरें और जानकारी भेज दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही शव का पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा, जिससे मौत के कारणों का पता चल सके। पुलिस अब बच्चे की पहचान के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

# अवैध असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ पुलिस ने मलिहाबाद इलाके के एक घर में संचालित अवैध असलहा फैक्टरी का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने यहां से अलग-अलग बोर के 158

- 158 कारतूस और कई हथियार बरामद
- सात एयरगन, प्रतिबंधित पशु की खाल मिली

कारतूस, तीन पिस्टल, तमंचा, रायफल, सात एयरगन समेत हथियार बनाने के उपकरण आदि बरामद किये हैं। पुलिस ने अवैध असलाह फैक्टरी संचालक को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त उत्तरी, गोपाल चौधरी ने शुक्रवार को यहां एक पत्रकार वार्ता में बताया कि मलिहाबाद के मिजार्गंज निवासी सलाऊद्दीन उर्फ लाला के घर पर अवैध असलहों के बनाने व तस्करी की सूचना मिली थी। इस पुलिस ने इलाके के पूर्व सिनेमाघर के पास से एक व्यक्ति को पक? लिया।तलाशी के दौरान उसके पास से आठ जिंदा कारतूस बरामद किये। इस पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार उसकी पहचान पूर्व सिनेमाघर तिराहा, मिजार्पुर थाना व कस्बा मलिहाबाद निवासी सलाऊद्दीन उर्फ लाला के रूप में हुई। उससे क?ाई से पूछताछ के बाद मलिहाबाद और रहीमाबाद की थाना पुलिस ने सयुंक्त कार्रवाई करते हुए गुरुवार की रात के उसके ठिकाने पर छापा मारा। छापे के दौरान पुलिस ने उसके घर से 158 कारतूस बरामद हुआ हैं, जिनमें 315 बोर के 18 कारतूस, 68 कारतूस 22 बोर, 40 कारतूस 22 बोर, 12 बोर के 30 कारतूस, 32 बोर के दो कारतूस के अलावा सात एयरगन, तीन पिस्टल समेत अन्य तमंचा, छह बांका, दो छूरी, नौ फरसा व गडांसा और हिरन की खाल आदि बरामद हुई। छानबीन के दौरान पुलिस को आरोपित के बारे में पता चला है कि वह दवा की दुकान चलाता है। उसकी दो बेटियां है। बड़ी बेटी नार्वे में तो दूसरी बेटी परिवार के साथ रहकर इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर रही है। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपित ने यह स्वीकारा है कि अवैध असलहा अपने घर पर बनाता है। आरोपित के घर लोगों का था आना-जानापुलिस के अनुसार उसके आसपड़ोस के लोगों ने अपना नाम न बताने के शर्त पर बताया कि आरोपित सलाऊद्दीन के घर पर लोगों का आना-जाना था। जो लोग आते थे वो बड़े ही खूंखार दिखते थे। कुछ लोग तो उसके घर में किराये का कमरा लेकर रुकते भी थे। रात-रात भर मशीनें चलती थी। आस पड़ोस वाले उसके घर का माहौल देखकर उससे बोलने से भी डरते थे।डीसीपी ने बताया कि आरोपित के खिलाफ अवैध असलहों को बनाने व तस्करी के अलावा प्रतिबंधित पशुओं की खाल रखने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजकर उसके करीबियों और परिवार के लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस अब यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि वो किन लोगों को हथियार सप्लाई करता था। इसके पीछे और कौन लोग शामिल हैं। मोहर्रम से ठीक पहले इतनी बड़ संख्या में हथियार और कारतूस मिलने के बाद एटीएस और अन्य जांच एजेंसियां अलर्ट मोड पर हैं।



## 96 लाख के गांजे संग तस्कर गिरफ्तार




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने अन्तर्राज्यीय स्तर पर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के तीन सक्रिय सदस्यों को सुल्तानपुर जिले के शहर कोतवाली के भदईया ब्लाक के सामने से गिरफ्तार किया है। पकड़े गये

नोमान निवासी ग्राम गोहपुर, थाना हतीन, जनपद-पलवल, हरियाणा व अकरम खान निवासी राधानगरी, अकाटा, भरतपुर, राजस्थान व रवि मिश्रा निवासी खिरौरा मोहन, थाना कोतवाली देहात, गोण्डा के पास से 384 किलो ग्राम अवैध गांजा जिसकी कीमत लगभग 96 लाख रूपये और एक कण्टेनर व तीन मोबाइल फोन व एक आधार कार्ड व एक एटीएम कार्ड। तथा एक डीएल और दो हजार रूपये नकद बरामद किया।एसटीएफ चीफ अमिताभ यश नें बताया कि पकड़े गये आरोपियों का एक संगठित गिरोह है, जो बड़े पैमाने पर मादक पदार्थ (गांजा) की तस्करी करता है। इस गिरोह का सरगना रवि मिश्रा है। इसका पार्टनर राहुल निवासी बहराईच है। राहुल ने कन्टेनर चालक नोमान से सम्पर्क करके पेपर रोल के बीच में सोनपुर उडीसा से गाँजा लोड कराया था। जिसे बहराईच में उतारना था एवं पेपर रोल दिल्ली में पहुँचाना था। कन्टेनर चालक नोमान को रूपये 800/- प्रति किग्रा के हिसाब से पैसा देता है। पकड़े गये आरोपियों के विरुद्ध सुल्तानपुर के थाना कोतवाली देहात पर मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है।

# ई-रिक्शा चालक की बेरहमी से हत्या



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** हाल ही में महानगर क्षेत्र स्थित विज्ञान पुरी में हुई एक युवती की हत्या का मामला शांत भी नहीं पड़ा था कि इसी थाना क्षेत्र में एक ई-रिक्शा चालक की गुरुवार देर रात हत्या कर हत्यारों ने सनसनी फैला दी। उसका खून से लथपथ शव बादशाह नगर मेट्रो स्टेशन के सड़क किनारे पड़ा मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई।सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन की तो शव की पहचान श्रावस्ती जिले के भिनगा निवासी 23 वर्षीय दिनेश कुमार के रूप में हुई,जो बादशाह नगर क्षेत्र में किराए के कमरे में रहकर ई-रिक्शा चलाता था।पुलिस उपायुक्त मध्य ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि दिनेश का पेट फटा था और पीठ में चाकू घुसा हुआ था। इसके अलावा शरीर कई जगह गहरे घाव के निशान थे। उन्होंने बताया कि पुलिस आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से मामले की छानबीन शुरू की पता चला कि इस घटना को अंजाम ई-रिक्शा चालक बहराइच निवासी शिवाकांत मिश्रा ने दिया है। सबूत मिलते ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि दोनों के बीच नशेबाजी को लेकर विवाद हुआ और फिर शिवाकांत ने दिनेश पर ताबड़तोड़ चाकू से वार कर मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस को दिनेश की पीठ में चाकू घुसा हुआ मिला था और शरीर के अन्य हिस्सों पर चोट के निशान थे। पुलिस ने छानबीनल करते हुए शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया।

### महज पांच घंटे में किया खुलासा

महानगर जैसे पॉश इलाके में सनसनीखेज हत्याकांड की खबर से इलाके में हड़कंप मच गया और पुलिस भी हलकान रहीं। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में मामले की छानबीन शुरू की। इस दौरान पुलिस ने पूरी रात जी तोड़ मेहनत कर करीब साढ़े तीन सौ सीसीटीवी फुटेज खंगाले और फिर पुलिस ने करीब पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा कर दिया।

### पूर्व में कई बार हो चुका था दोनों के बीच विवाद

इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि दोनों के बीच पूर्व में भी कई बार विवाद हो चुका था। दोनों में एक दिन किसी न किसी बात को लेकर कहासुनी और मारपीट हो जाती थी। बात बढ़ने पर लोग उन्हें शांत करा देते थे। लेकिन किसी को यह नहीं मालूम था कि एक दिन विवद इतना बढ़ जाएगा कि एक की जान चली जाएगी।

# एटीएस ने नकली नोट सप्लाई करने वाले सरगना को किया गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरोए लखनऊ।** यूपी एटीएस नें जाली भारतीय मुद्रा की छपाई कर उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में सप्लाई करने वाले गैंग का मास्टर माइंड गजेंद्र यादव को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 3ए90ए000 रूपये की जाली भारतीय मुद्रा बरामद की है। एटीएस के मुताबिक जानकारी मिली थी कि दिनेश नगर कालोनीए फरीद नगर रोड पिलखुआए हापुड़ में एक मकान में कुछ लोग जाली भारतीय मुद्रा की छपाई का काम करते हैं जिसे बाद में वह इसे उत्तर प्रदेश के अलग.अलग जिलों में सप्लाई करते हैं।इस सूचना पर 26 जून को जाली भारतीय मुद्रा तस्करी करने वाले गैंग का मास्टर माइंड गजेंद्र यादव व उसके साथी सिद्धार्थ झा को पिलखुआ फरीद नगरए भोजपुर रोड के पास उनकी कार में रखी जाली भारतीय मुद्रा के साथ गिरफ्तार किया गया।एटीएस की माने तो वह इन नोटों को एक पार्टी को देने जा रहे थे। इनकी निशानदेही पर दिनेश नगर पिलखुआए हापुड़ में एक किराए के फ्लैट से जाली मुद्रा को छापने में प्रयोग होने वाले वाटरमार्कए थ्रेड आदि विशेषता युक्त कागजए प्रिंटर व अन्य उपकरणो को जाली मुद्रा बरामद किया गया। इसी फ्लैट पर इनके द्वारा जाली मुद्रा को छापने का कार्य किया जा रहा था। पूछने पर इनके द्वारा बताया गया की जाली मुद्रा को छापने के लिए विशेष कागज विजय वीर चौधरी निवासी ग्राम रसूलपुर थाना सलेमपुर जनपद बुलंदशहर द्वारा उपलब्ध कराया जाता है।इस पर विजय वीर को पिलखुआए हापुड़ से मय पेपर शीट ;वाटरमार्क एवं थ्रेड युक्तद्ध गिरफ्तार किया गया जिसने बताया कि इस पेपर शीट की सप्लाई मेरे द्वारा ऑनलाइन कंपनी अलीबाबाण्कॉम से मंगाकर की जाती है।इस संबंध में थाना एटीएस नें मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।एटीएस नें बताया कि पकड़ा गया गजेंद्र यादव जाली नोटों को छापने के लिए वाटरमार्कए थ्रेड आदि विशेषता युक्त कागजए विजय वीर चौधरी पुत्र मुनेश कुमार निवासी ग्राम रसूलपुर थाना सलेमपुर जनपद बुलंदशहर से खरीदता था। इस पेपर शीट से वह अपने साथी सिद्धार्थ झा पुत्र सुनील झा के साथ लैपटापए प्रिंटर एवं अन्य छपाई में प्रयोग होने वाले उपकरणो की सहायता से जाली भारतीय मुद्रा की छपाई करता था। गजेंद्र यादवए छपी हुई जाली भारतीय मुद्रा को अपने साथियों के माध्यम से उत्तर प्रदेश के अलग अलग जिलों में पार्टियों को सप्लाई करता था। इस गैंग के द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से पार्टियों को तलाश कर उनसे संपर्क कर जाली मुद्रा सप्लाई की जाती थी। पार्टियों की तलाश की जा रही है।

## पूर्व प्रेमी ने युवती को मारा चाकू

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** राजधानी के काकोरी थाना क्षेत्र में गुरुवार देर शाम ऑफिस से घर लौट रही एक युवती पर उसके पूर्व प्रेमी ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में युवती गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, कठिगरा गांव की रहने वाली रुचि यादव एक प्राइवेट ड्यूटी करती हैं। गुरुवार देर शाम जब वह काम खत्म करके अपने घर वापस जा रही थीं, तभी कठिगरा रोड पर आरा मशीन के सामने, हाता हजरत साहब कस्बे में, राज राजपूत नामक युवक ने उन पर चाकू से हमला कर दिया। हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया, जबकि रुचि चीखते हुए सड़क पर गिर गईं। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल रुचि को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भेजा।

# जन औषधि केंद्र खुलवाने के नाम पर व्यापारी से ठगी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** नाका कोतवाली में व्यापारी ने धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया। आरोपित ने जनऔषधि केंद्र खुलवाने का झांसा देकर रुपये लिए थे। पानदरीबा निवासी सुरेश कुमार ने दो मार्च को जनऔषधि केंद्र खोलने के लिए ऑनलाइन सर्च किया था। इंटरनेट पर मिले एक लिंक को खोल कर सुरेश ने फार्म भरा। जिसके बाद उनके पास अनजान नम्बर से कॉल आई। फोन करने वाले ने बताया कि वह जनऔषधि केंद्र हेल्पलाइन से बोल रहा है। इसके बाद ई-मेल से सुरेश के दस्तावेज जमा कराए गए। साथ ही टुकड़ों में करीब एक लाख 12 हजार रुपये लिए। मेडिकल स्टोर आवंटित नहीं हुआ। उल्टे फोन कर लगातार रुपयों की मांग की जाती रही। संदेह होने पर पीड़ित ने साइबर सेल में शिकायत करने के साथ नाका कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया। शेयर ट्रेडिंग और वाईफाई इंस्टाल करने का झांसा देकर साइबर ठगों ने दो लोगों से करीब ढाई लाख रुपये की धोखाधड़ी की। पीड़ितों ने जानकीपुरम और बीबीडी कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। जानकीपुरम सेक्टर-एफ निवासी अनूप कुमार सिन्हा को व्हाटसएप पर वाईफाई लगवाने का मैसेज मिला। बताया गया कि वाईफाई लगवाने पर स्कीम चल रही है। आपको रुपये भी कम देने पड़ेंगे। इसके बाद अनूप के मोबाइल पर ठगों ने रिमोट एक्सेस एप डाउनलोड कराई। जिसके जरिए पीड़ित के मोबाइल को हैंग कर ठगों ने खाते से करीब दो लाख 43 हजार रुपये निकाल लिए। वहीं, गोमतीनगर हासेमऊ निवासी साधना को टेलीग्राम के जरिए एक लिंक भेजा गया। ऑपशन ट्रेडिंग में निवेश करने पर मुनाफे का लालच देकर पीड़िता से करीब छह हजार रुपये जमा कराए गए। साधना ने बीबीडी कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। विजयनगर के मोबाइल व्यापारी को सस्ते में फोन का झांसा देकर ढाई लाख रुपये ठग लिए गए। व्यापारी ने नाका कोतवाली में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप लगाया कि मोबाइल कंपनी का प्रतिनिधि होने का दावा कर सेल्स टारगेट पूर करने पर कम दाम में फोन देने झांसा दिया था। आशियाना मानसरोवर कॉलोनी निवासी हरप्रीत सिंह की नाका के विजयनगर में मोबाइल की दुकान है। पीड़ित के पास अनजान नम्बर से कॉल आई। फोन करने वाले ने मनोज अग्रवाल के तौर पर परिचय दिया। बताया कि वह एप्पल कम्पनी का प्रतिनिधि है। उसे मार्च महीने का टारगेट पूरा करना है। इसलिए हरप्रीत को कम दाम में आईफोन मिल सकते हैं। बात तय होने के बाद मनोज ने व्यापारी को बताया कि कानपुर लाजपतनगर में स्टोर है। वहां किसी को भेज कर मॉल चेक करा लें। हरप्रीत ने रिश्तेदार को भेज कर जांच कराई। इस दौरान फोन भी देखे। इसके बाद ही पीड़ित ने मनोज के भेजे क्यूआर कोड को स्कैन कर ढाई लाख रुपये खाते में जमा किए। फिर भी उन्हें फोन नहीं मिले। मनोज अग्रवाल को कॉल करने पर उसका फोन स्विच ऑफ था। इसके बाद हरप्रीत ने छानबीन कराना शुरू किया। पता चला कि उनके स्कैन किए गए क्यूआर कोड की पेमेंट रसीद दिखा कर बिहार में चार फोन खरीदे गए हैं।

# अच्छा कार्य करने वाले विवेचकों को मिलेगा इनाम

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ई0ओ0डब्लू0) के लखनऊ सेक्टर मुख्यालय में आज शुक्रवार को पुलिस महानिदेशक नीरा रावत ने निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस महानिरीक्षक, ई0ओ0डब्लू0 के0 सुनील इमैन्युअल, पुलिस उपमहानिरीक्षक हृदेश कुमार एवं लखनऊ सेक्टर के अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार यादव तथा लखनऊ सेक्टर के सभी निरीक्षक व उपनिरीक्षक मौजूद थे।इस मौके पर डीजी ई0ओ0डब्लू0 नीरा रावत नें समीक्षा के दौरान ई0ओ0डब्लू0 लखनऊ सेक्टर में लम्बित मुकदमों व जांच और मुकदमों में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी कर विवेचनाओं का गुण-दोष के आधार पर पर्याप्त साक्ष्य संकलन करते हुए माहवार दिये गये लक्ष्य के सापेक्ष निश्चित समयावधि में विधिक निस्तारण के दिशा निर्देश दिये। साथ ही जिन अमियोगों में विवेचनोपरान्त न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किये जा चुके हैं, उनमें सम्यक व प्रभावी पैरवी करने हेतु अभियोजन अधिकारी को भी आवश्यक निर्देश दिये गये। पुलिस महानिदेशक, ई0ओ0डब्ल0 नें यह भी निर्देशित किया गया कि फरार अभियुक्तों की सूची बनाकर मुख्यालय को प्रेषित की जाये, ताकि सम्बन्धित आरोपियों के विरुद्ध पुरस्कार घोषित किये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। लखनऊ सेक्टर के अधिकारी और कर्मचारीगणों के संदर्भ और समस्याओं का अनुश्रवण करते हुए उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त विधिक प्राविधानों के अनुरूप प्रकरणों की समीक्षा करते हुए समुचित प्रकरणों में गैंगस्टर की कार्यवाही कराने हेतु तथा स्थानीय स्तर पर आधारभूत संसाधनों की आवश्यकता हेत् सूचना उपलब्ध कराने के विषय में भी निर्देशित किया। इसके डीजी ई0ओ0डब्ल0 ने कहा कि अच्छे कार्य करने वाले विवेचको की उनके कार्य के अनुसार समीक्षा की जायगी सबसे अच्छा कार्य करने वाले विवेचक को प्रोत्साहित किया जायगा।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## भारत का कड़ा रुख

पिछले करीब पांच दशकों से आतंकवाद की तमाम घातक कुचेष्टाओं का सामना कर रहे भारत का कभी भी किसी यानी अप्रत्यक्ष रूप से भी इसे स्वीकार करने का सवाल ही नहीं है। जो गलत है वह गलत है और गलत ही रहेगा। ये बात एकदम स्पष्ट होने के बावजूद आतंक का प्रश्रयदाता पाकिस्तान और उसका संरक्षक चीन दोहरी चालों से बाज नहीं आ रहे हैं।यह बात शंघाई सहयोग परिषद (एससीओ) की बैठक में एक बार फिर सामने आई जहां इन दोनों देशों ने इस मंच का इस्तेमाल भारत में आतंकवादी गतिविधियों को बेहद साधारण साबित करने की पुरजोर कोशिश की। भारत के लिए अस्वीकार्य है और इसे उसने इस बैठक में भी साफ कर दिया। इसीलिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने परिषद के घोषणापत्र में पहलगाम हमले तथा सीमा पार आतंकवाद का जिक्र न होने पर कड़ी आपत्ति जताई और उसपर हस्ताक्षर करने से भी इन्कार कर दिया। बैठक में भारत ने पहलगाम हमले और सीमा पार से जारी आतंकवाद का मुद्दा उठाया था पर दोनों देशों ने घृणित खेल खेलते हुए पाक में जाफर एक्सप्रेस पर आतंकी हमले को शामिल करने का प्रयास तो किया लेकिन पहलगाम हमले को अलग रखा। भारत ने इसे सिरे से खारिज करते हुए संयुक्त वक्तव्य पर दस्तखत ही नहीं किए। नतीजा रहा कि एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक बिना संयुक्त बयान जारी किए ही खत्म हो गई। यानी साफ हो गया कि आतंकवाद को लेकर भारत किसी ब्लैकमेलिंग या दबाव को मंजूर नहीं करेगा। रक्षा मंत्री ने साफ कहा कि आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता हमारे कार्यों से साबित हो चुकी है जिसमें आतंकवाद से खुद का बचाव करने का हमारा अधिकार भी शामिल है। हमने दिखा दिया है कि आतंकवाद का केंद्र अब सुरक्षित नहीं है और उसे निशाना बनाने में वह नहीं हिचकेगा। दरअसल हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी सर्वोच्चता स्थापित करने के लिए चीन ने पाक को मोहरा बना लिया है। इसीलिए आतंकवाद के मुद्दे पर भी वह बिना किसी शर्म के उसका समर्थन करता रहता है। जबकि उसका यह सपना पूरा होने के रास्ते में भारत सबसे बड़ी रुकावट है। तो अब वह दोगलेपन पर उतर आया है। लेकिन रक्षा मंत्री ने बेहद कड़ा रुख अपना कर उसकी इज्जत ही उतार दी है। पूर्व के अनुभवों को देखते हुए साफ है कि भारत ऐसे कुचक्रों को पूरी तरह बेअसर करने के लिए पूरी तरह से सावधान है।

## लिव इन पर कोर्ट

भारतीय रहन सहन को प्रभावित करने वाले पश्चिमी तौर तरीकों में लिव इन यानी सह जीवन अब काफी प्रमुख हो गया है। इसके पीछे यौन उन्मुक्तता और आजादी से रहने के अधिकारों का तर्क दिया जाता है। हालांकि इसे किसी भी आधार पर आदर्श नहीं माना जा सकता और इसका खोखलापन भी लगातार सामने आता जा रहा है लेकिन नई पीढ़ी आधुनिकता के नशे में इसकी दीवानी हो चुकी है। विवाह परंपरा को निभाते हुए स्त्री-पुरुष के दांपत्य संबंध का आज भी कोई विकल्प नहीं है। इसीलिए पश्चिमी देशों सहित सभी सभ्य समाजों में इसका पालन होता है। अब परंपराओं को तोड़ना भी आज का फैशन बन चुका है। तो लिव इन अपने चहेतों में स्वीकार्यता पाता जा रहा है। अब इलाहाबाद हाई कोर्ट ने भी कहा है कि लिव इन संबंधों की अवधारणा भारतीय मध्यमवर्गीय समाज में स्थापित मूल्यों के विपरीत है। उसका साफ कहना है कि लिव इन संबंध महिलाओं को अधिक अनुपात में नुकसान पहुंचाते हैं। पुरुष ऐसे रिश्ते खत्म होने के बाद आगे बढ़ सकते हैं लेकिन महिलाओं के लिए ब्रेकअप के बाद जीवन साथी ढूंढना मुश्किल होता है। कोर्ट ने इस बात को भी उठाया है कि ऐसे संबंधों की अवधारणा ने युवा पीढ़ी को काफी आकर्षित किया है लेकिन इसके दुष्परिणाम भी ऐसे मामलों में देखे जा रहे हैं। कोर्ट का यह कथन इसलिए ध्यान देने योग्य है कि ऐसे रिश्ते में रहने वाली महिलाओं को आगे चलकर छोड़ देने और उनकी हत्या कर देने तक की घटनाओं में हाल के दिनों में काफी बढ़ोतरी हुई है। दिल्ली का जघन्य श्रद्धा वाल्कर हत्याकांड इसी की नजीर है। अन्य शहरों में भी ऐसे रिश्तों में रह रही महिलाओं-लड़कियों का अकल्पनीय अंजाम सामने आ चुका है जिनमें इस चलन के केंद्र माने जाने वाले मुंबई, कोलकाता और हैदराबाद जैसे शहरों के युवक-युवतियां भी हैं। ऐसे में यह बात नई पीढ़ी को ही सोचनी होगी कि जिस आधुनिकता की अंधी दौड़ में वे ऐसे बेमतलब कदम उठा रहे हैं, उसका हकीकत में क्या अर्थ और फायदा है। यह उन लोगों के लिए तो ठीक हो सकता है जो मर्यादा में विश्वास नहीं रखते हैं लेकिन मूल्यों की तनिक भी परवाह है तो ऐसे रिश्ते आगे चलकर सफल नहीं ही होंगे।

## कॉंव-कॉंव

♦♦♦

**लखनऊ के शुभांशु शुक्ला पहुंच गये अंतरिक्ष में**
लखनऊ की आबोहवा भी कुछ इधर ठीक नहीं!

**महाराष्ट्र की मतदाता सूची दे चुनाव आयोग-राहुल**
खुद अपने पैरों पर कुल्हाड़ी कौन मारता है?

**आतंकी गतिविधि पर कई जगह एनआईए छापा**
पहलगाम के आतंकी अभी देश में ही होंगे!

**अलकनंदा नदी में गिरी तीर्थयात्रियों से भरी बस**
रामराज्य में स्वर्गयात्राएं बहुत सुगम हो गयी हैं!


**केदारनाथ यात्रा पर मौसम की मार से लगी रोक**
मोक्षधाम केदारनाथ अब पर्यटन स्थल बन गया!

**एससीओ समिट दस्तावेज पर भारत सहमत नहीं**
यही दृढ़ता आगे भी बनी रहे तो बहुत अच्छा है!

♦♦♦

# भारतीय अंतरिक्ष अभियान का नया युग

जब विंग कमांडर रिटायर्ड राकेश शर्मा अप्रैल 1984 में सोवियत अंतरिक्ष यान के जरिए अंतरिक्ष की यात्रा पर गए थे, तब ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का जन्म भी नहीं हुआ था. उनके जन्म से पहले ही राकेश शर्मा की यह उपलब्धि भारतीय जनमानस का हिस्सा बन चुकी थी – स्कूलों में



**– अशोक भाटिया**

सुनाई जाने वाली गर्व की एक कहानी.अब, 41 साल बाद, शुभांशु शुक्ला ने वही ऐतिहासिक कदम दोहराया है और अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले भारत के दूसरे नागरिक बन गए हैं. इन दो यात्राओं के बीच का लंबा अंतराल बहुत कुछ कहता है – बदलती प्राथमिकताओं, अंतरराष्ट्रीय समीकरणों और स्वदेशी क्षमताओं के धीरे-धीरे विकसित होने की कहानी.लेकिन अब हालात बदल गए हैं. जहां राकेश शर्मा को सोवियत मिशन का हिस्सा बनकर जाना पड़ा था क्योंकि भारत के पास तब अपना मानव अंतरिक्ष मिशन नहीं था, वहीं शुक्ला की उड़ान उस समय हो रही है जब भारत अपनी मानव अंतरिक्ष यात्रा की दिशा में मजबूत कदम बढ़ा चुका है. भले ही शुक्ला का मिशन (AX-4) अब भी अंतरराष्ट्रीय साझेदारी के तहत हुआ हो, लेकिन यह भारत के आत्मनिर्भर अंतरिक्ष अभियान के नए युग की शुरुआत का संकेत है.


भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने अब तक कई अहम तकनीकों को विकसित कर लिया है जो अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करती हैं – जैसे कि क्रू एस्केप सिस्टम का परीक्षण और ऊंचाई पर आपातकालीन रद्दीकरण का सफल प्रदर्शन. इस साल के अंत तक गगनयान मिशन के तहत पहला बिना मानव वाला परीक्षण प्रस्तावित है, जिसके बाद कई और परीक्षण किए जाएंगे ताकि इंसानों को सुरक्षित भेजने की तैयारी पूरी हो सके.अब हालात पहले जैसे नहीं हैं, जब भारत को मानव अंतरिक्ष यात्रा के लिए दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता था. गगनयान मिशन पूरी तरह स्वदेशी है – यह मिशन 400 किलोमीटर की कक्षा तक यात्रियों को ले जाकर, सात दिनों तक उन्हें अंतरिक्ष में रखकर सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन किया गया है. इसमें कितने अंतरिक्ष यात्री भेजे जाएंगे और मिशन कितने दिन का होगा, इस पर अंतिम निर्णय बाद में लिया जाएगा. इसके लिए भारत के शक्तिशाली रॉकेट LVM3 को संशोधित किया गया है, जिसने पहले ही अपनी विश्वसनीयता साबित कर दी है। रॉकेट के आसमान में प्रवेश करते ही भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुक्ला 1984 में राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले दूसरे भारतीय और अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की यात्रा करने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री बन गए। शुक्ला (39) के पास विभिन्न प्रकार के लड़ाकू जेट विमानों पर 2,000 घंटे से अधिक की उड़ान का अनुभव है। लखनऊ में जन्मे शुक्ला इसरो-नासा समर्थित एक्सिओम स्पेस के वाणिज्यिक अंतरिक्ष यान का हिस्सा हैं, जो फ्लोरिडा स्थित कैनेडी स्पेस सेंटर से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए 14 दिन की यात्रा पर रवाना हुआ है।लाखों लोग अंतरिक्ष में उड़ने का सपना देखते हैं और शुक्ला जैसे कुछ लोग इसे साकार कर पाते हैं।उनकी बड़ी बहन शुचि शुक्ला को याद है कि यह सब कब शुरू हुआ था।उन्होंने कहा, ''बचपन में वह एक बार एयर शो देखने गया था। बाद में उसने मुझे बताया कि वह विमान की गति और ध्वनि से कितना मोहित हो गया था। फिर उसने उड़ने के अपने सपने के बारे में बताया, लेकिन निश्चित रूप से उस समय कोई नहीं बता सकता था कि वह अपने सपने को कितनी जल्दी पूरा करेगा।'' शुचि ने प्रक्षेपण से पहले पीटीआई-भाषा से कहा, ''एक भारतीय और उसकी बहन के तौर पर यह निश्चित रूप से बहुत गर्व का क्षण है, क्योंकि मेरे भाई की अंतरिक्ष यात्रा में एक अरब भारतीयों की उम्मीदें और आशीर्वाद है।'' गौरतलब है कि पिछले दो-तीन दशकों में, भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को इसकी आर्थिक प्रगति द्वारा उजागर किया गया है। अधिकतम आत्मनिर्भरता ने अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में भूमिका निभाई है। भारत ने 2023-24 में अन्य देशों के कुल 11 कृत्रिम और नौ उपग्रह लॉन्च किए हैं। भारत एक तीर से 20 उपग्रहों को लॉन्च करने वाला पहला देश है। उपग्रह प्रक्षेपण के अलावा, भारतीय मूल की महिला अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स नौ महीने से अधिक समय तक अंतरिक्ष में रहीं। इसके बाद वे धरती पर लौट आए थे। लंबे इंतजार के बाद, फाल्कन रॉकेट भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के साथ Axiom IV मिशन के हिस्से के रूप में अंतरिक्ष के लिए रवाना हुआ। टीम का नेतृत्व



अनुभवी कमांडर पेगी व्हिटसन कर रहे हैं, जिनके साथ हंगरी के टिबोर कैपू और पोलैंड के स्लोवोज़ विस्निवस्की हैं। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए स्पेसएक्स के स्वयंसिद्ध मिशन 4 (AX-4) के हिस्से के रूप में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए 14 दिवसीय मिशन शुरू किया। वह मिशन के पायलट हैं और उन्होंने 25 जून, 2025 को सुबह 12:01 बजे ड्रैगन को सफलतापूर्वक लॉन्च किया।

यह मिशन एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है क्योंकि शुभांशु अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय और आईएसएस का दौरा करने वाले पहले व्यक्ति हैं। स्वयंसिद्ध मिशन 4 ह्यूस्टन का निजी अंतरिक्ष यात्री मिशन है। उनकी उड़ान देश के अंतरिक्ष इतिहास में एक नए अध्याय की शुरुआत का प्रतीक है। यह मिशन भारत को अंतरिक्ष की दुनिया में निर्णायक भूमिका में वापस लाएगा। इसरो ने इस मिशन के लिए अनुमानित 550 करोड़ रुपये खर्च किए हैं और शुभांशु अंतरिक्ष स्टेशन में सात स्वतंत्र वैज्ञानिक प्रयोग करेंगे। दालों की अंकुरण प्रक्रिया, मानव कोशिकाओं पर गुरुत्वाकर्षणहीनता के प्रभाव और चावल, टमाटर और बैंगन के बीजों पर गुरुत्वाकर्षण वातावरण के प्रभाव का अध्ययन। शुक्ला भारतीय वायु सेना के एक सम्मानित परीक्षण पायलट हैं। वह 17 जून, 2006 को वायु सेना के युद्ध क्षेत्र में शामिल हुए। वह 17 जून, 2006 को IAF युद्ध क्षेत्र में शामिल हुए। उन्होंने सुखोई -30 MKI, मिग -21, मिग -29, उन्होंने जगुआर, हॉक, डोर्नियर और N-32 सहित विभिन्न विमान उड़ाए हैं। वे अब अंतरिक्ष में जाने वाले पांचवें भारतीय बन गए हैं। वह गगनयान मिशन में भाग लेने वाले मुख्य दावेदारों में से एक हैं। 10 अक्टूबर 1985 को लखनऊ में जन्मे, शुक्ला ने पुणे में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी से स्नातक की उपाधि प्राप्त की और बेंगलुरु में भारतीय विज्ञान संस्थान में एयरोस्पेस इंजीनियरिंग का अध्ययन किया। इसलिए मैंने प्रशिक्षण लिया। विंग कमांडर राकेश शर्मा की 1984 में ऐतिहासिक उड़ान के 41 साल बाद भारत एक बार फिर मानव मिशन के तहत एक भारतीय को अंतरिक्ष में भेज रहा है। मिशन के बारे में शुभांशु शुक्ला गर्व से कहते हैं, 'मैंने स्कूल की किताबों में राकेश शर्मा जी के बारे में पढ़ा था, उनके अनुभवों ने मुझे प्रेरित किया। आज मैं भी उस रास्ते पर हूं। यह मेरे लिए गर्व और जिम्मेदारी की बात है। राकेश शर्मा ने 3 अप्रैल, 1984 को सोयूज टी -11 अंतरिक्ष यान लॉन्च किया था।

## प्रेमचंद की कहानियां



### बूढ़ी काकी

रात कैसे कटेगी ? राम! क्या खाऊं? पेट में अग्नि धधक रही है। हा! किसी ने मेरी सुधि न ली! क्या मेरा पेट काटने से धन जुड़ जायेगा? इन लोगों को इतनी भी दया नहीं आती कि न जाने बुढ़िया कब मर जाय ? उसका जी क्यों दुखावें? मैं पेट की रोटियां ही खाती हूं कि और कुछ ? इस पर यह हाल। मैं अंधी, अपाहिज ठहरी, न कुछ सुनूं न बूझें। यदि आंगन में चली गयी तो क्या बुद्धिराम से इतना कहते न बनता था कि काकी अभी लोग खा रहे हैं फिर आना मुझे घसीटा, पटका। उन्हीं पूड़ियों के लिए रूपा ने सबके सामने गालियां दीं। उन्हीं पूड़ियों के लिए इतनी दुर्गति करने पर भी उन पत्थर का कलेजा न पसीजा। सबको खिलाया, मेरी बात तक न पूछी। जब तब ही न दीं, तब अब क्या देंगे?

यह विचार कर काकी निराशामय संतोष के साथ लेट गयीं। ग्लानि से गला भर-भर आता था, परन्तु मेहमानों के भय से रोती न थीं।

सहसा उनके कानों में आवाज आयी- 'काकी उठो मैं पूड़ियां लायी हूं।' काकी ने लाडली की बोली पहचानी। चटपट उठ बैठीं। दोनों हाथों से लाडली को टटोला और उसे गोद में बैठा लिया। लाडली ने पूड़ियां निकाल कर दी।

काकी ने पूछा-क्या तुम्हारी अम्मा ने दी हैं?

लाडली ने कहा-नहीं, यह मेरे हिस्से की हैं।

काकी पूड़ियों पर टूट पड़ीं। पांच मिनट में पिटारी खाली हो गयी। लाडली ने पूछा-काकी पेट भर गया।

जैसी थोड़ी-सी वर्षा ठंडक के स्थान पर और भी गर्मी पैदा कर देती है उस भांति इन थोड़ी पूड़ियों ने काकी की क्षुधा और इच्छा को और उत्तेजित कर दिया था। बोलीं-नहीं बेटी, जाकर अम्मां से और मांग लाओ।

लाडली ने कहा-अम्मां सोती हैं, जगाऊंगी तो मारेंगी।

काकी ने पिटारी को फिर टटोला। उसमें कुछ खुर्चन गिरी थी। उन्हें निकाल कर वे खा गयीं। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**नाहारं चिन्तयेत्प्राज्ञो धर्ममेकं हि चिन्तयेत्द्ध।**
**आहारो हि मनुष्याणां जन्मना सह जायते।।**

विद्वान् व्यक्ति को अपने आहार की चिंता न करते हुए केवल धर्म के अनुष्ठान में प्रवृत्त होना चाहिए, क्योंकि आहार तो व्यक्ति के जन्म के साथ ही उत्पन्न हो जाता है।

♦♦♦

# भारतीय क्रिकेट का संक्रमण काल

भारतीय क्रिकेट एक अहम संक्रमण काल से गुजर रहा है, इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज की शुरुआत जहां भारतीय बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से हुई, वहीं कमजोर फील्डिंग और बुमराह पर अत्यधिक निर्भरता ने हार की भूमिका भी रची. यही समय है कि भारतीय क्रिकेट युवा नेतृत्व, टीम

**– अभिषेक दुबे**

भावना और अनुशासन के सहारे अपनी नई पहचान गढ़ सकता है. शुभमन गिल के नेतृत्व में इंग्लैड के खिलाफ भारतीय बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया, दोनों पारियों में पांच शतक बनाये, जिनमें पंत की दोनों पारियों में शतक थे. पर गेंदबाजी में बुमराह पर अतिरिक्त निर्भरता और खराब फील्डिंग से भारत पांच टेस्ट मैच की सीरीज का पहला टेस्ट हार गया. भारत का इंग्लैंड के खिलाफ इंग्लैंड में मौजूदा टेस्ट सीरीज न सिर्फ एक नये टेस्ट चैंपियनशिप साइकिल की शुरुआत है, बल्कि शुभमन गिल की अगुवाई में नये भारत की टीम इंडिया का आगाज भी है. विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविचंद्रन अश्विन की वक्त-वक्त पर कमी खलेगी, पर मौजूदा सीरीज नये चैंपियन और नये हीरो सामने लेकर आयेंगे. ठीक वैसे ही, जैसे सुनील गावस्कर और कपिल देव के बाद सचिन तेंदुलकर और सौरव गांगुली आये, फिर महेंद्र सिंह धोनी तथा युवराज सिंह का दौर आया और फिर विराट कोहली व रोहित शर्मा ने टीम इंडिया की दशा-दिशा तय की. लीड्स टेस्ट मैच में ओपनर यशस्वी जायसवाल ने केएल राहुल के साथ मिलकर टीम इंडिया को बेहतरीन शुरुआत दी थी. वह शुरुआत, जो रोहित शर्मा न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में कर पाने में पूरी तरह से नाकाम रहे. रोहित बीते कुछ वर्ष में अपने डिफेंस पर भरोसा पूरी तरह से खो चुके थे और टेस्ट मैच में इसकी भरपाई अनावश्यक अतिआक्रमण से करते दिखे. शुभमन गिल ने अपनी कप्तानी की शुरुआत शतकीय पारी से की. ऋषभ पंत की बल्लेबाजी में आक्रामकता भी दिखी. ऐसे में क्रिकेट के कुछ दिग्गज दबी जुबान से सवाल करने लगे हैं कि रोहित शर्मा और विराट कोहली ने जाने में देर तो नहीं कर दी? अगर टीम की जिम्मेदारी यशस्वी-राहुल-गिल और पंत को न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दे दी गयी होती, तो क्या भारत वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का लगातार तीसरा फाइनल खेला होता? खेल में हीरो जरूरी हैं. लेकिन समस्या तब होती है, जब ये हीरो खेल से बड़े हो जाते हैं. विराट कोहली और रोहित शर्मा का टीम इंडिया में बहुमूल्य योगदान रहा. अगर कोहली विश्व क्रिकेट के



सुपरस्टार थे, तो रोहित शर्मा सफेद बॉल क्रिकेट के जबरदस्त कप्तान और धाकड़ बल्लेबाज. पर बीते कुछ वक्त से इनका कद सुपरस्टार की तरह का हो गया था. मीडिया, ब्रॉडकास्टर और पीआर के ताने-बाने ने इन दोनों के आसपास एक मायाजाल बना रखा था. खासकर नये हेड कोच गौतम गंभीर इससे सहज नहीं थे. क्रिकेट एक टीम गेम है और इसमें सभी खिलाड़ी मिलकर टीम को चैंपियन बनाते हैं. इसलिए तो दक्षिण अफ्रीका बावुमा की अगुवाई में चैंपियन बना, जिनका दर्जा कतई सुपरस्टार का नहीं है. कीवी टीम बिना सुपरस्टार कल्चर के लगातार बेहतरीन प्रदर्शन करती है. भारत भी विश्व कप से लेकर टी-20 वर्ल्ड चैंपियनशिप और बड़ी टेस्ट सीरीज का विजेता तब बना, जब सभी खिलाडियों ने अपना योगदान दिया. भारत बेशक लीड्स टेस्ट हार गया है, पर शुभमन गिल की कप्तानी और गौतम गंभीर की देखरेख में नये भारत की टीम इंडिया बनाने का सुनहरा मौका है. कोच गौतम गंभीर के एजेंडे में भारतीय टीम में सुपर स्टार कल्चर से परे यंग लीडरशिप ग्रुप बनने का मौका है. इसमें टीम फर्स्ट का पहला और आखिरी उद्देश्य होगा. भारतीय क्रिकेट में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है. आइपीएल के बाद युवा खिलाडियों को दिग्गज खिलाडियों के खिलाफ एक्सपोजर भी मिलता है. बस, जरूरत है युवा प्रतिभाओं को इंडिया फर्स्ट का मूलमंत्र देकर एक सूत्र में पिरोने की. लीड्स टेस्ट ने बल्लेबाजी में लीडरशिप ग्रुप की रेखा तय कर दी है. इस लीडरशिप ग्रुप में यशस्वी-गिल-पंत और केएल राहुल की अहम भूमिका होगी. साई सुदर्शन में भी जबरदस्त प्रतिभा है, लेकिन यह सीरीज तय कर देगा कि वह बड़े स्तर के लिए तैयार हैं या नहीं. करुण नायर और ध्रुव जुरेल भी टीम में अपनी जगह तय करने में कसर नहीं छोड़ेंगे. तेज गेंदबाजी में भारत के पास जसप्रीत बुमराह के तौर पर विश्व क्रिकेट का बेहतरीन गेंदबाज है. पर मोहम्मद शमी का बेहतरीन दौर खत्म होने के बाद शेष गेंदबाजों को उनका साथ देने की जरूरत है. लीड्स टेस्ट में मोहमद सिराज ने निराश किया. अगर शेष मैचों में भी सिराज इंग्लैंड जैसे तेज गेंदबाजों के लिए माकूल जगह पर छाप नहीं छोड़ सके, तो उनका विकल्प खोजने का वक्त आ गया है. प्रसिद्ध कृष्णा ने बेहतर प्रदर्शन किया है, पर मौजूदा सीरीज में उनसे और बेहतरी तथा निरंतरता की जरूरत होगी, खासकर उन मैचों में, जिनमें बुमराह टीम का हिस्सा नहीं होंगे. सीरीज यह भी तय करेगी कि क्या रविंद्र जडेजा में स्पिन ऑलराउंडर के तौर अब भी जान है या फिर कुलदीप यादव जैसे गेंदबाज को बराबर टीम में मौका देने का वक्त आ गया है. पर लीड्स टेस्ट में चिंता का कारण टीम की खराब फील्डिंग और खासकर कैचिंग रही. यशस्वी जायसवाल ने अगर क्लोज इन कैच नहीं छोड़े होते, तो बुमराह ने शायद तीन सौ के अंदर इंग्लैंड की पहली पारी को पैक कर दिया होता. टीम इंडिया के लिए यह संक्रमण काल है, पर ईमानदारी से किया गया समुद्रमंथन भारत को इंडिया फर्स्ट के मूलमंत्र के सहारे विश्वविजेता बना सकता है।

## प्रेरक प्रसंग — धन सफलता प्रेम

एक दिन एक औरत अपने घर के बाहर आई और उसने तीन संतों को अपने घर के सामने देखा। वह उन्हें जानती नहीं थी। औरत ने कहा कृपया भीतर आइये और भोजन ...करिये।

संत बोले क्या तुम्हारे पति घर पर हैं?

औरत ने कहा नहीं, वे अभी बाहर गए हैं।

संत बोले हम तभी भीतर आयेंगे जब वह घर पर हों।

शाम को उस औरत का पति घर आया और औरत ने उसे यह सब बताया।

औरत के पति ने कहा जाओ और उनसे कहो कि मैं घर आ गया हूं और उनको आदर सहित बुलाओ।

औरत बाहर गई और उनको भीतर आने के लिए कहा।

संत बोले हम सब किसी भी घर में एक साथ नहीं जाते।

पर क्यों? औरत ने पूछा।

उनमें से एक संत ने कहा मेरा नाम धन है फिर दूसरे संतों की ओर इशारा कर के कहा इन दोनों के नाम सफलता और प्रेम हैं। हममें से कोई एक ही भीतर आ सकता है। आप घर के अन्य सदस्यों से मिलकर तय कर लें कि भीतर किसे निमंत्रित करना है।

औरत ने भीतर जाकर अपने पति को यह सब बताया। उसका पति बहुत प्रसन्न हो गया और बोला यदि ऐसा है तो हमें धन को आमंत्रित करना चाहिए। हमारा घर खुशियों से भर जाएगा।

लेकिन उसकी पत्नी ने कहा मुझे लगता है कि हमें सफलता को आमंत्रित करना चाहिए।

उनकी बेटी दूसरे कमरे से यह सब सुन रही थी। वह उनके पास आई और बोली मुझे लगता है कि हमें प्रेम को आमंत्रित करना चाहिए। प्रेम से बढ़कर कुछ भी नहीं है। तुम ठीक कहती हो, हमें प्रेम को ही बुलाना चाहिए उसके माता-पिता ने कहा।

औरत घर के बाहर गई और उसने संतों से पूछा आप में से जिनका नाम प्रेम है वे कृपया घर में प्रवेश कर भोजन ग्रहण करें।

प्रेम घर की ओर बढ़ चले। बाकी के दो संत भी उनके पीछे चलने लगे। औरत ने आश्चर्य से उन दोनों से पूछा मैंने तो सिर्फ़ प्रेम को आमंत्रित किया था। आप लोग भीतर क्यों जा रहे हैं?

उनमें से एक ने कहा यदि आपने धन और सफलता में से किसी एक को आमंत्रित किया होता तो केवल वही भीतर जाता। आपने प्रेम को आमंत्रित किया है। प्रेम कभी अकेला नहीं जाता। प्रेम जहां-जहां जाता है, धन और सफलता उसके पीछे जाते हैं।

## आपका पत्र मिला

### सरकार वन नेशन वन एजूकेशन समान शिक्षा लागू करे

शिक्षा प्राप्त व्यक्ति शिक्षित और विद्वान बनता है। शिक्षा अर्जित प्रक्रिया का सुफल है। हर व्यक्ति जीवन के अंत तक विद्यार्थी बना रहता है। भारत में समान शिक्षा वन नेशन, वन एजुकेशन शुरू करने की आज के समय की बहुत बड़ी मांग है। देश में धर्म दो भागों में विभाजित हो चुका है। हमारा धर्म श्रेष्ठ है और आपका धर्म कुछ भी नही है जैसी मानसिकता बनती जा रही है। राज्य के मुख्यमंत्रियों और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विकास के साथ लाखों हिन्दू धर्मावलंबियों के बारे में सोचने की आवश्यकता है। देश में हिन्दू मुसलमान की सभी हदें पार हो रही है। धर्मांतरण का खेल बड़ी चालाकी से हर राज्य में चल रहा है। हिन्दू बच्चियों को नाम और संस्कार बदलकर फसाया जाता है। उनके साथ शादियां रचाई जा रही है। शादी के बाद उनको धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया जाता है। यह सिलसिला चल रहा है। लेकिन देश में किसी को उन हिंदुओं की चिंता नही है। वर्तमान में हिन्दू धर्म के प्रति समर्पित भाजपा सरकार होते हुए लव जिहाद की घटना रोज अखबारों की सुर्खियों में रहती है। विपक्ष तुष्टिकरण की नीति अपनाता है। अगर भविष्य में गैर भाजपा सरकार बन गई तो हिंदुओ की जो स्थिति पाकिस्तान,बांग्लादेश और संभल में हुई है, वैसी ही होगी। सरकार को कठोर कानून बनाना चाहिए। चीन और अन्य देश मे लव जिहाद जैसे कृत्य क्यों नहीं होते हैं। वहां कानून मजबूत है। भारत मे करोड़ो घुसपैठियों को नागरिकता मिल गई है या अवैध रूप से रह रहे है। इनको बाहर निकाला जाना चाहिए। इन अपराधियों की सम्पति जब्त की जाए, आजीवन कारावास की सजा सुनाई जाए। देश में समान शिक्षा की जरूरत है। देश मे वन नेशन वन एजुकेशन की आवश्यकता है। देश मे मदरसों में क्या पढ़ाया जाता है यह सरकार को भी ज्ञात नहीं है। नफरत फैलाने वालों की जगह जेल है।

**कांतिलाल मांडोत**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com*

# बच्चों को हो रहा सर्दी बुखार तो अपनाएं ये आसान घरेलू इलाज



बरसात का मौसम बच्चों के लिए जितना मज़ेदार होता है, उतना ही उनकी सेहत के लिए खतरनाक भी हो सकता है। इस मौसम में हवा में नमी बढ़ जाती है और तापमान में उतार-चढ़ाव होता रहता है जिससे बच्चों को सर्दी, जुकाम और बुखार जैसी बीमारियां जल्दी हो सकती हैं। छोटे बच्चों को स्वस्थ रखना इस मौसम में चुनौती बन जाता है।

**बरसात के मौसम में बच्चों को सर्दी-जुकाम क्यों होता है?**

एक्सपर्ट्स के मुताबिक, छोटे बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता पूरी तरह विकसित नहीं होती है। इसलिए वे वायरस, बैक्टीरिया या फंगल संक्रमण का जल्दी शिकार हो जाते हैं। बारिश के समय हवा में नमी बनी रहती है और तापमान में बदलाव से शरीर का तापमान ठीक से संतुलित नहीं रह पाता, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है।

बच्चों को बारिश में भीगना बहुत पसंद होता है, लेकिन बारिश में भीगना, गंदे पानी में खेलना या गीले कपड़े लंबे समय तक पहने रहना उनकी सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। इससे सर्दी, जुकाम और बुखार जैसी समस्याएं हो सकती हैं। बारिश के मौसम में बैक्टीरिया, वायरस और फंगस तेजी से फैलते हैं। ऐसे में बच्चों की साफ-सफाई का खास ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है।

**बच्चों की सर्दी**-जुकाम और बुखार में राहत के घरेलू नुस्खे

**हल्दी वाला दूध**- सोने से पहले गुनगुने दूध में थोड़ी हल्दी मिलाकर बच्चों को पिलाएं। हल्दी में एंटीसेप्टिक और एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं, जो संक्रमण से लड़ने और गले की खराश में आराम देने में मदद करते हैं।

**अदरक, तुलसी और शहद का काढ़ा**- गले की खराश, खांसी या बुखार में तुलसी के पत्ते, अदरक, काली मिर्च और शहद का काढ़ा बहुत फायदेमंद होता है। लेकिन यह काढ़ा एक साल से कम उम्र के बच्चों को नहीं देना चाहिए।



**सोंठ और गुड़**-सर्दी-बुखार में सोंठ और गुड़ का सेवन लाभकारी होता है। सोंठ, हल्दी, काली मिर्च और तुलसी को पानी में उबालकर काढ़ा बनाएं और बच्चों को हल्का गुनगुना करके पिलाएं।

**गुनगुना पानी**- सर्दी-जुकाम या बुखार होने पर बच्चों को ठंडी चीजें नहीं देनी चाहिए। उन्हें गुनगुना या हल्का गर्म पानी पिलाएं, जिससे गले की सूजन और तकलीफ कम हो सकती है।

**नमक के पानी से गरारा**- अगर बच्चा थोड़ा बड़ा है तो गुनगुने पानी में नमक डालकर गरारा करवाया जा सकता है। इससे गले की खराश और सूजन में आराम मिलता है।

**तुलसी और अदरक का रस**- तुलसी के पत्तों और अदरक का रस थोड़े से शहद में मिलाकर देने से सर्दी-जुकाम और बुखार में राहत मिलती है।

**तरल पदार्थों का सेवन**- बुखार होने पर बच्चों को ज्यादा से ज्यादा पानी पिलाएं। इसके साथ ही नारियल पानी, सूप या ताजे फलों का रस भी दें। इससे शरीर में पानी की कमी नहीं होती और ऊर्जा बनी रहती है।

**बारिश के पानी और संक्रमण से बचाव के उपाय**

बच्चों को बारिश में भीगने या गंदे पानी में खेलने से बचाएं।
गीले कपड़ों को तुरंत बदल दें और सूखे, हल्के कपड़े पहनाएं।
बच्चों की साफ-सफाई का खास ध्यान रखें और बार-बार हाथ धोवाएं।
बच्चों को पौष्टिक और संतुलित आहार दें ताकि उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत हो।
बच्चों को पूरा आराम और नींद लेने का समय दें।
समय-समय पर बच्चों का टीकाकरण करवाते रहें।

**कब डॉक्टर से संपर्क करें?**

अगर सर्दी-जुकाम या बुखार के लक्षण दो दिन से ज्यादा समय तक बने रहें तो डॉक्टर से जरूर मिलें। डॉक्टर की सलाह पर ही दवाइयां लें और आवश्यक टेस्ट कराएं। डॉक्टर से तुरंत संपर्क करें यदि बुखार 2 दिनसे ज्यादा हो या तेज हो जाए। सांस लेने में दिक्कत हो, लगातार खांसी हो, उल्टी हो या दौरे पड़ें। बच्चा बहुत सुस्त हो जाए, चिड़चिड़ा हो जाए या खाना-पीना बंद कर दे।

## जैसा कर्म वैसा फल



**कहानी**

किरण आज स्कूल में होने वाले चित्रकारी प्रतियोगिता के लिए बहुत उत्साहित थी। उसने रात को ही अपने सारे पेंटिंग कलर्स स्कूल बैग में रख लिए थे। उसकी क्लास की एक लड़की निधि अपने कलर्स लाना भूल गई थी। उसे पता था कि किरण कलर्स ज़रुर ले आई होगी। जब सभी बच्चे क्लास से बाहर गए। तब निधि ने चुपके से किरण के बैग से उसके कलर्स निकाल लिए। किरण ने किताबें निकालने के लिए बैग खोला तो उसे अपने कलर्स नहीं दिखे। वह परेशान हो गई। ÷हे भगवान! मेरे कलर्स कहाँ गए, मैंने तो बैग में ही रखे थे। अब मैं पेंटिंग कैसे करूँगी! किरण परेशान होकर अपने कलर्स इधर-उधर ढूंढने लगी। निधि उसे परेशान देख मन ही मन खुश हो रही थी। प्रतियोगिता शुरू होने में अभी थोड़ा समय बाकी था। अचानक किरण को एक तरकीब सूझी। वह दौड़कर स्कूल के गार्डन में पहुँची। वहाँ उसने माली की आज्ञा से कुछ फूल और पत्तियाँ तोड़ी। फिर वह केमिस्ट्री लैब में गई और फूलों और पत्तियों को पीस कर उसमे कुछ रसायन मिलाकर अलग-अलग रंग तैयार किए। इन रंगों का इस्तेमाल करके किरण ने कृष्ण भगवान की एक मनमोहक तस्वीर बनाई। उसने अपने सहपाठी को भी रंग दिए जो अपने कलर्स लाना भूल गया था। निधि ने भी एक सुंदर प्राकृतिक दृश्य (लैंडस्केप) बनाया। निधि को पूरा विश्वास था कि इस बार प्रतियोगिता में वही प्रथम आएगी। पर अचानक निधि की बनाई हुई तस्वीर पर उसकी बोतल का पानी गिर गया और तस्वीर खराब हो गई। किरण एक बार फिर प्रथम आई और निधि को कोई इनाम नहीं मिला। तो बच्चों अपने देखा कि निधि को अपने बुरे काम का बुरा फल मिला और किरण को अपने अच्छे काम का अच्छा फल मिला।

**शिक्षा-यह कहानी हमें सिखाती है कि हमारे कर्म ही परिणाम निर्धारित करते हैं।**

# बच्चे को सुबह सबसे पहले क्या खाना चाहिए

माता-पिता इस बात को लेकर चिंतित रहते हैं कि बच्चों को सुबह उठकर सबसे पहले क्या खिलाया जाए जिससे उन्हें सही पोषण मिल सके और उनका दिन अच्छे से शुरू हो। चलिए जानते हैं कि सुबह-सुबह बच्चों को क्या खाना देना चाहिए जिससे उनका शरीर और दिमाग दोनों मजबूत बनें।

**सुबह का नाश्ता क्यों होता है जरूरी?**

शोधों के अनुसार, बच्चों के लिए सुबह का नाश्ता बहुत जरूरी होता है क्योंकि यह पूरे दिन की एनर्जी का स्रोत बनता है। सही नाश्ता बच्चों को दिनभर एक्टिव और ताजगी से भरा रखता है। सुबह उठने के बाद बच्चे का शरीर और मस्तिष्क दोनों ही ऊर्जा के भूखे होते हैं। अगर उन्हें सही और संतुलित नाश्ता मिलता है तो वे दिनभर एक्टिव, ध्यान केंद्रित और स्वस्थ बने रहते हैं।

**संतुलित नाश्ता क्यों है जरूरी?**

सुबह के समय शरीर को ब्लड शुगर की जरूरत होती है ताकि दिमाग सही से काम कर सके। अगर बच्चों को ऐसा नाश्ता दिया जाए जिसमें प्रोटीन, हेल्दी फैट्स और अच्छे कार्बोहाइड्रेट्स हों, तो यह उनके मानसिक और शारीरिक विकास में बहुत मददगार होता है। संतुलित नाश्ता बच्चों को सिर्फ तात्कालिक एनर्जी ही नहीं देता, बल्कि उनका इम्यून सिस्टम भी मजबूत करता है और उन्हें बीमारियों से लड़ने की ताकत देता है।

**नाश्ते में क्या-क्या शामिल करें?**

**दूध**- दूध बच्चों के लिए प्रोटीन और कैल्शियम का सबसे अच्छा स्रोत होता है। यह हड्डियों और दांतों को मजबूत बनाता है। अगर बच्चा दूध पीने में आनाकानी करता है, तो उसमें हल्का सा शहद या हल्दी मिलाकर



दिया जा सकता है।

**दही और फल**- दही में मौजूद प्रोबायोटिक्स बच्चों की पाचन क्रिया को दुरुस्त रखते हैं। इसके साथ अगर आप कटे हुए फल जैसे केला, सेब या पपीता मिलाएं तो यह एक बहुत हेल्दी कॉम्बिनेशन बन जाता है। यह फाइबर, विटामिन्स और मिनरल्स से भरपूर होता है।

**अंडा**-अंडा प्रोटीन का अच्छा स्रोत है। इसमें विटामिन B और ओमेगा-3 फैटी एसिड भी होते हैं जो बच्चों के दिमागी विकास में मदद करते हैं। अंडा उबला हुआ, आमलेट या फिर हल्के मसाले में बना हुआ दिया जा सकता है।

**फ्रेश फल और स्मूदी- स्वाद और पोषण दोनों**

सुबह के नाश्ते में ताजे फल जरूर शामिल करने चाहिए। फलों में मौजूद विटामिन सी, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट बच्चों के इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाते हैं और पाचन क्रिया को भी सुधारते हैं। अगर बच्चे फल खाने में आनाकानी करते हैं, तो उन्हें स्मूदी बनाकर दी जा सकती है। आप केले, स्ट्रॉबेरी, आम, सेब जैसे फल लेकर उसमें थोड़ा दूध या दही मिला सकते हैं। इसमें चिया सीड्स या फ्लैक्स सीड्स डालने से यह और ज्यादा हेल्दी हो जाता है।

**पानी की अहमियत**

अक्सर माता-पिता पानी पर ध्यान नहीं देते, लेकिन बच्चों को पर्याप्त मात्रा में पानी पिलाना भी उतना ही जरूरी है जितना कि खाना। सुबह उठते ही एक गिलास गुनगुना पानी देना शरीर को डिटॉक्स करता है और पाचन तंत्र को एक्टिव करता है। पूरे दिन बच्चे हाइड्रेटेड रहें इसके लिए समय-समय पर पानी देते रहें।

**नाश्ते में क्या न दें?**

**ज्यादा शक्कर वाले सीरियल्स**- ये तुरंत एनर्जी तो देते हैं लेकिन बाद में थकान और चिड़चिड़ापन भी लाते हैं।

**पैकेट वाले जूस**-इनमें नेचुरल फलों की बजाय ज्यादा चीनी और प्रिजर्वेटिव्स होते हैं।

**तली हुई चीजें**-ये पाचन को खराब करती हैं और मोटापा बढ़ा सकती हैं।

**प्रोसेस्ड फूड**- जैसे बिस्किट्स, केक या इंस्टेंट नूडल्स-इनमें पोषण बहुत कम होता है और शरीर को नुकसान पहुंचा सकते हैं। माता-पिता को चाहिए कि वे बच्चों के खानपान पर विशेष ध्यान दें और उन्हें छोटी उम्र से ही हेल्दी खाने की आदत डालें।

# बच्चों की ग्रोथ जानने के लिए कराएं ये जरूरी टेस्ट

हर माता-पिता की यह चाहत होती है कि उनका बच्चा सेहतमंद, तंदुरुस्त और अपनी उम्र के हिसाब से अच्छे से विकास करे। बच्चे का कद, वजन, मानसिक विकास और शारीरिक क्षमता सही दिशा में बढ़ रही है या नहीं, यह जानना बहुत ज़रूरी होता है। केवल बाहरी लक्षणों को देखकर अंदाज़ा लगाना हमेशा सही नहीं होता। कई बार बच्चों की ग्रोथ धीमी हो रही होती है लेकिन मां-बाप को इसका पता देर से चलता है। ऐसे में समय-समय पर कुछ ज़रूरी मेडिकल टेस्ट करवा लेना बहुत फायदेमंद साबित हो सकता है। डॉक्टर भी सलाह देते हैं कि बच्चों की सही ग्रोथ जानने और किसी परेशानी की पहचान करने के लिए कुछ बेसिक हेल्थ टेस्ट ज़रूर करवाए जाने चाहिए। ये टेस्ट पोषण, ग्रोथ हार्मोन और शरीर के बाकी ज़रूरी फंक्शन को समझने में मदद करते हैं।

**आइए जानते हैं बच्चों की ग्रोथ चेक करने के लिए कौन-से 5 टेस्ट जरूरी हैं।**

**ग्रोथ हार्मोन लेवल टेस्ट**-यह टेस्ट यह पता लगाने के लिए किया जाता है कि बच्चे के शरीर में ग्रोथ हार्मोन सही मात्रा में बन रहा है या नहीं। अगर ग्रोथ हार्मोन की कमी हो जाए, तो बच्चे की हाइट रुक सकती है और ओवरऑल ग्रोथ भी धीमी हो सकती है। इस टेस्ट से यह भी जाना जा सकता है कि बच्चा अक्सर थका-थका क्यों रहता है, मांसपेशियां कमजोर क्यों हैं और कद क्यों नहीं बढ़ रहा। अगर कोई दिक्कत मिले, तो सही समय पर इलाज शुरू किया जा सकता है।

**थायरॉइड फंक्शन टेस्ट**-थायरॉइड हार्मोन शरीर के विकास और दिमाग की ग्रोथ में बहुत अहम रोल निभाता है। अगर थायराईड में गड़बड़ी हो जाए, तो बच्चे की ग्रोथ रुक सकती है, वजन अचानक बढ़ या घट सकता है और बच्चा सुस्त पड़ सकता है। इस टेस्ट से यह भी पता लगाया जा सकता है कि बच्चा पढ़ाई में ध्यान क्यों नहीं दे पा रहा या हर समय थका-थका क्यों लगता है। बच्चों की हड्डियों की मजबूती के लिए विटामिन डी और कैल्शियम बहुत जरूरी हैं। अगर इनकी कमी हो जाए, तो बच्चे की हड्डियां कमजोर हो सकती हैं, चलने में देरी हो सकती है और बार-बार मांसपेशियों में खिंचाव या दर्द की शिकायत हो सकती है। इस टेस्ट से हड्डियों की हेल्थ का अंदाज़ा लगता है और जरूरत पड़ने पर सप्लीमेंट या डाइट में बदलाव किया जा सकता है।

**हीमोग्लोबिन और आयरन लेवल टेस्ट**-हीमोग्लोबिन और आयरन की कमी बच्चों में थकान, चिड़चिड़ापन और विकास में रुकावट का कारण बन सकती है। अगर बच्चा बार-बार बीमार पड़ता है, खाना नहीं खाता या ध्यान नहीं लगाता, तो यह टेस्ट जरूर करवाएं। यह टेस्ट पोषण स्तर और एनीमिया जैसी दिक्कतों की पहचान करता है ताकि सही इलाज शुरू हो सके।

**ब्लड शुगर और मेटाबॉलिज्म प्रोफाइल**-यह टेस्ट यह बताता है कि बच्चे का शरीर खाने को कैसे पचा रहा है और ऊर्जा में कैसे बदल रहा है। अगर बच्चा मोटा हो रहा है, बार-बार प्यास लग रही है, कमजोरी महसूस कर रहा है या अचानक वजन बढ़ या घट रहा है, तो यह टेस्ट करवाना जरूरी है। इससे डायबिटीज या मेटाबॉलिज्म से जुड़ी समस्याओं का भी पता चलता है।

# क्या आपका बच्चा भी हो रहा है मोटापे का शिकार?



भारत में बच्चों में मोटापा तेजी से बढ़ रहा है, और ये एक गंभीर समस्या बन रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, विश्वभर में 124 मिलियन बच्चे और किशोर मोटापे से प्रभावित हैं। भारत में भी शहरी क्षेत्रों में बच्चों में मोटापा बढ़ रहा है, जिसके पीछे कई कारण हैं, जिनमें मुख्य कारणों की बात की जाए तो अनहेल्दी खानपान, सेडेंटरी जीवनशैली और स्क्रीन टाइम का अधिक उपयोग प्रमुख कारण हैं। मोटापा न केवल बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि टाइप-2 डायबिटीज, हृदय रोग, हड्डियों की समस्या और मानसिक स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डालता है। ऐसे में माता-पिता के लिए यह एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी बन जाती है कि वे अपने बच्चों के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। बच्चों के मोटापे को नियंत्रित करने के दौरान माता-पिता को कुछ बातों का विशेष रूप से ध्यान रखना चाहिए।

## इन चार बातों का रखें विशेष ध्यान

**संतुलित और पौष्टिक आहार**

बच्चों के खानपान में संतुलित आहार शामिल करना बेहद जरूरी है। जंक फूड, शुगरी ड्रिंक्स और प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों का सेवन सीमित करें। इसके बजाय, फल, सब्जियां, साबुत अनाज और लीन प्रोटीन जैसे अंडे, दालें और कम फैट वाले डेयरी उत्पादों को प्राथमिकता दें।

**नियमित शारीरिक गतिविधि**

बच्चों में मोटापे का एक बड़ा कारण है शारीरिक गतिविधि की कमी। सीडीसी के अनुसार, 6-17 वर्ष के बच्चों को रोजाना कम से कम 60 मिनट की मध्यम से तीव्र शारीरिक गतिविधि करनी चाहिए। इसके लिए बच्चों को खेल, साइकिलिंग, डांस या पार्क में दौड़ने के लिए प्रोत्साहित करें। परिवार के साथ सैर या आउटडोर गेम्स जैसे बैडमिंटन खेलें।

**स्क्रीन टाइम पर नियंत्रण**

टीवी, मोबाइल और वीडियो गेम्स पर ज्यादा समय बिताना मोटापे का एक कारण ये भी हो सकता है, क्योंकि यह सेडेंटरी जीवनशैली को बढ़ावा देता है। अमेरिकन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स के मुताबिक 2-5 साल के बच्चों के लिए 1-2 घंटे से ज्यादा स्क्रीन टाइम की सलाह नहीं देता।

**बच्चों को पर्याप्त नींद लेने दें**

नींद की कमी मोटापे का एक बड़ा कारण है। अपर्याप्त नींद हार्मोन्स को प्रभावित करती है, जिससे भूख बढ़ती है और बच्चे ज्यादा कैलोरी वाले खाद्य पदार्थों की ओर आकर्षित होते हैं। बच्चों के नियमित सोने का समय निर्धारित करें और सोने से 2 घंटे पहले स्क्रीन टाइम बंद करें। बच्चों में मोटापा एक जटिल और गंभीर समस्या है, लेकिन माता-पिता छोटे-छोटे बदलावों से इसे काफी हद तक रोक सकते हैं।

# बच्चों को सिखाएं छह अहम बातें, बुद्धिमान के साथ ही बनेगा एक अच्छा इंसान

आज की प्रतिस्पर्धा भरी दुनिया में केवल अच्छी पढ़ाई या टॉप ग्रेड ही काफी नहीं है, सफलता के लिए जरूरी है कि बच्चों के अंदर सॉफ्ट स्किल्स यानी व्यावहारिक और सामाजिक कौशल भी विकसित किया जाए। इसलिए माता-पिता को अपने बच्चों को बचपन से ही न सिर्फ किताबों का ज्ञान देना चाहिए, बल्कि जिंदगी से जुड़ी कुछ अहम बातें भी सिखानी चाहिए, ताकि वे आगे आने वाली परेशानियों का सामना आसानी से कर सकें।

**संवाद कौशल**

कम्युनिकेशन स्किल यानी अपनी बात को प्रभावी ढंग से, स्पष्ट रूप से और समझदारी भरे लहजे में दूसरे तक पहुंचाना। यह न केवल शब्दों का प्रयोग है, बल्कि इसमें सुनना, समझना, बॉडी लैंग्वेज और भावनाओं को व्यक्त करना भी शामिल है। अच्छे संवाद कौशल से बच्चा अपने मन की बात खुलकर प्रभावी ढंग से कह पाता है और दूसरों को भी बेहतर तरीके से समझ पाता है, जो उसके भविष्य के लिए बेहद जरूरी है।

**इमोशनल इंटेलिजेंस**

यह बच्चों की भावनात्मक बुद्धिमत्ता है, जो सोच और भावना को मिलाकर



इच्छित निर्णय लेने की क्षमता बनाता है। सरल शब्दों में कहें तो यह भावनाओं के साथ अधिक चतुराई से पेश आना है। भावनात्मक बुद्धिमत्ता बच्चों को खुद को समझने, बेहतर निर्णय लेने और दूसरों से जुड़ने में मदद करती है। साथ ही यह स्किल बच्चों को मानसिक रूप से मजबूत भी बनाती है और वे कठिन परिस्थितियों में भी संतुलित रह पाते हैं।

**टीमवर्क**

ज्यादातर कामों में आपको एक टीम के तौर पर काम करना होता है। अच्छे टीमवर्क का मतलब है- सभी का एक साथ मिलकर काम करना। टीमवर्क बच्चों में दूसरों की राय का सम्मान करना, अपनी भूमिका निभाते हुए टीम के लक्ष्य पर ध्यान देना और मदद करने जैसी भावनाओं को विकसित करता है। यह गुण बच्चे को सहयोगी बनाता है और आगे चलकर प्रोफेशनल लाइफ में भी बेहद काम आता है।

**प्रॉब्लम सॉल्विंग**

यह एक अहम स्किल है, जो बच्चों को सोच-समझकर फैसले लेना और समस्याओं का समाधान करना सिखाती है। इस स्किल के माध्यम से बच्चा खुद पर भरोसा करता है और जिंदगी में आने वाली चुनौतियों से घबराता नहीं है।

**समय प्रबंधन**

हर कार्य को सही समय पर पूरा करना जीवन को सफल बनाने की कुंजी है। अगर बच्चे में यह कौशल विकसित हो जाए तो उसमें समय की अहमियत की समझ विकसित होती है और वह अनुशासित, जिम्मेदार और आत्मनिर्भर बनता है।

**आत्मनिर्भरता**

अपने कामों और फैसलों के लिए खुद पर भरोसा करना और दूसरों पर कम निर्भर रहना सरल जीवन जीने का सबसे आसान रास्ता है। जब बच्चा आत्मनिर्भर बनता है तो उसका आत्मविश्वास बढ़ता है और वह मुश्किल हालात में भी सोच-समझकर सही निर्णय ले पाता है।

**किताबी ज्ञान तक सीमित न रखें**

बाल मनोवैज्ञानिक गार्गी मालगुडी बताती हैं, बच्चों को किताबी ज्ञान, खेल-कूद के साथ-साथ जीवन के उन पहलुओं की भी शिक्षा देनी चाहिए, जिनसे उनके संपूर्ण व्यक्तित्व का विकास हो और वे सामाजिक ढांचे में ठीक से रच-बस सकें। स्कूली शिक्षा के साथ कुछ सॉफ्ट स्किल्स, जैसे खुद को समाज में भावनात्मक और विचारात्मक तौर पर व्यक्त करने का तरीका, प्रॉब्लम सॉल्विंग एबिलिटी, सटीक बॉडी लैंग्वेज, टोन ऑफ वॉयस, हेल्दी नेगोसिएशन, टीमवर्क, न बोलना, खुद की बात या राय को ठीक ढंग से प्रकट करना, खुद की सीमाएं निर्धारित करना और दूसरे की सीमाओं का सम्मान करना बच्चों को जरूर सिखाएं, ताकि उनका आत्मविश्वास बढ़े और उन्हें सामाजिक स्तर पर?अपनी एक पहचान मिले।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**शनिवार, 28 जून 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ आषाढ़ मासोत्तमे शुक्ल पक्षे तृतीया तिथौ शनि वासरे 09/55/पुष्य नक्षत्रे 06/36/ हर्षण योग 19/55/ गर करणे 07/20/ कर्क राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** भद्रा प्रारम्भ घं.21 मि.35से।

**मेष :** व्यर्थ की उलझने रहेगी। मामलों में तनाव मिल सकता है। भाग दौड़ रहेगी। जीविका के क्षेत्र में चल रहे प्रयास में व्यवधान आएगा।

**तुला :** संबंधित अधिकारी या घर के मुखिया के कारण तनाव मिल सकता है। लापरवाही कष्टकारी होगी । पार्वती मां की पूजा से लाभ होगा।

**वृष :** पारिवारिक सदस्य के कारण समस्या का सामना करना पड़ेगा। आर्थिक मामलों में जोखिम न उठाएं। स्वास्थ्य एवं प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** सम्मान का लाभ मिलेगा। देशाटन की स्थिति सुखद व लाभकारी होगी। आप जल क्षेत्र में जोखिम न उठाएं।

**मिथुन :** जीवनसाथी का सहयोग और आर्थिक मामलों में प्रगति होगी। लेकिन विरोधी सक्रिय रहेंगे । व्यवसायिक लाभ मिलेगा।

**धनु :** चल-अचल संपत्ति में वृद्धि होगी। विरोधी परास्त होंगे। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। संबंध सुधरेंगे।

**कर्क :** शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। व्यवसायिक मामलों में प्रगति होगी।

**मकर :** काम में रुकावट आएगी। इष्ट मित्रों का परिवार में समागम होगा। जीवन साथी के विचारों से असहमति होगी।

**सिंह :** संबंधों में मधुरता आएगी। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। किसी कार्य के संपन्न होने से आपके प्रभाव एवं वर्चस्व में वृद्धि होगी।

**कुंभ :** यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद एवं लाभकारी रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग व्यावसायिक प्रगति का योग बनेगा।

**कन्या :** धन पद प्रतिष्ठा की दिशा में लाभ मिलेगा लेकिन स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है।

**मीन :** सक्रिय रहेंगे। चाचा की स्थिति सुखद व लाभकारी रहेगी। पुराने मित्र या सहयोगी से भेंट संभव है।

## खबर एक नजर

### दबंगों ने किसान पर फावड़े से किया हमला, हुई मौत

**अमावां, रायबरेली।** मिल एरिया थाना क्षेत्र के एक गांव में गुरुवार की दोपहर मेंड़ बांधने को लेकर हुए विवाद में कुछ दबंगों ने किसान पर फावड़े से हमला बोल दिया और ताबड़तोड़ कई वार करके किसान को मरणासन्न कर दिया। परिजनों ने घायल किसान को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर पुलिस ने हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। मिल एरिया थाना क्षेत्र के जमालपुर करौंदी गांव निवासी जगप्रसाद गुरुवार की दोपहर अपने खेत में मेंड़ की बंधाई कर रहा था। तभी गांव का ही राम गोपाल अपने लड़के के साथ खेत पर पहुंच गया और में बांधने से मना करने लगा। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच गाली गलौज शुरू हो गई, और रामगोपाल ने अपने बेटे सौरभ के साथ जग प्रसाद पर हमला बोल दिया तभी जगप्रसाद का लड़का इंद्रेश कुमार 38 वर्ष भी मौके पर पहुंच गया और पिता को बचाने का प्रयास किया। इस पर हमलावर हुए दबंगों ने इंद्रेश के सर पर फावड़े से कई वार कर मरणासन्न कर दिया और मौके से फरार हो गए। जग प्रसाद ने इंद्रेश को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां उपचार के दौरान शाम को इंद्रेश की मौत हो गई। सूचना पाकर हरकत में आई पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है, जांच पड़ताल जारी है।

### घर लौट रहे बाइक सवारों को डंपर ने कुचला, दो की मौत, एक भर्ती

**रायबरेली।** सलोन क्षेत्र में हुए एक हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। सलोन जायस रोड पर त्रिलोकपुर मोड़ के पास बीती रात ओवरटेक करने के चक्कर में बाइक तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आ गई। इसमें बाइक सवार दो युवकों को डंपर ने कुचल दिया जिससे उनकी मौत हो गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। नसीराबाद के पूरे भिखई मजरे बभनपुर गांव निवासी अमित कुमार यादव दिल्ली में नौकरी करता था। बृहस्पतिवार को देर रात वह दिल्ली से डीह पहुंचा। घर जाने के लिए वह सवारी वाहन का इंतजार करने लगा। इसी दौरान सवारी वाहन न मिलने पर उसने घर में फोन किया। इस पर उसका छोटा भाई आशीष कुमार अपने साथी भोला विश्वकर्मा के साथ भाई को बाइक से लेने के लिए आया। बाइक पर तीन लोग सवार हुए। सलोन जायस रोड पर त्रिलोकपुर मोड़ के पास डंपर को ओवरटेक करते समय बाइक उसकी चपेट में आ गई। हादसे में बाइक चला रहे भोला विश्वकर्मा 25 व अमित यादव 24 डंपर के पहिये के नीचे आ गए और दोनों की मौत हो गयी। वहीं, पीछे बैठा आशीष कुमार 18 गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद डंपर चालक भाग गया। सूचना पर पहुंचे चौकी इंचार्ज कृष्ण चन्द्र ने घायल को आनन-फानन अस्पताल पहुंचाया। वहीं, हादसे की खबर लगते ही परिजन भी मौके पर पहुंचे। थानाध्यक्ष जीतेंद्र मोहन सरोज ने बताया कि सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हुई है। एक युवक घायल था उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

### मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति लापता

**महराजगंज रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पुरे गडरियन मजरे पिंडारी कला से एक मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, उर्मिला पत्नी राम प्रकाश निवासी ग्राम पुरे गडरियन ने कोतवाली महराजगंज में लिखित तहरीर देते हुए बताया कि उनके पति राम प्रकाश उम्र लगभग 49 वर्ष 25 जून 2025 को दोपहर में गांव के पास स्थित आम के बाग में टहलने के लिए गए थे, लेकिन इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटे। परिवारजनों द्वारा काफी तलाश के बावजूद उनका कोई सुराग नहीं लग सका। प्रार्थिनी उर्मिला ने बताया कि राम प्रकाश मानसिक रूप से विक्षिप्त हैं, जिससे परिजनों की चिंता और अधिक बढ़ गई है। इस मामले में पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है। कोतवाली महराजगंज के उप निरीक्षक राहुल कुमार मिश्रा मामले की जांच कर रहे हैं।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक के दोनों पैर कटे, हुई मौत

**डलमऊ रायबरेली।** प्लेटफार्म से ट्रेन के चलने पर चलती ट्रेन से उतरते समय युवक असंतुलित होकर प्लेटफार्म की रेलिंग और ट्रेन के बीच में गिर जाने के चलते ट्रेन की चपेट में आ जाने से दोनों पैर कट गए लोगों की चीख पुकार सुनकर ट्रेन के गार्ड द्वारा आपात स्थिति में ट्रेन रोक दी गई और लगभग आधे घंटे की मशक्कत के बाद घायल युवक को बाहर निकाला गया और आनन फानन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ लाया गया जहां पर हालत गंभीर होने पर घायल युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जहां चिकित्सकों ने घायल युवक को मृत घोषित कर दिया। डलमऊ कस्बे के मोहल्ला आदर्श नगर निवासी होटल व्यवसायी राजू वर्मा का 22 वर्षीय पुत्र शिवा वर्मा राजस्थान के बीकानेर शहर में नौकरी करता था और मंगलवार को रायबरेली रघुराज सिंह पैसेंजर से घर वापस आ रहा था ट्रेन मैं बैठने के बाद शिवा वर्मा को नींद आ गई और ट्रेन डलमऊ स्टेशन पर रुकने के बाद चलने लगी तभी अचानक युवक अपना सामान लेकर उतरने लगा और असंतुलित होकर प्लेटफार्म और ट्रेन के बीच में गिर गया। ट्रेन की चपेट में आ जाने से युवक के दोनों पैर कट गए और लोगों की चीख पुकार सुनकर ट्रेन के गार्ड द्वारा आपातकालीन स्थिति में ट्रेन रोक दी गई।

## सात जन्मों तक साथ रहने का वायदा दस साल में ही तोड़ गई कंचन

### डेढ़ साल के एकलौते बेटे को भी मौत के मुंह में साथ ले गई, तीन नाबालिग बेटियों के सर से छिन गया ममता का आँचल!

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, सताँव, रायबरेली।** सात जन्मों तक साथ निभाने का वायदा करके ससुराल आई कंचन, महज दस साल में ही पति का साथ छोड़ गई। डेढ़ साल के बेटे को साथ ले गई और छीन ले गई तीन नाबालिक बेटियों को अनाथ कर गई। पति बदहवाश है। परिवार में मातम पसरा है। कारण कि कंचन गुरुवार की रात पंखे मे उतरे करंट से चिपक कर असमय काल के गाल मे समा गई। पंखा लगाते समय दुधमुँहा बेटा उसकी गोद मे था। माँ के साथ वह भी दुनिया छोड़ गया। मानवीय संवेदनाओं को झकझोर देने वाली घटना गुरुबख्शगंज थाना क्षेत्र के शहरी कौड़ी मजरे कृष्णपुर ताला गाँव में घटी। शहरी कौड़ी निवासी मूचचंद्र के दो बेटों मे बड़े रामू का विवाह करीब दस साल पहले उन्नाव जिले की कंचन से हुआ था। कुछ दिन परिवार के साथ रहने के बाद रामू अलग घर बना कर रहने लगा। अब रामू की तीन बेटियां आठ साल की सुभांशी, छः साल की साक्षी व चार साल की शिवांशी व डेढ़ साल का बेटा दिव्यांश था। मूलतः खेतिहर किसान रामू की जिन्दगी खुशी से कट रही थी, लेकिन एक दिन ऐसा आया जब क्रूर काल ने उसकी जिन्दगी की सारी खुशियां छीन लीं। अरमान चकनाचूर हो गये। 25 जून को रामू अपनी पत्नी कंचन व बच्चों के साथ खेतों में काम करने गया। शाम करीब साढ़े सात बजे उसने कंचन को डेढ़ साल के बेटे दिव्यांश के साथ घर भेज दिया। कंचन घर पहुँची तो बेटा गर्मी से बेहाल था। कंचन ने देखा बिजली आ रही थी तो वह बेटे को गोद मे लिये, पंखा लगाने लगी। बताते हैं नंगे पाँव रही, कंचन पंखे मे आ रहे करंट से चिपक गई। इस दौरान घर पर कोई नहीं था, लेकिन थोड़ी ही देर मे रामू घर आ गया। उसने कंचन व दिव्यांश को जमीन पर पड़े देखा, तो चीखने चिल्लाने लगा। पड़ोसी मौके पर आ गये। दो को बछरावां सीएचसी ले जाया गया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। डॉक्टर ने दोनो को मृत घोषित कर दिया। रामू, पत्नी कंचन व बेटे दिव्यांश के शव लेकर गाँव पहुँचा तो कोहराम मच गया। पूरी रात चीखने चिल्लाने की आवाजें सुनी जाती रहीं। शुक्रवार की सुबह रामू ने पुलिस को खबर दी। पुलिस ने शव सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। देर शाम एक बार फि र गाँव मे चीखने चिल्लाने की आवाजें आने लगीं जब पोस्टमार्टम के बाद कंचन व दिव्यांश के शव गाँव पहुँचे। परिजनों ने कंचन का शव गाँव के पास खेत में अग्नि को समर्पित कर दिया जबकि बेटे दिव्यांश का शव मिट्टी मे समाधिस्थ कर दिया गया।



मृतक कंचन व गोद मे मासूम दिव्यांश फाइल फोटो



## परेशानी से जूझ रहे लोग

**रायबरेली।** लालगंज के डाकघर परिसर स्थित बीएसएनएल के आधार संशोधन केंद्र पर दो महीने से ताला लटका रहा है। केंद्र बंद होने से लोगों को आधार कार्ड में संशोधन या नया आधार बनवाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। नगर की एसबीआई, यूनियन बैंक और अन्य बैंक शाखाओं में पहले आधार केंद्र संचालित होते थे।

लेकिन, वर्तमान में वह सभी केंद्र बंद हैं। इससे नगर व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से बंद आधार केंद्रों को फिर से शुरू कराने की मांग की है। साथ ही नगर में नए केंद्र भी खुलवाने की मांग की। ताकि, एक जगह भीड़ ना एकत्र हो। फलहाल कस्बा के डाकघर में ही एकमात्र आधार संशोधन केंद्र संचालित है। यहां रोजाना लगभग 70 से 80 आधार कार्ड में सुधार किए जाते हैं।

## मां की आराधाना से आत्मबल होता है मजबूत-शत्रोहन सोनकर

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** महर्षि कश्यप समाज कल्याण समिति रायबरेली के द्वारा माँ मढ़ी देवी मन्दिर में एक विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्रातः 10:00 बजे सुन्दरकाण्ड का पाठ हुआ तदुपरान्त हवन-पूजन के बाद कन्या भोज सम्पन्न हुआ। इसके बाद समिति द्वारा विशाल भण्डारे का शुभारम्भ किया गया। समिति द्वारा कई वर्षो से अच्छी वर्षा से अच्छी वर्ष व देश में खुशहाली की मनोकामना के साथ हवन-पूजन 50 वर्षो से होता चला आ रहा है। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पालिकाध्यक्ष शत्रोहन सोनकर उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री सोनकर ने कहा माँ की आराधना से आत्मबल मजबूत होता है। समिति द्वारा किया जा रहा धार्मिक आयोजन बहुत ही सराहनीय है। कार्यक्रम में आए हुए समस्त भक्तगणों का स्वागत समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार कश्यप ने किया एवं सचिव पूर्व प्रधान समरजीत कश्यप ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु समिति के सदस्यों, शासन-प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारियों को साधुवाद प्रेषत किया। कार्यक्रम का सफल संचालन मीडिया प्रभारी चन्द्रप्रकाश कश्यप ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से गनेश प्रसाद कश्यप, महेश कश्यप, अरूण कश्यप, दिलीप कश्यप, गुलशन कश्यप, हनुमान कश्यप, इं. हीरालाल निषाद, गणेश निषाद, गौतम कश्यप, राजेन्द्र उर्फ बबलू कश्यप, रंजीत कश्यप, गंगा माथुर, शिव प्रताप सिंह सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## मनाई गई भारत विकास परिषद के संस्थापक डॉ सूरज प्रकाश की जयंती

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** शहर के प्रभुटाउन में भारत विकास परिषद के संस्थापक डॉ सूरज प्रकाश की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। भारत विकास परिषद शाखा रायबरेली के अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव ने आये हुए अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन सचिव अजय त्रिवेदी के द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता डॉ चम्पा श्रीवास्तव ने संस्थापक डॉ सूरज प्रकाश के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के लिए भारत विकास परिषद की स्थापना सन् 1963 में किया। उन्होंने बताया कि पूरे देश में 1800 शाखाएं समाज को सांस्कारिक बनाने के लिए कटिबद्ध हैं।

कार्यक्रम में पूर्व क्षेत्रीय संरक्षक डॉ आरबी श्रीवास्तव, क्षेत्रीय गतिविधि संयोजक




अम्ब्रीश अग्रवाल, प्रांतीय उपाध्यक्ष नवल किशोर वाजपेयी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक राजा राम मौर्य ने डॉ सूरज प्रकाश के द्वारा बताए गए आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष राकेश कक्कड़, दिवाकर द्विवेदी, सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, गजानन खुबेले, डॉ ज्ञानेन्द्र चतुर्वेदी, नीतू चतुर्वेदी, स्नेहलता श्रीवास्तव, इंजी. राकेश मिश्रा, शिव कुमार गुप्ता, देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, पवन श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, रवींद्र नाथ श्रीवास्तव, हरिशंकर मिश्रा ने डॉ सूरज प्रकाश के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर अनेकों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## आरेडिका में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक बैठक में प्रगति पत्रिका का विमोचन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लालगंज, रायबरेली।** आरेडिका में महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें आरेडिका की राजभाषा गतिविधियों एवं प्रगति की समीक्षा की गई। इसके साथ ही राजभाषा के प्रचार-प्रसार एवं लेखन कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से त्रैमासिक प्रकाशित होने वाली गृह पत्रिका प्रगति के जून-2025 अंक का विमोचन जीएम पीके मिश्रा ने किया। इस पत्रिका में मौलिक रचनाओं यथा कविता, कहानियाँ, संस्मरण, प्रेरक लेख इत्यादि को शामिल किया गया है। महाप्रबंधक ने प्रगति पत्रिका के इस अंक में प्रकाशित रचनाओं के रचनाकारों की सराहना की। इसी के साथ महाप्रबंधक ने स्वयं के लिखे एक लेख ब्रिटिश कालीन भारत में बने पहले कोच के निर्माण की शुरूआत के संबंध में विस्तृत रुप से बताया। बैठक में ही महाप्रबंधक ने सांस्कृतिक संगठन की टीम को क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान, भुसावल में आयोजित अखिल भारतीय रेल नाट्योत्सव में सर्वश्रेष्ठ स्क्रिप्ट लेखन का पुरस्कार प्राप्त करने के उपलक्ष्य में प्रशस्ति पत्र प्रदान किये एवं प्रदर्शन के लिए बधाई दी और अच्छा करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर आरेडिका के प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता विवेक खरे, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अतुल प्रियदर्शी, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक राकेश राजपुरोहित, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता मनोज कुमार जिंदल, मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्र, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य अभियंता सत्य प्रकाश यादव, प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 आभा जैन, वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी अरविन्द कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं वरिष्ठ उपमहाप्रबंधक अकमल वदूद, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी अष्टानन्द पाठक, सचिव महाप्रबंधक आरएन तिवारी, जनसंपर्क अधिकारी अनिल कुमार श्रीवास्तव व राजभाषा अधिकारी राकेश रंजन मौजूद रहे।

## जगन्नाथ यात्रा को हिन्दू धर्म में बहुत ही पवित्र और पुण्य दायक माना गया

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लालगंज, रायबरेली।** कस्बे के सिद्ध पीठ श्री भैरव नाथ मंदिर लालगंज में भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र माता सुभद्रा जी का पूजन-अर्चन बड़े ही विधि विधान पूर्वक किया गया। इस अवसर पर मंदिर को फूल मालाओं की झालरो से सजाया गया। पूजन का कार्य क्रम पण्डित अवध बिहारी शास्त्री ने कराया एवं भगवान जगन्नाथ के बारे में विस्तार पूर्वक बताया कि भगवान श्री जगन्नाथ का धार्मिक, सांस्कृतिक एव आध्यात्मिक महत्व है जगन्नाथ यात्रा को हिन्दू धर्म में बहुत ही पवित्र और पुण्य दायक माना गया है। मान्यता है कि इस यात्रा में शामिल होने या रथ को खींचने से समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं रथयात्रा में शामिल होने से सौ यज्ञों के बराबर पुण्य प्राप्त होता है। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया लोगों ने प्रसाद पाकर अपने जीवन को धन्य किया। इस मौके पर भगवान जगन्नाथ की विशाल रथयात्रा निकाली गई, जो सराफा मंडी, सब्जी मंडी, गल्ला मंडी, महेश नगर, अटल चौक, बेहटा चौराहा हनुमान मंदिर में कुछ देर विश्राम के बाद पुनः आचार्य नगर, मेन रोड होते हुए भैरवनाथ मन्दिर में रथयात्रा का आगमन हुआ जगन्नाथ रथयात्रा की आरती पूजन कर भकतो ने जय जगन्नाथ के जयकारे लगाये।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बहराइच

पत्रांक : 2254 /1ए–11 दिनांक 25–06–2025

**ई–प्रोक्योरमेण्ट नोटिस**

1- अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बहराइच द्वारा महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग में ए, बी, सी व डी श्रेणी के पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से जनपद बहराइच के निम्न वर्णन के अनुसार मार्ग निर्माण हेतु कार्य की निविदा प्रतिशत दरो के आधार पर आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | जनपद | कार्य का नाम | निविदा की लागत (बिना जी0एस0टी0) (रू0 लाख में) | बिड सिक्योरिटी (रू0 लाख में) | निविदा शुल्क + स्टेशनरी शुल्क + जी.एस.टी. (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | बहराइच | वित्तीय वर्ष 2024–25 में विकासखण्ड–बलहा के ग्रामीण मार्गो के पैच मरम्मत का कार्य। विधानसभा–बलहा। | 15.00 | 1.50 | 945.00 | 06 माह |
| 2 | बहराइच | वित्तीय वर्ष 2024–25 में विकासखण्ड–मिहींपुरवा के अन्य जिला मार्ग एवं मुख्य जिला मार्गो के पैच मरम्मत का कार्य। विधानसभा–बलहा। | 18.00 | 1.80 | 945.00 | 08 माह |
| 3 | बहराइच | वित्तीय वर्ष 2024–25 में विकासखण्ड–मिहींपुरवा के ग्रामीण मार्गो के पैच मरम्मत का कार्य। विधानसभा–बलहा। | 25.00 | 2.50 | 945.00 | 08 माह |

2. ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदायें प्रकाशित होने की तिथि 30–06–2025 से पूर्व।
3. बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता एवं बिड–सबमिट करने का माध्यम–
   (क) बिड डाक्यूमेन्ट आनलाइन दिनांक 30–06–2025 से 08–07–2025 तक उपलब्ध रहेगी, जो आनलाइन http://etender.up.nic.in पर ही सबमिट किया जायेगा।
   (ख) निविदा डालने हेतु निविदादाता को उपरोक्त वेबसाइट पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। निविदायें आनलाइन डालने हेतु निविदादाता के पास किसी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट सर्टिफाइंग अथोरिटी द्वारा जारी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना अनिवार्य है।
   (ग) ई–प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से निविदायें डालने की अन्तिम तिथि 08–07–2025 दोपहर 12.00 बजे तक एवं टेक्निकल क्वालिफिकेशन पार्ट–1 दिनांक 08–07–2025 अपराह्न 12.30 बजे से कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बहराइच में खोली जायेगी। विस्तृत विवरण http://etender.up.nic.in देखा जा सकता है।
   (घ) तकनीकी निविदा खोलने के 03 कार्य दिवस बाद वित्तीय निविदा खोली जायेगी।

सहायक अभियन्ता, प्रा0ख0, लो0नि0वि0, बहराइच

अधिशासी अभियन्ता, प्रा0ख0, लो0नि0वि0, बहराइच

उ0प्र0 235424 दिनांक- 27.06.2025 Web.: www.upidadv.gov.in

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी सतांव–रायबरेली।

पत्रांकः 1159/रा०वि०आ०/निविदा/टेण्डर/2025–26 दिनांक : 26.06.2025

महामहिम राज्यपाल महोदय उ०प्र० की ओर से खण्ड विकास अधिकारी सतांव द्वारा राज्य वित्त आयोग/15वां वित्त योजनान्तर्गत स्वीकृत धनराशि से निम्नलिखित निर्माण कार्य पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारो के माध्यम से कराया जाना है। टेण्डर फार्म निर्धारित शुल्क जमा करके किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में **प्रकाशन तिथि 27.06.2025 से दिनांक 11.07.2025 की अपरान्ह 02.00 बजे तक** प्राप्त किये जा सकते है। टेण्डर फर्म **दिनांक 11. 07.2025 का अपरान्ह 02.00 बजे तक** सीलबन्द/निविदाये आमंत्रित की जायेगी, तथा उसी **दिन अपरान्ह 3.00 बजे** सम्बन्धित निविदादाताओ के समक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित निविदाये खोली जायेंगी। कराये जाने वाले कार्यो का विवरण निम्नवत् है –

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | स्वीकृत लागत लाख में | निविदा मूल्य | धरोहर राशि (02 प्रति0) | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बांस में पक्की सडक से पप्पू के घर तक नाला निर्माण कार्य | 7.117 | 700 | 14250 | 06 माह |
| 2 | गोविन्दपुर कठोईया में रामस्वरूप कुशवाहा के घर से शैफन नाला तक नाला निर्माण कार्य | 6.438 | 650 | 19000 | 06 माह |
| 3 | ओनई में सतीस कुशवाहा के घर से नहर तक नाला निर्माण | 9.496 | 1000 | 19000 | 06 माह |
| 4 | पडरी गणेशपुर में उमराईन तालाब से राम प्रकाश के खेत तक नाला निर्माण | 9.987 | 1000 | 20000 | 06 माह |
| 5 | बरदर में जमुना के घर से पुत्तन सिंह के खेत तक खण्डंजा निर्माण कार्य | 9.988 | 1000 | 20000 | 06 माह |
| 6 | बरदर में राधेश्याम के घर से पुत्तन सिंह के खेत तक खण्डंजा निर्माण कार्य | 9.988 | 1000 | 20000 | 06 माह |
| 7 | बरदर में राधेश्याम के घर से सुरज पाल के खेत तक खण्डंजा निर्माण कार्य | 9.988 | 1000 | 20000 | 06 माह |
| 8 | पूरे लाल साहब (हाजीपुर) में तेजाना के घर से चन्देल की बोरिंग तक खण्डंजा निर्माण | 5.899 | 600 | 11800 | 06 माह |
| 9 | हाजीपुर में राकेश के घर (पक्की सडक) से जुगराज सिंह के पुरवा तक खण्डंजा निर्माण | 9.982 | 1000 | 20000 | 06 माह |
| 10 | मनेहरू में पक्की सडक पालेस्वर चौराहा से पूरे भवन पुल तक खण्डंजा निर्माण कार्य | 9.988 | 1000 | 20000 | 06 माह |
| 11 | मानपुर में पूरे त्रिवेदी पक्की सडक से राम खेलावन पासी के घर तक खण्डंजा निर्माण | 9.988 | 1000 | 20000 | 06 माह |
| 12 | बरदर में शाहजहाँ के घर से नन्हकऊ कश्यप् के घर तक इण्टर लाकिंग निर्माण | 9.797 | 1000 | 20000 | 06 माह |
| 13 | गौरी सतांव में कल्लू चुडिहाल के घर से वंशबहादुर के घर तक इण्टर लाकिंग निर्माण | 5.464 | 550 | 11000 | 06 माह |
| 14 | ओनई पहाडपुर में कोडर रोड से बाजार तक इण्टर लाकिंग निर्माण | 9.976 | 1000 | 20000 | 06 माह |
| 15 | नरौका (पुरवा पिण्डोर) में जयशंकर तिवारी के घर से पक्की सडक तक इण्टर लाकिंग निर्माण | 9.965 | 1000 | 20000 | 06 माह |
| 16 | कोन्सा (बंड) में बाबू महराज के घर से मटरू सिंह के घर तक इण्टर लाकिंग निर्माण | 9.935 | 1000 | 20000 | 06 माह |
| 17 | कृष्णपुरताला में गुड्डू तिवारी के घर से रजोले तिवारी (अरूण बाजपेई) के खेत तक इण्टर लाकिंग निर्माण | 9.944 | 1000 | 20000 | 06 माह |
| 18 | गढीदुलाराय में बांदा बहराईच मार्ग (मुन्नू शुक्ला के घर) से छीटू के घर तक इण्टर लाकिंग निर्माण | 6.259 | 600 | 19000 | 06 माह |
| 19 | गोझरी (धर्मसिंह का खेडा) में दीपक सिंह के घर से संगम सिंह के घर तक इंटर लाकिंग निर्माणकार्य | 5.728 | 600 | 11000 | 06 माह |
| 20 | खुसरूपुर में बांदा बहराईच मार्ग से अर्जुन (महेश सिंह) के घर तक इण्टर लाकिंग निर्माण | 9.972 | 1000 | 20000 | 06 माह |
| 21 | मलिकमऊ चौबारा में गुरूबक्शगंज रोड (पंचोसील गेट) से मन्दिर रमाकान्त के खेत तक इण्टर लाकिंग निर्माण | 9.995 | 1000 | 20000 | 06 माह |
| 22 | विकास खण्ड परिसर सतांव के भवनो एवं बाउण्ड्रीवाल की मरम्मत व रंगाई पुताई का कार्य | 9.949 | 1000 | 20000 | 06 माह |

**नियम व शर्ते :–**

1– धरोहर राशि प्रत्येक कार्य के कालम सं० 06 में अंकित धनराशि एन०एस०सी०/एफ०डी०आर०/नकद के रूप में विकास खण्ड अधिकारी के पदनाम से बन्दक कराते हुए निविदा फार्म के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
2– निर्धारित समय सीमा के पश्चात प्राप्त निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा।
3– निविदा फार्म पर किसी प्राकर की कटिंग/उपरिलेखन मान्य न होगा।
4– निविदा फार्म पर दरो का उल्लेख अंको एवं शब्दो में करना आवश्यक है।
5– निविदा स्वीकृत के पश्चात जमानत राशि का 08 प्रतिशत जमा करना होगा।
6– बिना कारण बताये किसी भी निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकारी खण्ड विकास अधिकारी सतांव के पास निहित है।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**सतांव रायबरेली**

# हैदरगढ़ चीनी मिल परिसर में हुआ कृषक गोष्ठी का आयोजन

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी।** बलरामपुर चीनी मिल्स लि0, इकाई-हैदरगढ़ परिसर में मिल के मुख्य महाप्रबन्धक बी0के0 यादव की अध्यक्षता में गन्ना किसान समृद्वि गोष्ठी का आयोजन किया गया।गोष्ठी का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डीएम शशांक त्रिपाठी द्वारा दीप प्रज्जवल एवं सरस्वती देवी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने उपस्थित गन्ना कृषकों से शरदकाल में गन्ने की बुवाई अधिक से अधिक क्षेत्रफल में करने की अपील की गई।उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन एवं चीनी मिल सदैव आपको तकनीकी जानकारी एवं कृषि उपयोगी यंत्रों पर सुविधायें दिलाने हेतु तत्पर रहेगा। चीनी मिल द्वारा चलायी जा रही ''निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व'' योजना के अन्तर्गत डीएम ने क्षेत्र की 20



चयनित प्रषिक्षु ग्रामीण महिलाओं को सिलाई मशीन सेट एवं प्रमाण-पत्र भेट की और आशा जताई कि इसके माध्यम से वे स्वावलंबी बन सकेगी। मशीन पाकर लाभार्थियों के चेहरे खिल उठे। इसी क्रम में डा0 दुष्यन्त जिला गन्ना अधिकारी ने कृषको से अपील किया कि जिला में गन्ना फसल के क्षेत्रफल में वृद्वि की असीम संभावनाएं है। केवल गन्ना फसल का उत्पादन करके किसान लगभग 1.50 लाख रुपये, सहःफसल बोने पर लगभग 2 से 2.25 लाख , गन्ना के साथ सहःफसल व ड्रिप सिंचाई का प्रयोग करके लगभग 2.50 लाख रू0 प्रति हेक्टेयर शुद्व बचत कर सकते हैं। इससे किसानों की आय में वृद्वि होने के साथ जिले की ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी समृद्व होगी।

# आगामी संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत प्रशिक्षण संपन्न

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी।**बीडीओ संजीव कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में शुक्रवार को विकास खंड सभागार में माह जुलाई में सम्पन्न होने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान का प्रशिक्षण संपन्न हुआ जिसमें सभी को 1से 31 जुलाई तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान और 11 से 31 जुलाई तक चलने वाले दस्तक अभियान की विभिन्न गति विधियों जैसे दिमागी बुखार,वेक्टर जनित रोगों और जल जनित रोगों से बचाव के बारे में जानकारी दी गई । बीडीओ ने कहा कि गंदगी से बीमारी पनपती है। बीमारी से बचाव के लिए अभियान चलकर साफ सफाई व दवा का छिड़काव करने के लिए प्रधान व सचिव को निर्देशित किया डॉ सौरभ शुक्ला ने बताया कि घरों के आस पास गंदगी व जलभराव की स्थिति उत्पन्न न होने दे क्योंकि गंदगी से मच्छरो का प्रकोप बढ़ता है। जिसके संक्रमण से दिमागी बुखार व अन्य संक्रामक बीमारी से लोग ग्रसित हो जाते है। बाहर से लौटने वाले व्यक्तियों पर विशेष नजर रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति संक्रामक रोग से पी?ित हैं, तो तत्काल सूचना उपलब्ध कराए जिससे उसका उपचार किया जा सके और अन्य लोगों में संक्रमण न फैल सके। इस मौके पर स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी संजय रावत,सत्य मोहन सिंह, ए डी ओ पंचायत विजय कुमार सैनी, ग्राम प्रधान आनन्द सिंह अलगू,शिव दिनेश सिंह,अनिल सिंह, राम सिंह,पंचायत सचिव पवन कुमार, दिनेश प्रसाद, हर्षित श्रीवास्तव, शिक्षक मो इस्माइल, विवेक गुप्ता ,पूजा सिंह बी एम सी यूनिसेफ सहित प्रधान सचिव पंचायत सहायक व शिक्षक मौजूद रहे।

# छत्रपति शाहू जी महाराज की मनाई गई जयंती

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** डॉ भीमराव अंबेडकर मेमोरियल सेवा समिति/पार्क-स्मारक अनुरक्षण समिति के तत्वावधान में डॉ अम्बेडकर पार्क अम्बेडकर चौराहा (नाका सतरिख) में छत्रपति शाहू जी महाराज की जयंती श्रद्धाभाव से मनाई गई। जयन्ती कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रतिष्ठित नेत्र चिकित्सक डॉ विवेक वर्मा ने छत्रपति शाहू जी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और कहा कि अगर दुनिया में किसी भी ग्रन्थ में सच दिखता है तो वह बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के संविधान में दिखता है। डॉ अम्बेडकर ने छत्रपति शाहू जी महाराज के द्वारा स्थापित समता,समानता बंधुत्व और कल्याणकारी राज्य से प्रेरित होकर उन्होंने संविधान को बनाया है,जो आज संविधान में दिखता है। डॉ वर्मा ने कहा कि कल्याणकारी राज्य की स्थापना करने के लिए सरकारों को



छत्रपति शाहू जी महाराज के कल्याणकारी राज्य की अवधारणा को अख्तियार करना चाहिए। भाकियू नेता राम किशोर पटेल ने कहा कि छत्रपति शाहू जी महाराज की शाशन व्यवस्था को शिक्षा-पाठ्यक्रमों में शामिल किया जाना चाहिए जिससे छात्रों को समता, समानता बन्धुत्व व कल्याणकारी राज्य की अवधारणा का ज्ञान हो। जयन्ती समारोह में वरिष्ठ अधिवक्ता आर पी गौतम, अपना दल के नेता सुरेशचंद्र गौतम, अनूप कल्यानी, समाजसेवी हरिनंदन सिंह गौतम, समिति के कोषाध्यक्ष जेएल भास्कर, सचिव मंशाराम कनौजिया, विनोद कुमार गौतम, डॉ सतीश गौतम, कमलेश कुमार, शिक्षिका यादवती ने भी छत्रपति शाहू जी महाराज के व्यक्तित्व कृतित्व पर सम्बोधित किया।

## खबर एक नजर

### युवक पर युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत एक गाँव से युवती के जेवरों के साथ गांव के ही एक युवक के साथ फरार हो जाने का मामला प्रकाश में आया है ।पीड़ित पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर पुलिस से कार्यवाही की गुहार लगाई है पीड़ित पिता ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि उसकी पुत्री को 25 जून की रात गांव निवासी आशीष पुत्र आसाराम उर्फ असलम भगा ले गए हैं । यही नहीं आरोपी के बहलाने फुसलाने की वजह से उसकी पुत्री जाते-जाते कई हजार रुपए की नकदी व सोने चांदी के जेवर भी उठा ले गई है।

### ग्राम चौपाल का हुआ आयोजन

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी।** ग्राम पंचायत रीठी सिकंदरपुर में स्थित पंचायत भवन में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। ग्राम प्रधान दुर्गेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित चौपाल के दौरान ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गई और इस दौरान पेंशन से जुड़ी एक शिकायत आई तो पंचायत सचिव ने ऑनलाइन आवेदन करवाकर लाभ दिलवाने का आश्वासन दिया।वही एक व्यक्ति ने राशन कार्ड में सदस्य के नाम दर्ज न होने की शिकायत की । पंचायत सचिव ने कोटेदार को नाम जुड़वाने के लिए निर्देशित किया। रास्ते में जलनिकास हेतु पाइप डलवाने की मांग पर प्रधान ने पाइप डलवा कर समस्या का समाधान करने की बात कही।इस अवसर पर पंचायत सचिव सत्य प्रकाश वर्मा ने आवास ,पेंशन, बाल सेवा योजना, शादी अनुदान योजना सहित विभिन्न प्रकार की जनकल्याणकारी योजना की जानकारी दी। उन्होंने फैमिली आईडी पर विशेष जोर दिया और कहा कि अभी तक जिन लोगों के राशन कार्ड नहीं बने हैं वह अपना फैमिली आईडी पंचायत भवन पर आकर अवश्य बनवा लें। जिससे उन्हें राशन कार्ड का लाभ दिलाया जा सके। इसके साथ ही जीरो पॉवर्टी अभियान के तहत चयनित लाभार्थियों के राशन कार्ड व अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिलवाने पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किया गया। इस मौके पर पंचायत सहायक जितेंद्र कुमार ग्राम रोजगार सेवक, कोटेदार शिवकुमार शुक्ला सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

### व्यापारियों को आज किया जायेगा सम्मानित

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** दानवीर भामाशाह की जयंती व्यापारी कल्याण दिवस के उपलक्ष्य में कल जिला ग्राम्य विकास अभिकरण सभागार, बाराबंकी में सायं 4ः00 बजे से कार्यक्रम आयोजित जायगा।कार्यक्रम में जनपद के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा सहभाग किया जाना है, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सतीश चंद्र शर्मा, राज्यमंत्री, उ0प्र0शासन एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों का आगमन प्रस्तावित है। कार्यक्रम में अधिक कर देने वाले व्यापारियों का सम्मान करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भी प्रदान किया जाना है।

### भगवान जगन्नाथ की निकाली गई रथ यात्रा

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** पूर्व सांसद पीएल पुनिया ने भगवान जगन्नाथ मंदिर में दर्शन करने के पश्चात् रथ यात्रा में शामिल होते हुए कहा कि भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा एक बहुत ही महत्वपूर्ण और प्रसिद्ध हिन्दू त्यौहार हैं जो प्रत्येक वर्ष बाराबंकी शहर में यात्रा निकाली जाती हैं जोकि रथ का शहर में कई जगह हजारों श्रद्धालुओं के साथ स्वागत किया जाता हैं एवं श्रद्धालुगण भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा में शामिल होते हुए पुरी की तरह यहां भी रथ को खींचने के लिये भक्तों में हो मची रहती हैं। श्रद्धालुओं में महिलाओं व बच्चों के साथ भारी संख्या में लोग भगवान जगन्नाथ के जयकारे लगाते हुए रथ को खींचते रहते हैं, लोग अपने अपने घरों की छतों से पुष्पवर्षा भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा पर करते हैं एवं जयकारे लगाते हैं। भगवान जगन्नाथ मंदिर में दर्शन करने वालों में मुख्य रूप से शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला, वरिष्ठ कांग्रेस राजेन्द्र सोनी, तरूण पटेल, शेरूपाल, आनन्द रावत, गोपी कनौजिया, कुन्दन निगम सहित कई श्रद्धालुगण उपस्थित थें।

### दबंग ने सात के मासूम को बेहरमी से पीटा

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** जिले के जहांगीराबाद थाना क्षेत्र में इंसानियत को शर्मसार करने वाला मामला सामने अया है। यहां एक दबंग ने जरा सी साइकिल छूने पर एक 7 साल के मासूम बच्चे की बेरहमी से पिटाई कर दी। इससे बच्चे का हाथ फ्रैक्चर हो गया और वो बेहोश हो गया। जिला अस्पताल में उसका इलाज जारी है। उधर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दरअसल जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के पारा खंदौली गांव का 7 वर्षीय अनवित साओइकिल से सामान लेने जा रहा था। इस दौरान उसकी साईकिल गांव के ही दबंग विशाल नामक युवक के पैरों में हल्के से छू गई। इसी बात पर दबंग विशाल आपा खो बैठा और गालियों की बौछार करते हुए मासूम पर टूट पड़ा। यही नहीं विशाल के परिवार की अन्य महिला व लोगों ने सात साल के मासूम अनवित को बुरी तरह पीटा। इस दौरान हैवानियत की तमाम हदें पार कर दी गईं। विशाल ने उसके बाद मासूम का मुंह दबाकर उसे बेरहमी से सड़क पर पटक दिया,बच्चे की चीख-पुकार सुनकर जब ग्रामीण इकट्ठा हुए तो आरोपी वहां से भाग निकले।बच्चे की चीख सुनकर जब तक पिता दौड़कर पहुंचे, तब तक वह बेहोश हो चुका था,बच्चे को जिला अस्पताल में कराया भर्ती, मासूम अनवित का हाथ में फ्रेक्रचर है और पूरे शरीर पर गहरी चोटों के निशान। जहागीराबाद पुलिस आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश में जुटी।

### जमीन विवाद में महिला को किया घायल

**स्वतंत्र भारत,मिल्कीपुर-अयोध्या।** कुमारगंज थाना क्षेत्र के गोकुला गांव अंतर्गत बराहिनपुर गांव में जमीन विवाद को लेकर एक परिवार पर हमला किया गया। आरोपियों ने घर में घुसकर महिला को लाठी-डंडों से घायल कर दिया। पीड़िता को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।घटना 26 जून की शाम 8 बजे की है। सुदामा प्रसाद दूबे की शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिकायत के अनुसार, रामकरन पुत्र राममिलन उनकी जमीन पर टीन लगा रहे थे।

# रात अंधेरों में जगी फाइलेरिया-मुक्ति की उम्मीद

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** जब सूरतगंज ब्लॉक की ज़्यादातर बस्तियाँ गहरी नींद में डूबी थीं, तब कुछ लोग ऐसे भी थे जो अंधेरे में उम्मीद की मशाल लेकर निकल पड़े। जनपद बाराबंकी में फाइलेरिया उन्मूलन के तहत चल रहा प्री टास सर्वे ऐसा ही एक प्रयास है। रात की खामोशी में स्वास्थ्य विभाग की टीमें कैम्प आयोजित कर 20 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के लोगों का रक्त के नमूने ले रही हैं, ताकि इस मूक बीमारी की समय रहते पहचान की जा सके।गुरुवार की रात ग्राम पंचायत बैरनामऊ और फूलपुर की सँकरी गलियों में एक अलग ही हलचल थी। स्वास्थ्य कर्मियों के साथ सीएचओ ङ्क पीएसपी के सदस्य ग्राम पंचायत बैरनामऊ के प्रधान-प्रतिनिधि शेर बहादुर और ग्राम पंचायत फूलपुर के बीडीसी सदस्य सीमा देवी व कोटेदार रमेश कुमार, सहित सीएचओ, आशा कार्यकर्ता और संगिनी दरवाज़ा-दरवाज़ा दस्तक दे रहे थे- ज़रा बाहर आइएज फाइलेरिया की जाँच करानी है।÷रात दस बजे ग्राम पंचायत बैरनामऊ में शेर बहादुर ने फीता काटकर प्री-टास सर्वे की शुरुआत की और सबसे पहले अपना रक्त सैंपल देकर जन प्रतिनिधि होने का फर्ज निभाया। यह केवल एक सर्वे नहीं, बल्कि जन-जागरूकता और सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचायक था जिसको बीते माह अप्रैल में गठित पीएसपी सदस्य अंजाम दे रहे थे। इस पहल से पहली ही रात 127 लोगों



के सैंपल लिए गए। वहीं फूलपुर में बीडीसी सदस्य सीमा देवी और कोटेदार रमेश कुमार ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया, जहाँ 65 लोगों के नमूने लिए गए। बैरनामऊ में सर्वे टीम का नेतृत्व कर रहे लैब टेकनीशियन कमल प्रभात ने बताया कि फाइलेरिया संक्रमित मच्छरों से फैलने वाली लाइलाज बीमारी है, इसके लक्षण 10-15 वर्षों बाद दिखाई देते हैं तब तक स्थिति गंभीर हो जाती है। इसके बावजूद लोग ब्लड सैंपल देने से हिचकते हैं। उनका मानना है कि जब कोई लक्षण नहीं हैं तो जांच क्यों कराएं। लेकिन जब उन्होंने देखा कि उनका प्रतिनिधि खुद साथ खड़ा है, तो वे भी आगे आए।प्रधान-प्रतिनिधि शेर बहादुर ने कहा, यह सिर्फ सरकारी टीम का काम नहीं है, बल्कि हम सबकी जिम्मेदारी है। अगर हम बीमारी को जड़ से खत्म करना चाहते हैं, तो हर घर का दरवाजा हमें खुद खोलना होगा। उन्होंने आगे भी सर्वे टीम को सहयोग देने का आश्वासन दिया।जिला मलेरिया अधिकारी सुजाता ठाकुर ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन की दिशा में प्री-टास सर्वे एमडीए के बाद कराया जाता है ताकि यह आकलन किया जा सके कि क्षेत्र में संक्रमण की दर 1 से कम हो गई है या नहीं। यदि दर कम पाई जाती है, तो यह माना जाता है कि फाइलेरिया का संक्रमण अब समुदाय में प्रसारित नहीं हो रहा। अन्यथा उस क्षेत्र में एमडीए की एक और राउंड आवश्यक मानी जाती है। इसके लिए एक साइट पर 300 लोगों के रक्त नमूने लेने का लक्ष्य रखा गया है।

# निधन पर सांत्वना देने घर पहुंचे गोप



**स्वतंत्र भारत, जैदपुर बाराबंकी।** समाजसेवी व्यापारी नेता अजमत अली उर्फ बब्बू शेख के निधन पर सांत्वना देने घर पहुंचे पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप जहां भारी संख्या में तमाम नेता व गणमान लोग भी मौजूद थे। बताते चलें कि जैदपुर कस्बे के कटारी टोला मोहल्ले के निवासी नेक दिल समाजसेवी ब्यापारी नेता बब्बू शेख के निधन से न सिर्फ मोहल्ले वासियों बल्कि पुरे कस्बे शोक की लहर है। वहीं अपने कुशल कुशल व्यवहार के चलते अचानक उनकी मौत की सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में लोग उनके घर शोक व्यक्त करने पहुंच रहे हैं इसी कड़ी में समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप ने कहा कि बीमारी के चलते आज बब्बू भाई हमारे बीच नहीं लेकिन हम सब के दिलों में हमेशा रहेंगेवकील खुजूर मो0 रफत कदीम सिद्दीकी बुंदिया सहित भारी संख्या में में लोग भी मौजूद थे।

# काकरिया नगर के लोगों का घर निकलना हुआ दुश्वार

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** स्थानीय नगर पालिका परिषद नवाबगंज के वार्ड नंबर-2 काकरिया नगर के निवासी नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। मोहल्ले की मुख्य सड़क की बदहाली ने लोगों का जीना मुहाल मुहाल कर दिया है, खासकर बरसात के मौसम में यहां हालात बद से बदतर हो जाते हैं। इस समस्या को लेकर सिटीजन जर्नलिस्ट जुबैर अहमद ने अपनी आवाज़ उठाई है।ज़ुबैर अहमद का कहना है कि वार्ड नंबर-2 का मुख्य मार्ग, जो मास्टर इसहाक के घर के आगे से लेकर जावेद चप्पल एजेंसी तक बेहद बदहाल है। इस खराब रास्ते की वजह से मोहल्ले के लोग भारी परेशानी झेल रहे हैं। उन्होंने बताया कि बारिश होने पर बच्चों का स्कूल जाना मुश्किल हो जाता है, क्योंकि कोई भी स्कूल वैन या गाड़ी इस रास्ते पर नहीं आ पाती है। बच्चों को पैदल ही कीचड़ भरे रास्ते से होकर



मुख्य सड़क तक जाना पड़ता है।इसके अलावा, खराब रास्ते पर आए दिन मोहल्ले के लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। सड़कों पर जमा गंदा पानी संक्रमण का खतरा भी बढ़ा रहा है। वार्डवासियों का कहना है कि वे चाहते हैं कि यह सड़क जल्द से जल्द बनवाई जाए लेकिन स्थानीय जनप्रतिनिधि इस गंभीर समस्या पर बिल्कुल ध्यान नहीं दे रहे हैं।ज़ुबैर अहमद ने बताया कि उन्होंने इस समस्या को लेकर दिनांक 24 सितम्बर 2024 को आईजीआरएस पोर्टल पर तस्वीरों के साथ शिकायत दर्ज कराई थी और सड़क बनवाने की मांग की थी। शिकायत के बाद उनके पास नगर पालिका के जेई का फोन आया।

# मोहर्रम की तैयारियों का शुरू हुआ सिलसिला

**स्वतंत्र भारत, जैदपुर बाराबंकी।** मोहर्रम का चांद नज़र आने के साथ साथ अवध के कस्बा जैदपुर में मोहर्रम की तैयारियों का सिलसिला शुरू हो गया है । मोहर्रम में इमाम हुसैन की शहादत का ग़म मनाने के लिए तमाम इमामबाड़ों में मजलिसों की तैयारी हो चुकी है और चौक एव इमामबाड़ों में ताजियों की सजावट का काम जारी है । बताते चलें कि जैदपुर कस्बे की ऐतिहासिक इमाम बारगाह वक्फ इमामबाड़ा गढ़ी जदीद ( तालुकदार कस्बा जैदपुर बाराबंकी , छोटी सरकार ) में मोहर्रम के अशरे (1 से 12 मोहर्रम रात 10:30 बजे ) की मजलिसों को आली जनाब हुज्जतुल इस्लाम मौलाना कमर अब्बास ख़ान साहब खिताब फरमाएंगे ।इमामबाड़ा वक्फ बुनियादिया बड़ी सरकार में मौलाना जनाब जाबिर जौरासी साहब , इमामबाड़ा सरकारें हुसैनी में मौलाना हुज्जतल इस्लाम जनाब मुराद रज़ा साहब मजलिस को खिताब फरमाएंगे इमामबाड़ा मीर ऐनुल हुसैन,इमामबाड़ा मीर मुख़लिस हुसैन



में मजलिस का आयोजन मोहर्रम के चांद दिखने के साथ ही शुरू हो गया है । जैदपुर में बड़ापूरा , अली अकबर कटरा, बाज़ार कटरा , अहिरान मोलवी कटरा, महमूदपुर, वसीनगर कालोनी , गढ़ी कदीम समेत अन्य चौक और इमामबाडो में ताजिया रखने की तैयारी शुरू कर दी गई है ।पहली मोहर्रम को मोहर्रम के पहले जुमे को वक्फ इमामबाड़ा गढ़ी जदीद में इमाम हुसैन अस के छह माह के बेटे कर्बला के सबसे कमसिन शहीद अली असगर की याद में यौमे अली असगर मनाया गया। जिसमें मौलाना जाबिर जौरासी साहब , मौलाना मुराद रज़ा साहब, मौलाना अता मेहदी साहब , मौलाना कमर अब्बास ख़ान साहब यौमे अली असगर के हवाले से बयान फरमाया। कार्यक्रम की निज़ामत सैयद कामिल रिज़वी ज़ैदपुरी ने की। यौमे अली असगर में अज़ादार अपने छोटे छोटे बच्चों के साथ अली असगर की याद में शिरकत कर उनकी शहादत को याद करते हैं । वहीं छोटा इमाम बाड़ा के हसीब मतोले सहित अन्य कारीगरों द्वारा छोटे छोटे ताजिया बनाने का कार्य भी युद्ध स्तर पर जारी है।

# संचारी रोगों की रोकथाम के लिए ग्राम प्रधानों का सहयोग जरूरी : जितेंद्र कुमार

**स्वतंत्र भारत, रामनगर बाराबंकी।** ब्लाक सभागार रामनगर में खंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार की अध्यक्षता में संचारी रोगों की रोकथाम एवं दस्तक अभियान को लेकर हेतु बैठक आयोजित की गई जिसमें लोगों को संचारी रोगों की रोकथाम के लिए विभिन्न प्रकार के उपाय बताए गए और सफाई व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गयी बैठक में ग्राम प्रधान सफाई कर्मी पंचायत सहायक सहित सभी पंचायत सचिव सभी एडीओ ने प्रतिभाग किया। बैठक में बोलते हुए खंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार ने कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम के लिए ग्राम प्रधानों के सहयोग की विशेष आवश्यकता है। क्योंकि ग्राम प्रधान जनता और शासन के बीच की महत्वपूर्ण कड़ी होता है। सरकारी योजनाओं को गांवों तक पहुंचाने में ग्राम प्रधानों की अहम भूमिका रहती है। उपस्थित ग्राम प्रधानों से अपील करते हुए खंड विकास अधिकारी ने कहा कि संचारी रोगों के रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक करना जरूरी है। इसमें सभी के सहयोग की आवश्यकता है। एडीओ पंचायत अभय शुक्ला ने बोलते हुए कहा कि सफाई व्यवस्था बनाए



रखना हम सब की जिम्मेदारी है सफाई कर्मियों के द्वारा लगातार गांवों में सफाई की जा रही है यदि कहीं आवश्यकता होती है तो टीमें भेज कर विशेष सफाई अभियान चलाया जाता है लेकिन संचारी रोगों की रोकथाम के लिए आप सभी लोग आसपास के लोगों को जागरूक करें और स्वयं सफाई पर ध्यान दें। बैठक में स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी नीरज वर्मा और यूनिसेफ की बीएमसी लक्ष्मी सक्सेना ने बताया कि 1 जुलाई से 31 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान चलाया जाएगा जिसमें गांवों की नालियों की सफाई झाड़ियों की कटाई तथा फॉगिंग के साथ-साथ एंटी लारवा ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव होना आवश्यक है। बैठक में सहायक विकास अधिकारी कृषि दलबीर सिंह यादव पंचायत सचिव ऋषभ पांडेय सहित भारी संख्या में ग्राम प्रधान सफाई कर्मचारी पंचायत सहायक उपस्थित थे।

# जल निकासी के लिए ग्रेडियंट से होगी तकनीकी जांच

**स्वतंत्र भारत,अयोध्या।** अश्विनीपुरम कॉलोनी और आसपास के इलाके में जल निकासी के लिए नाला बनाने के लिए ग्रेडिएंट से ढलान का पता लगाया जाएगा। यह निर्देश महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के अश्वनीपुरम कॉलोनी में भ्रमण के दौरान दिए। सुबह के सात बजे महापौर नगर निगम टीम के साथ रामलीला मैदान के सामने पहुंचे तो चेहरे पर उम्मीद लिए स्थानीय लोग इंतजार कर रहे थे। स्वागत की औपचारिकता के बाद भ्रमण की शुरुआत हुई। स्थानीय पार्षद जगन्नाथ यादव ने अश्वनीपुरम फेज टू में अवधेश कुमार श्रीवास्तव के मकान से प्रमोद दुबे के मकान तक 180 मीटर लंबी स?क एवं नाली निर्माण की आवश्यकता जताई। यहां मौजूद प्रमोद दुबे, राजेश चौधरी, सुनील सिंह, मानसी मौर्य, रोहित मौर्य आदि ने बताया कि 2019 में निर्मित खड़जा अब बैठ चुका है, जिससे जलभराव की स्थिति निरन्तर बनी रहती है।यहां लोगों की समस्याएं सुनने के बाद काफिला अश्विनीपुरम कॉलोनी की ओर बड़ा। दाहिनी ओर जर्जर गली देखकर महापौर ने नवनिर्माण के लिए प्राक्कलन करने के निर्देश निर्माण खंड को दिए। थोड़ा आगे बढ़ने पर पार्क में मलबा जमा देखकर नाराजगी जताई और उसे हटवाने की निर्देश दिए, ताकि बच्चों को पार्क में खेलने की सुविधा हासिल हो सके। यहां उन्होंने हैंडपंप चला कर चेक किया जो ठीक था पर ढक्कन गायब था। उन्होंने नल पर नया ढक्कन तत्काल लगवा दिया।बीबी सिंह के घर के सामने स्थित पार्क का टूटा गेट बनवाने का निर्देश महापौर ने दिया। यहां सोलर ट्री भी खराब होने की शिकायत मुहल्लेवासियों ने की, जिस पर उन्होंने जांच के निर्देश दिए। कॉर्नर पर स्थापित पानी की टंकी से सेंसर पाइप निकल जाने के कारण लगातार रिसाव हो रहा था।

# कुलदीप को करें टीम में शामिल : क्लार्क

## इंग्लैंड पर जीत के लिए भारतीय टीम को लगाना होगा ये दांव, माइकल की खास सलाह बनेगी रामबाण



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क का मानना है कि भारत को इंग्लैंड पर जीत के लिए कुलदीप यादव को प्लेइंग 11 में शामिल करना होगा। उन्होंने कहा कि कलाई के स्पिनर कुलदीप को अंतिम एकादश में चुनना बिना सोचे-समझे लिया जाने वाला निर्णय है। बता दें कि, भारतीय टीम इन दिनों इंग्लैंड दौरे पर है और पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेल रही है। पहले मुकाबले में मेजबानों ने मेहमानों को पांच विकेट से करारी शिकस्त देकर 0-1 से सीरीज में बढ़त बना ली है। भारत और इंग्लैंड के बीच जारी सीरीज का दूसरा मुकाबला बर्मिंघम में दो जुलाई से खेला जाएगा। इस मैच से पहले माइकल क्लार्क ने भारतीय टीम खास सलाह दी है। उनका मानना है कि पिच की परिस्थिति चाहें जो भी हो भारतीय टीम प्रबंधन को कुलदीप यादव को प्लेइंग 11 में शामिल करना चाहिए। उन्होंने बियॉन्ड23 पॉडकास्ट में कहा- गेंदबाजी के लिहाज से मैं किसी एक खिलाड़ी पर ज्यादा जोर नहीं देना चाहता, लेकिन मुझे लगता है कि उन्हें कुलदीप यादव को खिलाना चाहिए। मुझे लगता है कि यह बिल्कुल आसान है। वह विकेट लेने वाला गेंदबाज है और इस टेस्ट में उसने जो किया उससे कहीं ज्यादा अच्छा प्रदर्शन कर सकता था।

इंग्लैंड ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। भारत ने पहली पारी में 471 रन बनाए थे और इंग्लैंड की पहली पारी 465 रन पर ऑलआउट कर छह रनों की मामूली बढ़त हासिल कर ली थी। भारत की दूसरी पारी चौथे दिन 364 रन पर ऑलआउट हुई थी और उसने कुल 370 रनों की बढ़त हासिल कर इंग्लैंड को 371 रनों का लक्ष्य दिया था। इंग्लैंड ने आखिरी दिन आसानी से लक्ष्य हासिल किया और 0-1 से सीरीज में बढ़त लेने में सफल रहा। इंग्लैंड ने दूसरी पारी में पांच विकेट पर 373 रन बनाकर जीत हासिल की। इस दौरान क्लार्क ने संतुलित गेंदबाजी लाइनअप की तुलना में बल्लेबाजी की गहराई को प्राथमिकता देने की भारत की प्रवृत्ति की आलोचना की। उन्होंने कहा- भारत ने कुछ समय से ऐसा किया है। वे अतिरिक्त बल्लेबाजी या बल्लेबाजी को गहराई से बढ़ाने के बारे में बहुत चिंतित हैं और वे ऐसा करने के लिए अपने नंबर एक स्पिनर को नहीं चुनने का जोखिम उठाने को तैयार हैं। मुझे लगता है कि इंग्लैंड में जीतने के लिए, आपको 20 विकेट लेने की कोशिश करनी होगी।

हेडिंग्ले में जसप्रीत बुमराह ने भारत के लिए पहली पारी में पांच विकेट झटके थे। दूसरी पारी में उन्हें कोई सफलता नहीं मिली। हालांकि, उन्होंने तीन की इकोनॉमी से गेंदबाजी की और इंग्लैंड पर नियंत्रण करने की कोशिश की लेकिन उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज से भरपूर साथ नहीं मिला। अब क्लार्क ने भी इस मुद्दे पर बात की है। उन्होंने कहा- बुमराह एक स्टार हैं वह उस आक्रमण का नेतृत्व कर रहे हैं। लेकिन अन्य तीन तेज गेंदबाजों ने हां, कई बार अच्छी गेंदबाजी की लेकिन उन्हें विकेट लेने के और तरीके खोजने की जरूरत है। उन्हें शायद बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

# भारतीय गेंदबाजों पर भड़के शमी कहा- जसप्रीत बुमराह से सीखो



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स टेस्ट मैच में भारतीय तेज गेंदबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। वहीं भारतीय तेज गेंदबाजों के प्रदर्शन से टीम इंडिया के सीनियर खिलाड़ी मोहम्मद शमी भी नाखुश नजर आए। पहले टेस्ट मैच में इंग्लैंड ने जीत के लिए 371 रन का पीछा आसानी से कर लिया और भारत को 5 विकेट से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। भारतीय गेंदबाजों ने दोनों पारियों में 4.5 रन प्रति ओवर की दर से रन दिए हालांकि, जसप्रीत बुमराह काफी प्रभावी नजर आए। 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मैच के बारे में बात करते हुए शमी ने सुझाव दिया कि टीम इंडिया के अन्य गेंदबाजों को बुमराह से सीखना चाहिए और मैच के दौरान उनका पूरा समर्थन करना चाहिए। बुमराह ने पहले टेस्ट की पहली पारी में 5 विकेट लिए थे, लेकिन दूसरी पारी में उन्हें विकेट नहीं मिला क्योंकि इंग्लैंड के खिलाफ उन्होंने किसी भी तरह का जोखिम नहीं उठाने का फैसला किया था।

शमी ने अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए कहा कि भारतीय टीम के अन्य गेंदबाजों को बुमराहा से बात करनी चाहिए और उनसे सीखना चाहिए। उन्हें उनके साथ योजना बनाने और उनका समर्थन करने के बारे में बात करनी चाहिए। अगर अन्य गेंदबाज बुमराह का समर्थन करेंगे तो हम आसानी से मैच जीत जाएंगे। अगर मैं पहले मैच की बात करूं तो मुझे लगता है कि हमें गेंदबाजी में थोड़ा काम करने की जरूरत है। शमी ने बताया कि कैसे शार्दुल ठाकुर और प्रसिद्ध कृष्णा के विकेटों का खेल पर कोई असर नहीं पड़ा क्योंकि इंग्लैंड पहले से ही ड्राइवर कीसीट पर था। शमी ने नई गेंद से विकेट लेने के महत्व पर भी जोर दिया। शमी ने कहा कि शार्दुल ठाकुर और प्रसिद्ध कृष्णा ने दूसरी पारी में दो-दो विकेट झटके, लेकिन तब तक मैच भारत की पहुंच से बाहर हो चुका था। नई गेंद से विकेट लेना बहुत अहम है और उन्हें बुमराह का साथ देना चाहिए। इंग्लैंड ने पहला टेस्ट इसलिए जीता क्योंकि हमने बहुत सारे आसान रन दिए।

# रोहित ने किया बड़ा खुलासा, टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के साथ मैच से पहले मिली थी धमकी



**नई दिल्ली।** पिछले साल न्यूयॉर्क में टी20 वर्ल्ड कप 2024 में भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला कौन भूल सकता है। टीम इंडिया पहले बल्लेबाजी करते हुए 119 रन पर सिमट गई थी। लेकिन फिर टूटा जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या का कहर। कसी गेंदबाजी की बदौलत भारत ने कम स्कोर का भी बचाव किया। लेकिन कम ही लोगों को पता है कि उस मैच के दो दिन पहले से भारतीय क्रिकेट टीम एक तरह से होटल में कैद थी। उन्हें बाहर जाने की इजाजत नहीं थी। सीधे मैच के लिए ही होटल से बाहर निकले थे। ये खुलासा किया है तत्कालीन कप्तान रोहित शर्मा ने। रोहित ने स्टार स्पोर्ट्स के साथ बातचीत में खुलासा किया है कि, भारत और पाकिस्तान मैच से पहले हमें कहा गया कि खतरा है कुछ चल रहा है। इसलिए मैच के दो दिन पहले से हमें होटल से बाहर निकलने की इजाजत नहीं थी। माहौल वहां से बनना शुरू हो गया था। हम खाना ऑर्डर कर रहे थे और होटल इतना पैक था किआप बामुश्किल चल सकते थे। फैन, मीडिया वहां सब थे। उस समय आपको अहसास होता है कि ये कोई साधारण सा मैच नहीं है कुछ खास होने वाला है। मैच शुरू होने से पहले ही स्टेडियम में जैसे जश्न का माहौल था। उस माहौल और रोमांच के अनुभव के बारे में रोहित ने बताया कि, हम स्टेडियम के नजदीक पहुंचे तो वहां पहले से जश्न जैसा महसूस हो रहा था। भारतीय फैंस, पाकिस्तानी फैंस, हर कोई नाच रहा है और मस्ती में मगन है। मैंने भारत-पाकिस्तान के कई मैच खेला है, कब तो गिनती भी भूल गए लेकिन मैच से पहले की वो ऊर्जा, वो फीलिंग वह कुछ अलग ही था। किसी भी चीज की उससे तुलना नहीं हो सकती।

# विश्व कप की तैयारियों का आगाज करेगी भारतीय टीम, इंग्लैंड से आज होगा टी20 मैच में सामना

**नई दिल्ली।** अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारियों की शुरुआत के लिए भारतीय महिला टीम के पास इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से अच्छा मौका नहीं होगा। हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व वाली टीम आगामी पांच मैचों की सीरीज के जरिये इंग्लैंड की प्लेइंग कंडीशंस में खुद को ढालना चाहेगी। यहां दोनों का तीन वनडे मैचों की सीरीज में भी आमना-सामना होना है। विश्व कप के आयोजन में अभी लगभग एक साल का वक्त है, लेकिन पिछले साल ग्रुप चरण में बाहर होने वाली भारतीय टीम के लिए यह सीरीज बेहद महत्वपूर्ण है। भारतीय टीम प्रबंधन इंग्लैंड की पिचों की प्रकृति और बदलते मौसम का खेल पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन करना चाहेगा। टीम प्रबंधन को इसके साथ ही यह पता करने का भी मौका मिलेगा कि इस तरह की परिस्थितियों में किस तरह के खिलाड़ी प्रभाव डाल सकते हैं। विस्फोटक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा की वापसी के अलावा भारत ने क्रांति गौड़, श्री चरणी और सायली सतघरे जैसे कुछ नए चेहरों को अपनी टीम में शामिल किया है। पूरी संभावना है कि शेफाली को स्मृति मंधाना के साथ पारी का आगाज करने का मौका दिया जाएगा, क्योंकि उमा छेत्री कुछ मैचों में सलामी बल्लेबाज के रूप में प्रभावित नहीं कर पाई थी।

भारत का यह इस साल का पहला टी20 मैच है और ऑफ स्पिन ऑलराउंडर स्नेह राणा और तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर अमनजोत कौर की वापसी पर सबकी निगाहें रहेंगी। राणा फरवरी 2023 के बाद टीम में वापसी कर रही हैं और इस साल की महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में अच्छे प्रदर्शन से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। भारत को हालांकि तेज गेंदबाज रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर की कमी खलेगी, जो चोटिल होने के कारण इस श्रृंखला से बाहर हैं।

# ऑलराउंड प्रदर्शन से जीता भारत

**नई दिल्ली।** भारतीय अंडर-19 टीम ने इंग्लैंड को पांच मैचों की वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में छह विकेट से हराकर 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। शुक्रवार को होव में खेले गए इस मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम ने 42.2 ओवर में 10 विकेट पर 174 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने 24 ओवर में चार विकेट पर 178 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। उनके लिए वैभव सूर्यवंशी ने 48 और अभिज्ञान कुंडु ने 45 रनों की नाबाद पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय अंडर-19 टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। कप्तान आयुष म्हात्रे 30 गेंदों में 21 रन बनाकर आउट हुए जबकि वैभव सूर्यवंशी ने 19 गेंदों में तीन चौके और पांच छक्के की मदद से 48 रन बनाए। हालांकि, वह अर्धशतक से चूक गए। उन्हें एलबर्ट ने अपना शइकार बनाया। विहान मल्होत्रा ने 18 और मौल्यराजसिन्ह चावड़ा ने 16 रन बनाए।

# आईसीसी ने टी20 में पावरप्ले नियम में किया बदलाव

**नई दिल्ली।** टी20 में नए पावरप्ले नियमों की घोषणा की है। ये नियम बारिश होने या किसी अन्य कारण से ओवर्स कटने पर लागू होगा। ओवर कटने पर पावरप्ले की अवधि ओवर के बजा गेंद के अनुसार तय होगी। मौजूदा नियमों के अनुसार 20 ओवर की पारी में पहले 6 ओवर पावरप्ले होते हैं। आईसीसी ने टी20 में नए पावरप्ले नियमों की घोषणा की है। ये नियम बारिश होने या किसी अन्य कारण से ओवर्स कटने पर लागू होगा। ओवर कटने पर पावरप्ले की अवधि ओवर के बजा गेंद के अनुसार तय होगी। मौजूदा नियमों के अनुसार 20 ओवर की पारी में पहले 6 ओवर पावरप्ले होते हैं। मैच छोटा होने पर कुछ मामलों में पावरप्ले ओवर तक राउंड ऑफ करना कई बार बड़ा अंतर पैदा कर देता है।

जुलाई 2025 में लागू होने वाले नए नियमों के अनुसार 8 ओवर के मैच में अब 2.2 ओवर का पावरप्ले होगा। इसका मतलब ये है कि, 14 गेंद तक 30 यार्ड के बाहर 2 फील्डर होंगे। 9 ओवर के मैच में 2.4 ओवर का पावरप्ले होगा। इससे अनुपात 30 प्रतिशत के करीब रहता है। इसी प्रकार पांच ओवर की पारी में 1.3 ओवर पावरप्ले के होंगे। आईसीसी की वेबसाइट पर दी गई तालिका के अनुसार 6 ओवर के मैच में 1.5 ओवर पावरप्ले के होंगे, 7 ओवर के मैच में 2.1 ओवर पावरप्ले के होंगे। 10 ओवर की पारी में तीन ओवर पावरप्ले के होंगे। 11 ओवर की पारी में 3.2 ओवर पावरप्ले के होंगे, जबकि 12 ओवर की पारी में 3.4 ओवर पावरप्ले के होंगे। आईसीसी के अनुसार 13 ओवर की पारी के लिए 3.5 ओवर का पावरप्ले होगा, 14 ओवर की पारी के लिए 4.1 ओवर का पावरप्ले होगा, 15 ओवर की पारी के लिए 4.3 ओवर का पावरप्ले होगा और 16 ओवर की पारी के लिए 4.5 ओवर का पावरप्ले होगा। आईसीसी ने टेस्ट क्रिकेट में भी स्लो ओवर रेट से निपटने के लिए स्टॉप क्लॉक लेकर आ गया है। इसके अलावा गेंद पर थूक लगाने को लेकर नियम में भी बदलाव हुआ है।

# शेयर बाजार : हफ्ते के आखिरी दिन उछला सेंसेक्स, निफ्टी 25600 के पार




**नई दिल्ली।** ताजा विदेशी पूंजी प्रवाह के बीच प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में शुक्रवार को लगातार चौथे कारोबारी दिन बढ़त दर्ज की गई। इन्हें आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में खरीदारी का समर्थन मिला। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में मजबूती और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से भी निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 303.03 अंक या 0.36 प्रतिशत चढ़कर 84,058.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 333.48 अंक या 0.39 प्रतिशत बढ़कर 84,089.35 पर पहुंच गया। वहीं, एनएसई निफ्टी 88.80 अंक या 0.35 प्रतिशत बढ़कर 25,637.80 अंक पर बंद हुआ। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 24 पैसे बढ़कर 85.48 (अनंतिम) पर बंद हुआ।

**व्यापार विस्तार:** बजाज फिन्सर्व एएमसी ने गुणवत्ता, विकास और मूल्य की पेशकश करने वाले बजाज फिन्सर्व स्मॉल कैप फंड, एक ओपन एंडेड इक्विटी योजना जो मुख्य रूप से स्मॉल कैप स्टॉक में निवेश करता है, इसके शुरुआत की घोषणा की है।यह फंड सब्स्क्रिप्शन के लिए 27 जून 2025 से खुलकर 11 जुलाई 2025 को बंद होगा। इसकी शुरुआत पर, गणेश मोहन, प्रबंध निदेशक, बजाज फिन्सर्व एएमसी ने कहां स्मॉल कैप फंड का शुभारंभ भारत के गतिशील स्मॉल कैप जगत की दीर्घकालिक क्षमता में हमारी गहरी आस्था को प्रदर्शित करता है। निमेष चंदन मुख्य निवेश अधिकारी, बजाज फिन्सर्व एएमसी ने कहां हमारा नया स्मॉल कैप फंड उन गुणवत्तापूर्ण व्यवसायों का पोर्ट्फोलीओ है जो अपने आंतरिक मूल्यांकन से नीचे कारोबार कर रहे हैं।

**नवीनतम श्रृंखला:** जब एक शांत 42 वर्ष के पुरुष का सामना अपने उस पहलू से होता है, जिसके बारे में वह कभी जानता ही नहीं था, तब उसके द्वारा अपने जीवन के नियमों को दोबारा लिखने की शुरुआत होती है, फिर इसके बाद क्या होता है? नेटफ्लिक्स ने आप जैसा कोई का ट्रेलर जारी किया है। इसमें आर. माधवन श्रीरेणु त्रिपाठी और फातिमा साना शेख मधु बोस के किरदार में हैं। यह सुखद फैमिली ड्रामा सबसे अप्रत्याशित परिस्थितियों में 'बराबरी वाला प्यार' खोजने के अपनेपन, संबंध और सुंदरता को पेश करता है। इस फिल्म में जमशेदपुर और कोलकाता के दो अलग-अलग समाजों में रहने वाले किरदारों की कहानी दिखाई गई है। अपनी आदत और परंपरा का दृढ़ता से पालन करने वाला श्रीरेणु पुरुषत्व, अपनेपन और भावनात्मक अभिव्यक्ति को नए सिरे से तलाशने की शुरुआत करता है।

# सर्राफा बाजार में नरमी, सोना 930 रुपये लुढका, चांदी भी टूटी



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में तनाव कम होने और अमेरिका-चीन के बीच व्यापार समझौते को लेकर खबरों ने सोने की मांग को कमजोर किया। शुक्रवार को राजधानी दिल्ली में सोना का भाव 930 रुपये टूटकर 97,670 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 850 रुपये घटकर 97,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। चांदी की कीमत 100 रुपये की गिरावट के साथ 1,03,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टी की है।

**एबीएसएलआई:** आदित्य बिड़ला सन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड एबीएसएलआई, भारत की अग्रणी विविध वित्तीय सेवा कंपनी आदित्य बिड़ला कैपिटल की जीवन बीमा सहायक कंपनी ने एबीएसएलआई सुपर टर्म प्लान लॉन्च करने की घोषणा की है। यह ऑल-इन-वन शुद्ध सुरक्षा टर्म इंश्योरेंस बिल्ट-इन स्वास्थ्य प्रबंधन सेवाओं के साथ-साथ लक्ष्य-संबद्ध वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह लॉन्च कंपनी के ग्राहक-प्रथम दृष्टिकोण और पॉलिसीधारकों की समग्र भलाई का समर्थन करने की इसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मज़बूत जीवन सुरक्षा प्रदान करने के अलावा, यह योजना पॉलिसी अवधि के दौरान सुलभ अंतर्निहित स्वास्थ्य प्रबंधन सेवाएं प्रदान करती है, जिससे पॉलिसीधारकों को अपने स्वास्थ्य की सक्रिय निगरानी करने और उसे बनाए रखने में मदद मिलती है, साथ ही परिवार के वित्तीय भविष्य को सुरक्षित किया जा सकता है।

**नवीनतम पेशकश:** सराफी उद्योग में 192 वर्षों की विरासत और विश्वासार्हता रहे भारत के सबसे भरोसेमंद ज्वेलरी ब्रांड / हाऊस में से एक पीएनजी ज्वेलर्स ने आज पुणे में अपने समकालीन सब-ब्रांड लाइट स्टाइल बाय पीएनजी के शुरू करने की घोषणा की। 18 कैरेट और 22 कैरेट सोने में तैयार लाइट स्टाइल 25-40 वर्ष की आधुनिक, स्टाइल के प्रति सजग महिलाओं के लिए तैयार किया गया है। पुणे के खराडी और वाकड में लाइट स्टाइल के दो स्टोर शुरू किए जाएंगे, जिनका उद्घाटन प्रसिद्ध अभिनेत्री सई ताम्हण करके हाथों से किया जाएगा। पीएनजी ज्वेलर्स के अध्यक्ष और व्यवस्थापकीय संचालक डॉ. सौरभ गाडगीळ ने कहा की, लाइट स्टाइल के साथ, हम युवा उपभोक्ताओं के आभूषणों के प्रतिरुझान में स्पष्ट बदलाव को देख रहे हैं। पीएनजी और लाईटस्टाइल के प्रमुख-मार्केटिंग, ई-कॉमर्स, सीआरएम, और सीएस आर हेमंत चव्हाण ने कहा की, हम औपचारिक आभूषणों और रोज़ पहनने के पोशाख के बीच का अंतर कम कर रहे हैं।

# आईएफएससी को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने की जरूरत : वित्त मंत्री

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जोर देकर कहा है कि गिफ्ट स्थित अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) को भारत में वैश्विक पूंजी प्रवाह के लिए एक प्रमुख प्रवेश द्वार के रूप में विकसित किया जाना चाहिए, ताकि अगले दो दशकों में उच्च विकास वाले क्षेत्रों की आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके। उन्होंने गिफ्ट सिटी को इंटीग्रेटेड, मॉडर्न और सस्टेनेबल लिविंग इंफ्रास्ट्रक्चर से सुसज्जित एक गतिशील स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों से शीर्ष स्तर की प्रतिभाओं को आकर्षित करने के लिए ऐसी विश्वस्तरीय सुविधाएं स्थापित करना आवश्यक है। गांधीनगर में गिफ्ट सिटी में आईएफएससी के अपने दौरे के दौरान, वित्त मंत्री ने प्रगति की समीक्षा की और प्रमुख बाजार प्रतिभागियों के साथ बातचीत की। केंद्रीय वित्त मंत्री ने अधिकारियों से देश में एचएनआई निवेश को आकर्षित करने के लिए जीआईएफटी आईएफएससी को अधिक प्रतिस्पर्धी और लागत प्रभावी बनाने की दिशा में काम करने का आह्वान किया और देश की वित्तीय जरूरतों के लिए आईएफएससी में सॉवरेन और पेंशन फंड जुटाने में आईएफएससीए की भूमिका की क्षमता को रेखांकित किया। भारत की वैश्विक वित्तीय स्थिति को बढ़ाने में गिफ्ट आईएफएससी की भूमिका की सराहना करते हुए उन्होंने अगले कुछ वर्षों में ही सुधारों को तेज करने पर जोर दिया, ताकि 2047 तक %विकसित भारत' के विजन के साथ विकास को आगे बढ़ाया जा सके।

**एबीएसएलआई:** आदित्य बिड़ला सन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड एबीएसएलआई, भारत की अग्रणी विविध वित्तीय सेवा कंपनी आदित्य बिड़ला कैपिटल की जीवन बीमा सहायक कंपनी ने एबीएसएलआई सुपर टर्म प्लान लॉन्च करने की घोषणा की है। यह ऑल-इन-वन शुद्ध सुरक्षा टर्म इंश्योरेंस बिल्ट-इन स्वास्थ्य प्रबंधन सेवाओं के साथ-साथ लक्ष्य-संबद्ध वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह लॉन्च कंपनी के ग्राहक-प्रथम दृष्टिकोण और पॉलिसीधारकों की समग्र भलाई का समर्थन करने की इसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मज़बूत जीवन सुरक्षा प्रदान करने के अलावा, यह योजना पॉलिसी अवधि के दौरान सुलभ अंतर्निहित स्वास्थ्य प्रबंधन सेवाएं प्रदान करती है, जिससे पॉलिसीधारकों को अपने स्वास्थ्य की सक्रिय निगरानी करने और उसे बनाए रखने में मदद मिलती है, साथ ही परिवार के वित्तीय भविष्य को सुरक्षित किया जा सकता है।

# वैश्विक अनिश्चितताएं बढ़ने के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत

**नई दिल्ली।** हाल ही में जारी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मासिक आर्थिक बुलेटिन के अनुसार, मई 2025 के लिए वैश्विक अनिश्चितता के बीच अलग-अलग हाई-फ्रिक्वेंसी इंडीकेटर्स भारत में औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों में मजबूत आर्थिक गतिविधि की ओर इशारा करते हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि कृषि ने 2024-25 के दौरान अधिकांश प्रमुख फसलों के उत्पादन में व्यापक आधार पर वृद्धि दर्ज की। घरेलू कीमतों की स्थिति सौम्य बनी हुई है और मई में लगातार चौथे महीने हेडलाइन मुद्रास्फीति लक्ष्य से नीचे रही। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि वित्तीय स्थितियां ऋण बाजार में दरों में कटौती के ट्रांसमिशन की सुविधा के लिए अनुकूल बनी हुई हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था अस्थिर स्थिति में है, जो व्यापार नीति अनिश्चितताओं और भू-राजनीतिक तनावों में वृद्धि के दोहरे झटकों से जूझ रही है। हालांकि, घरेलू मोर्चे पर, मई में जारी अनंतिम अनुमानों ने 2024-25 में भारत की वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने की पुष्टि की है, जिसमें चौथी तिमाही में महत्वपूर्ण क्रमिक वृद्धि होगी। मई के लिए अलग-अलग हाई-फ्रिक्वेंसी इंडिकेटर्स औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों में मजबूत आर्थिक गतिविधि के संकेत देते हैं। परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) के लिए सर्वे किए गए देशों में भारत में गतिविधि में समग्र विस्तार सबसे अधिक रहा, जिसमें मई में देखे गए नए निर्यात ऑर्डर में विस्तार अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में देखे गए कॉन्ट्रैक्शन के बीच एक अपवाद था।

**स्टारबक्स इंडिया:** स्टारबक्स इंडिया ने वैश्विक स्तर पर अपने लोकप्रिय ब्लॉन्ड एसप्रेसो रोस्ट के साथ भारत के कॉफी के दीवानों को एक 'ब्लॉन्ड टर्न' लेने का मौका दिया है। इस स्मूद एवं वाइब्रेंट ब्लॉन्ड रोस्ट को भारत में स्टारबक्स के सभी स्टोर पर उपलब्ध कराया गया है। इस खास कस्टमाइजेशन के लिए ग्राहकों से कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा।

# भारत में बागवानी फसलों का उत्पादन फसल 3.7 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्रालय द्वारा जारी दूसरे एडवांस अनुमानों के अनुसार, फलों और सब्जियों के अधिक उत्पादन के कारण भारत में फसल वर्ष 2024-25 (जुलाई-जून) में बागवानी फसलों का उत्पादन 3.66 प्रतिशत बढ़कर 367.72 मिलियन टन (एमटी) होने का अनुमान है। 2023-24 में बागवानी फसलों का उत्पादन 3,547.44 मिलियन टन रहा। 2024-25 में बागवानी फसलों के अंतर्गत आने वाला रकबा पिछले वर्ष के 290.86 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 292.67 लाख हेक्टेयर हो गया। आंकड़ों से पता चलता है कि 2024-25 में फलों का उत्पादन 1.36 प्रतिशत बढ़कर 1,145.10 लाख टन होने का अनुमान है, जबकि सब्जियों का उत्पादन 6 प्रतिशत बढ़कर 2,196.74 लाख टन होने का अनुमान है। 2024-25 में मसालों का उत्पादन 123.70 लाख टन होने का अनुमान है, जबकि पिछले वर्ष यह 124.84 लाख टन था। सब्जियों की श्रेणी में प्याज का उत्पादन 242.67 लाख टन से बढ़कर 307.73 लाख टन होने का अनुमान है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि उत्पादन में यह वृद्धि किसानों और कृषि वैज्ञानिकों के प्रयासों के साथ-साथ सरकार द्वारा की गई पहलों के कारण हुई है। भारतीय बागवानी क्षेत्र कृषि ग्रॉस वैल्यू एडेड (जीवीए) में लगभग 33 प्रतिशत का योगदान देता है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था में बहुत महत्वपूर्ण योगदान देता है।

**समृद्ध पहल:** अहमदाबाद,एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत सिर्फ 1 घंटे में 5 लाख से अधिक पेड़ लगाकर, सेव अर्थ मिशन ने जलवायु परिवर्तन के खिलाफ एक ऐतिहासिक कदम उठाया और दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा। इस विश्व रिकॉर्ड-सृजन कार्यक्रम को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया और फोर्बेस , फॉक्स , बिज़नेस इनसाइडर , व अन्य प्रमुख राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मीडिया चैनलों पर प्रमुखता से प्रकाशित किया गया।अब, सेव अर्थ मिशन वैश्विक स्तर पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराने जा रहा है।संगठन ने अपने सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम सेव अर्थ मिशन ग्लोबल विज़न अनवेलिंग की आधिकारिक घोषणा की है। यह आयोजन सेव अर्थ मिशन की वैश्विक रणनीति की शुरुआत को चिह्नित करेगा, जिसका उद्देश्य है वर्ष 2040 तक 30 अरब पेड़ लगाना और पृथ्वी को नेट ज़ीरो कार्बन उत्सर्जन की ओर ले जाना।यह ऐतिहासिक कार्यक्रम 3 जुलाई 2025 को शाम 6 बजे प्रतिष्ठित गिफ्ट सिटी क्लब अहमदाबाद में आयोजित किया जाएगा। संदीप चौधरी अध्यक्ष भारत चैप्टर, सेव अर्थ मिशन ने कहा यह केवल भारत नहीं, बल्कि पूरे विश्व के लिए गर्व का क्षण है।

# संविधान की प्रस्तावना पर संघ की आपत्ति से चढ़ा सियासी पारा

## संविधान की प्रस्तावना में आपातकाल के दौरान किए गए बदलाव की समीक्षा की मांग पर छिड़ी जंग

**नई दिल्ली, ब्यूरो।** सत्ता पर अपनी पकड़ बरकरार रखने के लिए देश को आपातकाल की विभीषिका में झोंकने के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की सरकार ने मनमाने तरीके से ना सिर्फ संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों में बल्कि संविधान की प्रस्तावना में भी कई बदलाव कर दिए और 42वें संविधान संशोधन के माध्यम से संविधान की प्रस्तावना में भारत को समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष देश घोषित कर दिया। हालांकि आपातकाल हटने के बाद हुए आम चुनाव में कांग्रेस को करारी शिकस्त झेलनी पड़ी और उसके बाद अस्तित्व में आई जनता पार्टी की सरकार ने इंदिरा सरकार द्वारा 1976 में 42वें संविधान संशोधन के माध्यम से देश पर थोपे गए मिनी संविधान में न्यायपालिका और राष्ट्रपति से लेकर राज्य तक के अधिकारों में की गई कटौती सहित कई अन्य बदलावों को 1977 में 43वें और 1978 में 44वें संविधान संशोधन के माध्यम से काफी हद तक दोबारा बहाल कर दिया लेकिन संविधान की प्रस्तावना को बाबा साहेब द्वारा समर्पित मूल स्वरूप में आज तक नहीं लाया जा सका है। हालांकि इसको लेकर समय-समय पर आवाजें उठती रही हैं लेकिन उस पर शीर्ष निर्णायक स्तर से कभी तवज्जो नहीं दी गई। अब यही मसला एक बार फिर देश के सामने खड़ा हो गया है और आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ के मौके पर सत्तारूढ़ भाजपा की मातृसंस्था कही जानेवाली आरएसएस ने नए सिरे से इस मुद्दे को तूल देते हुए संविधान की प्रस्तावना में इंदिरा गांधी की कांग्रेस सरकार द्वारा जोड़े गए समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्द की नए सिरे से समीक्षा किए जाने की मांग कर दी है। संघ की इस मांग से देश का सियासी पारा काफी तेजी से चढ़ता दिखाई पड़ रहा है क्योंकि मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस सहित इंडी गठबंधन के कई घटक दलों ने भी संघ की इस मांग को सिरे से अस्वीकार्य बताते हुए इसके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

दरअसल राजधानी दिल्ली स्थित डॉ. आंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ को लेकर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आरएसएस के शीर्ष संचालक सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि- ''आपातकाल के दौरान भारत के संविधान की प्रस्तावना में दो शब्द जोड़े गए। धर्मनिरपेक्षता और समाजवादी। वे संविधान की प्रस्तावना में पहले नहीं थे। प्रस्तावना शाश्वत रूप से है। उन्होंने कहा कि क्या समाजवाद का विचार भारत के लिए विचारधारा के नाते शाश्वत है, सेकुलरिज्म का शब्द संविधान में नहीं था वो प्रस्तावना में जोड़ा है। इन दो शब्दों को प्रस्तावना में जोड़ा, बाद में इनको निकालने के प्रयत्न नहीं हुए। चर्चा हुई, दोनों प्रकार के तर्क-वितर्क हुए। संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर ने जो संविधान बनाया था उसकी प्रस्तावना में यह दो शब्द नहीं थे।'' डॉ. आंबेडकर द्वारा बनाए संविधान में जोड़े गए दोनों शब्दों की होसबाले द्वारा समीक्षा की आवश्यकता जताए जाने ने कांग्रेस सहित विपक्षी खेमे में भारी उबाल ला दिया है। जहां एक ओर पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने होसबाले द्वारा कही गई बात को सिरे से अस्वीकार्य बताते हुए इसे सत्ता पक्ष द्वारा संविधान में बदलाव करने की साजिश का हिस्सा करार दिया है वहीं दूसरी ओर राजद सुप्रीमो लालू यादव और सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव सहित कई अन्य विपक्षी नेताओं ने भी संघ और भाजपा को खरी-खोटी सुनाते हुए कहा है कि ''प्रस्तावना के 'दो शब्दों' का सिर्फबहाना है, दरअसल भाजपा और उनके संगी साथियों का लक्ष्य तो पूरा संविधान हटाना है।'' अखिलेश ने तो खम ठोंकते हुए ऐलान किया है कि ''संविधान को बचाना है तो अब भाजपा को ही हटाना है।''

# सपा का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा लखनपुर गांव



**मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जी के निर्देशानुसार व जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी के निर्देश पर समाजवादी पार्टी का 5 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडलविकास खण्ड कोन के लखनपुर गाँव पहुँचा। जहाँ जल मिशन योजना के तहत आ रहे पानी का दूषित जल पीने से दर्जनों लोग जिला अस्पताल में भर्ती है। प्रतिनिधिमंडल गाँव जाकर डायरिया से पीड़ित लोगों के घर जाकर वस्तुस्थिति की जानकारी लिया और डायरिया से पीड़ित लोगो को हर सम्भव मदद करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा लखनपुर गाँव में जल मिशन योजना के तहत जो नल लगाये गये है। उसमे दूषित पानी आने से दर्जनों लोग पीकर बीमार है जिन्हे मण्डलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कहा कि सरकार की यह योजना पूरी तरह फेल है। जिला प्रशासन से मॉग किया कि जॉचकर दोषी व्यक्तियों के खिलाफसख्त से सख्त कार्यवाही की जाये। अन्यथा समाजवादी पार्टी सड़क पर उतरकर आन्दोलन के लिये बाध्य होगी। प्रतिनिधिमंडल में नगर विधानसभा अध्यक्ष सत्यप्रकाश यादव, राममिलन यादव, अमरेश सोनकर, दुर्गा प्रसाद सिंह, पतालू यादवआदि शामिल थे।

### डायरिया से पीड़ित परिजनों से मिलकर जाना हाल चाल

# गांगपुर घाट पर नाव डूबी, एक लापता



**चुनार (मिर्जापुर)।** कोतवाली क्षेत्र के गांगपुर गांव स्थित गंगा नदी में नाव डूबने से डूब रहे छ लोगों पांच को स्थानीय लोगों ने बचाया एक लापता हो गया।जानकारी के अनुसार गुरुवार रात करीब नौ बजे छ साथियों ने एक छोटी नाव से गंगा पार पार्टी करने जा रहे थे। जब नाव कुछ दूर गई तभी नाव में पानी भरने लगा। इसी दौरान एक युवक ने डूबने के डर से गंगा में छलांग लगा दी और वह लापता हो गया।जिसकी खोजबीन की जा रही है। गांगपुर में 6 युवा साथी एक छोटी नाव से गंगा पार पार्टी करने के लिए जा रहे थे। नाव में छेद होने की वजह से पानी भर गया जिससे नाव डूबने लगी। इस दौरान 18 वर्षीय अजय पुत्र बाबूलाल ने भयवश गंगा में छलांग लगा दिया।साथ ही अन्य लड़के भी डूबने लगे। किसी तरह पांच लड़के खुद को बचाने में सफल रहे।घटना की जानकारी होते ही चुनार पुलिस के साथ साथ काफी लोग मौके पर पहुंच गए। स्थानीय गोताखोर व मल्लाहों की मदद से अजय की खोज जारी है।

# सपा की पीडीए जनपंचायत में दिखा कार्यकर्ताओं का जमावड़ा

**मिर्जापुर।** सपा की पी0डी0ए0 जनपंचायत छानबे विधानसभा के बिहसड़ा कला के मुराजपुर व मझवां विधानसभा के भटौली में आयोजित किया गया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद व पूर्व मंत्री शंख लाल माझी ने कहा कि भाजपा सरकार छद्म राष्ट्रवाद के नाम पर पीडीए समाज को गुमराह कर रही है। सरकार विभिन्न वर्गों के बीच अराजकता का माहौल बना रही है। साथ ही लोगों को शिक्षा से वंचित कर रही है। शिक्षा के क्षेत्र में लाखों नौकरिया आज भी रिक्त पड़ी हुई है जिसे भरने में भाजपा सरकार कोई रुचि नही ले रही है। बल्कि कई प्राइमरी विद्यालयों का विलय कर भविष्य के नवनिहालों के साथ यह सरकार छलावा कर रही है और उनका भविष्य बर्बाद कर रही है। गरीबी, बेरोजगारी हटाओं का नारा देने वाली भाजपा सरकार इसी नारे में उलझी हुई दिखाई पड़ रही है। कागजी दिखावे की यह सरकार अब ज्यादा देर तक नही चलने वाली है।इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि पीडीए पंचायत के आयोजन मेंसपा के विचारों को हर गांवहर घर में प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचानेपर जोर दिया जा रहा है। भाजपा की नीतियों को प्रदेश के शोषित और पीड़ित पीडीए समाज के लिए घातक बताया। उन्होंने संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए 2027 में समाजवादी सरकार बनाने का आह्वान किया। जगह जगह कार्यक्रम में सोकिम अहमद, अशोक यादव, सुरेन्द्र पटेल, कीर्ति कोल, आदर्श यादव, शिव नरायन बिन्द, सुशील सिंह, जैनेन्द्र सिंह, राम गोपाल बिन्द, झल्लू यादव, रोहित शुक्ला 'लल्लू', भरत बिन्द, रोहित बिन्द, भोला यादव, सौरभ सिंह, रमाशंकर यादव, अरशद अली, कौशिक कनौजिया, राजकुमार यादव आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

### पीडीए जनपंचायत में भाजपा पर लगाया आरोप, कहा शिक्षा से वंचित कर रही सरकार : शंख लाल माझी



# विशेष संचारी रोग नियंत्रण के लिये बीडीओ ने की प्रधानों संग बैठक

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय ब्लॉक सभागार में शुक्रवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को लेकर खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी ने प्रधानों के साथ बैठक कर अभियान को सफल बनाने के लिये सहयोग करने को कहा। इस दौरान खंड विकास अधिकारी ने कहा कि बरसात से मौसम का बदलाव हो रहा है इसमें संचारी रोग की संभावना बढ़ जाती है।

कार्ययोजना के अनुसार जगह-जगह ग्राम सभा मुहल्ला में पड़े गंदगी की साफ-सफाई, नियमित रूप से नाली की सफाई, झाड़ी की कटाई एवं साफ-सफाई एण्टीलावा का छिड़काव के लिए सम्बन्धित कर्मचारियों को निर्देशित किया। जहां गंदगी हो वहां कीट नाशक दवाओं का छिड़काव करने का निर्देश दिया। ताकि संचारी रोग से लोगों बचाया जा सके। एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव ने बताया कि आगामी माह में प्रस्तावित विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 जुलाई से 31 तक विशेष अभियान में सभी लोग सहयोग करे। इस दौरान यूनिसेफके बीएमसी अंकित शुक्ला, एडीओ एजी नरेंद्र कानापुरिया, राजेश मौर्य, शिमला देवी, विनोद सिंह, शिव गोविंद, सुरेश चंद्र दुबे लोग उपस्थित रहे।

# देवघटा पाण्डेय व सहजी में आयोजित ग्राम चौपाल में एडीओ एसटी ने सुनी समस्याएं



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत देवघटा व सहजी में शुक्रवार को आयोजित ग्राम चौपाल में एडीओ एसटी व सचिव ने ग्रामीणों की समस्याओ को सुनकर निस्तारण का भरोसा दिया है। ग्राम चौपाल में पेंशन, आवास, हैंडपम्प,किसान सम्मान निधि, शौचालय, राशन की मांग ग्रामीणों ने रखी। ग्राम पंचायत देवघटा पाण्डेय के पंचायत भवन में आयोजित ग्राम चौपाल में एडीओ एसटी सुशील कुमार ने ग्रामीणों की समस्याओ को सुना जिसमे कुल दस आवेदन व्यक्तिगत शौचालय व वृद्धा पेंशन के तीन मामले आए फैमली आईडी के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया है जिसमें एडीओ एसटी ने ग्रामीणों की मांगो को पूरा करने का आश्वासन दिया है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत सहजी के पंचायत भवन परिसर में आयोजित ग्राम चौपाल में सचिव दिनेश कुमार ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना जिसमें पेंशन, आवास,हैंडपम्प प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, शौचालय राशन कार्ड की मांग को ग्रामीणों ने रखी जिसमे सचिव ने ग्रामीणों की मांग को पूरा करने का भरोसा दिया है। इसके बाद ग्राम पंचायत में कराये गये विकास कार्यों का सचिव ने स्थलीय निरीक्षण किया है। इस संबंध में एडीओ एसटी सुशील कुमार ने बताया की ग्राम पंचायत गुर्गी व हर्रा में आयोजित ग्राम चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं को सुना ग्रामीणों ने आवास, पेंशन, शौचालय,राशन कार्ड, हैंडपम्प मरम्मत की मांग को रखा मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया गया है। इस दौरान, कौशलेन्द्र राय, छोटेलाल, रविशंकर सिंह, चंद्र मोहनआदि मौजूद रहे।

# क्षत्रिय महासभा के ब्लॉक अध्यक्ष बने मनोज



**हलिया (मिर्जापुर)।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने जिला संगठन की कोर टीम से विचार विमर्श करके क्षत्रिय समाज के हित में ब्लॉक अध्यक्षो की घोषणा मनोनीत किया है जिसमें लालगंज ब्लॉक के जमुहरा गांव निवासी मितेश सिंह,हलिया ब्लॉक के पंवारी कला निवासी मनोज सिंह, पहाड़ी ब्लॉक के जौसरा निवासी राहुल सिंह को पहाड़ी ब्लॉक के अध्यक्ष बनाया है। इस संबंध में अखिल क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने बताया कि जिला संगठन की कोर कमेटी के विचार विमर्श करके क्षत्रिय समाज के हित में लालगंज, हलिया, पहाड़ी ब्लॉक के अध्यक्ष को मनोनीत किया गया है।

# बिजली की चपेट में आने से महिला की गई जान

**चुनार (मिर्जापुर)।** कोतवाली क्षेत्र के सेटेलमेंट एरिया में शुक्रवार की सुबह करीब नौ बजे फर्राटा पंखे में उतर रहे करेंट की चपेट में आने से विवाहिता गंभीर रूप से झुलस गई। परिजन उसे तत्काल उसे प्राथमिक स्वास्थ केंद्र पर लेकर आए जहां चिकित्सक डा. राकेश पटेल ने उसे मृत घोषित कर दिया। सेटेलमेंट एरिया के रहने वाले राकेश सोनकर वाहन चालक हैं और वह तहसीलदार चुनार का वाहन चलाते हैं। शुक्रवार की सुबह वह ड्यूटी पर गए थे। घर पर उनकी पत्नी 35 वर्षीय रेखा देवी घर में अकेली थी। आसपास के लोगों ने बताया कि फर्राटा पंखा में किसी तरह करेंट उतर रहा था और उसी समय पंखे की चपेट में आने से रेखा गंभीर रूप से झुलस गई और उनकी मौत हो गई। घटना के बाद घरवालों में रोना पीटना मच गया।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आकर युवक व महिला अचेत

**हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के गुलपुर गांव में शुक्रवार की शाम आकाशीय बिजली गिरने से उसकी चपेट में आने से घर में बैठे युवक व महिला अचेत हो गई। मौके पर पहुँचे परिजनों ने दोनों को अचेतावस्था में उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक द्वारा दोनों का उपचार किया जा रहा है। हालत सामान्य है। ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के गुलपुर निवासी कमलाशंकर का 22 वर्षीय पुत्र राकेश अपने आवास में बैठा हुआ था कि गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने से उसकी चपेट में आकर अचेत हो गया सौ मीटर कि दुरी पर अपने घर में बैठी किशन कि 22 वर्षीय पत्नी अंजली भी आकाशीय बिजली कि चपेट में आकर अचेत हो गई। मौके पर पहुँचे दोनों के परिजनों ने एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक विमल कुमार व फर्मासिस्ट दशरथ द्वारा दोनों का उपचार किया जा रहा है।

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड नं0-2 (सिविल), लो0नि0वि0, लखनऊ

पत्रांक: /ई-टेन्डर/2025-26 दिनांक :

### ई-प्रोक्योरमेण्ट नोटिस (विज्ञप्ति)

1. अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड-2, (सिविल) लो0नि0वि0, लखनऊ महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के श्रेणी-ए, बी, सी एवं डी में भवन कार्य हेतु पंजीकृत निविदा दाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निम्नलिखित कार्य जिनकी निर्माण लागत सम्मुख अंकित है, प्रतिषत दर पर निविदा आमंत्रित करते है।

| क्रम सं0 | जनपद | कार्य का नाम | निविदा लागत (लाख में) | बिड सिक्योरिटी रू0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) जी.एस.टी. सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि (दिनो में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | लखनऊ | विधायक निवास-4 रायल होटल स्थित आवास संख्या-15-16 के बैक साइड बने क्षतिग्रस्त टीन शेड के स्थान पर नया शेड डालने का कार्य एवं जलभराव के रोकथाम हेतु फर्श को ऊंचा कर टाइल्स लगाने का कार्य। | 2.20 | 22000.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 2 | लखनऊ | 17ए माल ऐवन्यू स्थित आवास संख्या-बीजी-1 में किचेन कैबिनेट व कपबोर्ड बनाने का कार्य एवं यू0पी0वी0सी0 खिड़की लगाना व आंगन के शेष भाग में ऐडूरा टाइल्स लगाना एवं गेट की मरम्मत का कार्य। | 3.20 | 32000.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 3 | लखनऊ | तिलक मार्ग डालीबाग स्थित बंगला नं0-2ए में बाउण्ड्रीवाल की मरम्मत, सीलन मरम्मत, लॉन में इन्टरलांकिग टाइल्स लगाने, बाहरी सतह की मरम्मत एवं रंगाई पुताई का कार्य। | 4.19 | 41900.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 4 | लखनऊ | अपर डालीबाग कालोनी स्थित आवास सं0-10/4 टाईप-5 में किचेन व एक बेडरूम में वार्डरोब बनाने का कार्य, क्षतिग्रस्त दरवाजे चौखट बदलने का कार्य, किचेन व कमरों के आंषिक भाग की क्षतिग्रस्त टाइल्स बदलने का कार्य व अन्य आवश्यक मरम्मती कार्य। | 2.11 | 21100.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 5 | लखनऊ | 03 तिलक मार्ग स्थित टाईप-6 बहुमंजिला मंत्री आवास के आवास सं0-802, में दो बाथरूमों की पुरानी व क्षतिग्रस्त टाइल्स व कुछ फिटिंग्स बदलने का कार्य, आफिस कक्ष में वार्डरोब बनाने का कार्य। | 2.84 | 28400.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 6 | लखनऊ | विधायक निवास-2 (पुराना) के गैराज सं0-10 में जर्जर चबूतरे को तोड़कर पुनः बनाने, जर्जर गेट को हटाकर नया गेट लगाने, पानी के पुरानी एवं जर्जर पाइप को हटाकर नया कनेक्षन लगाने, जर्जर प्लास्टर को तोड़कर पुनः प्लास्टर करने, गैराज के सामने खुली हुई नाली को आर0सी0सी0 पत्थर द्वारा कवर करने व अन्य आवश्यक सिविलि सम्बन्धी कार्य। | 1.10 | 11000.00 | 680.00 | 30 दिन |
| 7 | लखनऊ | विधायक निवास-2 (पुराना) के आवास सं0-1-2बी में कार्यालय से लगे एक क्षतिग्रस्त बाथरूम के पूर्ण नवीनीकरण करने, आवास में खाद्य सामग्री एवं अन्य आवष्यक चीजों के रख-रखाव हेतु अलमारी बनाने, क्षतिग्रस्त दरवाजों को बदलने, आवास के पीछे खुले हुए जीने को ग्रिल जाली द्वारा कवर करने व शेड डालने व अन्य सिविलि सम्बन्धी कार्य। | 4.11 | 41100.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 8 | लखनऊ | अपर डालीबाग कालोनी स्थित आवास सं0-12/7 टाईप-4 में क्षतिग्रस्त बाथरूम व किचेन में टाइल्स लगाने व फिटिंग्स बदलने का कार्य, क्षतिग्रस्त दरवाजे खिड़की व जाली दरवाजे बदलने का कार्य एवं अन्य आवश्यक विभिन्न मरम्मती कार्य। | 2.88 | 28800.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 9 | लखनऊ | राजभवन कालोनी स्थित आवास सं0-27 टाइप-5 में शेड के विस्तारीकरण का कार्य एवं सिविल सम्बन्धी कार्य। | 0.83 | 8300.00 | 650.00 | 30 दिन |
| 10 | लखनऊ | राजभवन कालोनी स्थित आवास सं0-1 टाइप-5 में बाउण्ड्रीवाल को ऊंचा करने का कार्य एवं गैराज के क्षतिग्रस्त हो चुके शेड को बदलने व गैराज की फ्लोर को ऊंचा करने का कार्य। | 3.30 | 33000.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 11 | लखनऊ | माल ऐवन्यू कालोनी स्थित आवास संख्या-11ए श्रेणी-6 में अध्यासन परिवर्तन के कारण साज-सज्जा सामग्री आपूर्ति/मरम्मत का कार्य। | 2.18 | 21800.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 12 | लखनऊ | 03 तिलक मार्ग स्थित टाईप-6 बहुमंजिला मंत्री आवास के आवास सं0-202 में तीन कमरों में वार्डरोब लगाने का कार्य। | 2.16 | 21600.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 13 | लखनऊ | विधायक निवास-6 पार्क रोड स्थित आवास सं0-ई-01 में बाउण्ड्रीवाल की ऊंचाई बढ़ाना, क्षतिग्रस्त बाथरूम की फिटिंग्स बदलने के साथ अन्य आवश्यक विभिन्न मरम्मती कार्य। | 1.87 | 18700.00 | 680.00 | 30 दिन |
| 14 | लखनऊ | विधायक निवास-2 (पुराना) के गैराज सं0-12 में जर्जर प्लास्टर को तोड़कर पुनः बनाने, जर्जर गेट को हटाकर नया गेट लगाने, जर्जर फर्ष को तोड़कर पुनः फर्ष बनाने व अन्य आवश्यक सिविलि सम्बन्धी कार्य। | 0.93 | 9300.00 | 650.00 | 30 दिन |
| 15 | लखनऊ | राजभवन कालोनी स्थित आवास सं0-14 टाइप-5 में सर्वेन्ट कक्ष में क्षतिग्रस्त हो चुके प्लास्टर को तोड़कर पुनः प्लास्टर कर रंगाई-पुताई का कार्य एवं सर्वेन्ट कक्ष के आगे एक अस्थाई शेड का निर्माण कार्य। | 0.62 | 6200.00 | 650.00 | 30 दिन |
| 16 | लखनऊ | लोअर डालीबाग नवनिर्मित ड्राइवर कालोनी स्थित आवास सं0-1/8 टाइप-1 में सीलन मरम्मत, क्षतिग्रस्त प्लास्टर मरम्मत, क्षतिग्रस्त किचन व बाथरूम की टाइल्स बदलने, क्षतिग्रस्त खिड़की दरवाजे बदलने का कार्य एवं अन्य आवश्यक मरम्मती कार्य। | 0.70 | 7000.00 | 650.00 | 30 दिन |
| 17 | लखनऊ | गौतमपल्ली कालोनी स्थित आवास सं0-18 में शेड में स्थित अध्यासन कक्ष में फॉल सीलिंग करना, फर्ष की टाइल्स बदलना एवं दो तरू टिंटेड ग्लास लगाने का कार्य व अन्य आवष्यक विभिन्न मरम्मती कार्य। | 6.78 | 67800.00 | 860.00 | 30 दिन |
| 18 | लखनऊ | गोमतीनगर फेज-2 मंत्री आवास स्थित आवास सं0-ए-104 टाइप-5 में अध्यासन परिवर्तन के कारण क्षतिग्रस्त बाथरूम की मरम्मत व फिटिंग्स बदलने का कार्य, क्षतिग्रस्त खिड़की दरवाजे चौखट बदलने, क्षतिग्रस्त टाइल्स मम्मत व अन्य आवश्यक मरम्मती कार्य। | 3.37 | 33700.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 19 | लखनऊ | अपर डालीबाग कालोनी स्थित आवास सं0-7/16 टाईप-4 में अवषेष एक बाथरूम की क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को बदलने के फलस्वरूप बाथरूम की टाइल्स एवं जंगयुक्त फिटिंग्स बदलना, सीलन की रोकथाम हेतु छत पर वाटर प्रूफिंग का कार्य, सुरक्षा की दृष्टि से मुख्य द्वार पर ग्रिल का दरवाजा लगाने का कर्य एवं अन्य आवष्यक मरम्मती कार्य। | 2.10 | 21000.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 20 | लखनऊ | अपर डालीबाग कालोनी स्थित आवास सं0-6/3 टाईप-4 में बाथरूम व किचेन की फिटिंग को कन्सील्ड करके टाइल्स की मरम्मत का कार्य, सीलन की मरम्मत का कार्य, आंगन के फर्ष व क्षतिग्रस्त ग्रिल की मरम्मत का कार्य एवं अन्य आवष्यक मरम्मती कार्य। | 2.68 | 26800.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 21 | लखनऊ | विधायक निवास-6 पार्क रोड स्थित आवास सं0-बी-06 में अध्यासन परिवर्तन के कारण आवास में क्षतिग्रस्त खिड़कियों में मच्छर जाली व शीषे लगाना, क्षतिचग्रस्त टाइल्स मरम्मत करना, क्षतिग्रस्त किचेन मरम्मत करना, व दो स्नानगृह/षौचालय का नवीनीकरण करना एवं अन्य आवष्यक विभिन्न मरम्मती कार्य। | 1.68 | 16800.00 | 680.00 | 30 दिन |
| 22 | लखनऊ | अपर डालीबाग कालोनी स्थित आवास सं0-5/2, टाईप-4 में अध्यासन परिवर्तन के कारण क्षतिग्रस्त बाथरूमों की मरम्मत व फिटिंग्स बदलने का कार्य, क्षतिग्रिस्त किचेन की मरम्मत, क्षतिग्रस्त खिड़की दरवाजे बदलना एवं अन्य आवश्यक मरम्मती कार्य। | 3.19 | 31900.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 23 | लखनऊ | विधायक निवास-4, रायल होटल स्थित आवास सं0-57 में क्षतिग्रस्त हो चुके टीन शेड को बदलने का कार्य | 0.53 | 5300.00 | 650.00 | 30 दिन |
| 24 | लखनऊ | नवनिर्मित विधायक निवास दारूलशफा स्थित आवास सं0-703 में क्षतिग्रस्त किचेन कैबिनेट व कपबोर्ड को बदलने का कार्य, आवास के बाथरूम की जंगयुक्त फिटिंग को बदलने का कार्य एवं अन्य सिविल सम्बन्धित कार्य। | 2.19 | 21900.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 25 | लखनऊ | राजकीय कालोनी माल एवेन्यू स्थित बंगला संख्या-5ए डुप्लेक्स के समस्त पुराने दरवाजे एवं खिड़कियों को बदलने का कार्य। | 3.78 | 37800.00 | 770.00 | 30 दिन |
| | | (द्वितीय बार निविदा आमंत्रण हेतु कार्य।) | | | | |
| 26 | लखनऊ | नवनिर्मित विधायक निवास दारूलशफा स्थित आवास सं0-1001 में दीमक की वजह से क्षतिग्रस्त वार्डरोब, किचेन कैबिनेट व कपबोर्ड को बदलने का कार्य एवं अन्य सिविल सम्बन्धित कार्य। | 2.30 | 23000.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 27 | लखनऊ | गौतमपल्ली कालोनी स्थित आवास सं0-1(नया) में आंगन की दीवाल की ऊंचाई बढाना, वाहन पार्किंग हेतु शेड डालना व अन्य आवश्यक विभिन्न मरम्मती कार्य। | 1.83 | 18300.00 | 680.00 | 30 दिन |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर **दिनांक 30.06.2025 से 05.07.2025 तक** उपलब्ध है जो **दिनांक 05.07.2025 को समय दोपहर 12:00 बजे तक** निविदादाता द्वारा सबमिट/अपलोड किये जा सकते है।

इसकी निविदा **दिनांक 05.07.2025 को दोपहर 12:30 बजे** खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी **दिनांक 30.06.2025** से वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

**अधिशासी अभियन्ता**
**अनुरक्षण खण्ड-2 (सिविल),**
**लो0नि0वि0, लखनऊ**
ई-मेल : maintenancedivision2pwd@gmail.com

उ0प्र0 235245 दिनांक- 24.06.2025
Web.: www.upidadv.gov.in

स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

# कबूलनामा : ईरान के सुप्रीम लीडर की हत्या करना चाहता था इस्राइल

**नई दिल्ली।** ईरान के साथ हुई 12 दिनों की जंग में अगर मौका मिलता तो इजरायल ने ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या कर दी होती. यह बात खुद इजरायल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने कबूली है. उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा कि इजरायली सेना ने हाल के इजरायल-ईरान तनाव के दौरान ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या करने की भरपूर कोशिश की थी, लेकिन उसे मौका ही नहीं मिल पाया। इजरायल के तीन प्रमुख ब्रॉडकास्टर्स, चैनल 12, चैनल 13 और सरकारी न्यूज चैनल कान पर एक के बाद एक प्राइमटाइम शो बोलते हुए, काट्ज ने इजरायल की युद्ध रणनीति के बारे में नए डिटेल्स बताए और स्वीकार किया कि खामेनेई के छिपने के बाद उनकी हत्या की योजना बंद कर दी गई थी। इस इंटरव्यू के जरिए पहली बार इजरायल के किसी सीनियर अधिकारी ने स्वीकारा है कि युद्ध के दौरान इजरायल ने ईरान के सुप्रीम लीडर की हत्या की कोशिश की थी. अबतक इजरायली सेना और खुफिया एजेंसियों ने ईरान के परमाणु बुनियादी ढांचे पर हमलों पर ध्यान केंद्रित किया था, लेकिन इस लेवल के हाई टारगेट हत्या की कोशिश पर यह पहला कबूलनामा है।



कान को दिए अपने इंटरव्यू में काट्ज ने दावा किया कि अयातुल्ला खामेनेई शीर्ष सैन्य कमांडरों के साथ अपने कम्यूनिकेशन को खत्म करते हुए तुरंत एक बंकर में छिप गए थे. काट्ज ने दावा किया, 'खामनेई ने समझ लिया किया क्या हो रहा, वह बहुत अंडरग्राउंड हो गए, कमांडरों से संपर्क तोड़ दिया। इसलिए अंत में उसे मारना संभव नहीं था। 17 जून को संघर्ष के दौरान ट्रूथ सोशल पर लिखते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी अयातुल्ला को धमकी देते हुए दिखे. उन्होंने लिखा था, 'हम जानते हैं कि तथाकथित 'सुप्रीम लीडर' कहां छिपा है. वह एक आसान टारगेट है, लेकिन वहां सुरक्षित है- हम उसे नहीं मार रहे हैं, कम से कम अभी के लिए नहीं।

## जयशंकर ने अब्बास अराघची से की बात

# ईरान में मौजूदा हालात समेत कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली।** भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने गुरुवार को ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची से बातचीत की। उन्होंने इस बातचीत की जानकारी सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट के जरिए दी। विदेश मंत्री जयशंकर ने बताया कि उन्होंने मौजूदा जटिल हालात पर ईरान का नजरिया जाना और उनकी सोच को समझा। इसके साथ ही उन्होंने इस बात के लिए ईरान का धन्यवाद किया कि उन्होंने भारतीय नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकालने में मदद की। बता दें कि, ईरान-इस्राइल के बीच कई दिनों तक चले संघर्ष के दौरान भारत ने ऑपरेशन सिंधु चलाया और दोनों देशों में रहने वाले भारतीय नागरिक सुरक्षित स्वदेश लाए गए। ताजा जानकारी के



अनुसार, ऑपरेशन सिंधु के तहत ईरान से 173 भारतीयों को लेकर एक विशेष विमान कल देर रात येरेवन, आर्मेनिया से नई दिल्ली पहुंचा है। इसकी जानकारी देते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अब तक 19 विशेष उड़ानों से कुल चार हजार 415 भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकाला गया है।

## दक्षिण कोरिया में छह अमेरिकी गिरफ्तार

**सियोल।** दक्षिण कोरियाई अधिकारियों ने छह अमेरिकी नागरिकों को हिरासत में लिया है, जो चावल, अमेरिकी डॉलर के नोट और बाइबल से भरी लगभग 1300 प्लास्टिक की बोतलें समुद्री मार्ग से उत्तर कोरिया भेजने की कोशिश कर रहे थे। दक्षिण कोरिया की आधिकारिक योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी संदिग्धों को शुक्रवार सुबह तड़के गिरफ्तार किया गया, जब वे उत्तर कोरिया के साथ प्रतिबंधित सीमा क्षेत्र के पास ग्वांग्ह्वा द्वीप से समुद्र में बोतलें डालने की कोशिश कर रहे थे। अधिकारियों ने नाम न बताने की शर्त पर कहा कि उन्हें इस मुद्दे पर मीडिया से बात करने का अधिकार नहीं था, उन्होंने गोपनीयता नियमों के अनुसार अमेरिकियों की व्यक्तिगत जानकारी देने से इनकार कर दिया। ग्वांग्ह्वा पुलिस ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि यूएसबी स्टिक में क्या है। दक्षिण कोरिया में अमेरिकी दूतावास ने तत्काल कोई सार्वजनिक टिप्पणी नहीं की है।

## पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने खुद खोल दी अपने दोस्त की पोल

# चीन दे रहा था भारत की खुफिया जानकारी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने स्वीकार किया है कि चीन ने भारत के साथ सैन्य मुठभेड़ों के दौरान इस्लामाबाद को महत्वपूर्ण खुफिया जानकारी मुहैया कराई थी। कथित तौर पर इस जानकारी से भारत की वायु रक्षा प्रणालियों के बारे में विवरण शामिल थे, जिससे पाकिस्तान को तनाव के समय अपनी रणनीतिक तैयारियों को मजबूत करने में मदद मिली। एक साक्षात्कार में ख्वाजा आसिफ ने कहा कि भारत के साथ एक संक्षिप्त संघर्ष के बाद पाकिस्तान हाई अलर्ट पर रहा और इस बात पर जोर दिया कि बीजिंग ने भारत की रक्षा क्षमताओं से संबंधित खुफिया जानकारी साझा करके इस्लामाबाद की सहायता की है।



आसिफ ने कहा कि भारत के साथ संक्षिप्त युद्ध के बाद से पाकिस्तान हाई अलर्ट पर रहा है और एक महीने से अधिक समय के बाद भी अपनी चौकसी कम नहीं की है। रणनीतिक सहयोगी राष्ट्र अक्सर एक-दूसरे के साथ खुफिया जानकारी साझा करते हैं, और यही हमने चीन के साथ किया है। आसिफ ने आगे बताया कि सैटेलाइट इमेजरी और खतरे के आकलन सहित संवेदनशील डेटा का आदान-प्रदान रणनीतिक हितों को साझा करने वाले देशों के बीच एक नियमित मामला है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की तरह चीन की भी भारत को लेकर अपनी सुरक्षा चिंताएँ हैं, जिसने घनिष्ठ खुफिया सहयोग के लिए आधार तैयार किया है। राष्ट्रों के लिए अपनी जानकारी साझा करना सामान्य बात है, खासकर तब जब खतरा दोनों पक्षों के बीच हो। चीन को भी भारत से चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, ठीक वैसे ही जैसे हमें करना पड़ रहा है। उपग्रह आधारित खुफिया जानकारी और निगरानी इनपुट साझा करना हमारे चल रहे रणनीतिक सहयोग का हिस्सा है। ये टिप्पणियां जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ी सैन्य गतिविधियों के मद्देनजर आई हैं। जवाबी कार्रवाई में भारतीय सशस्त्र बलों ने सीमा पार आतंकवादी शिविरों को निशाना बनाते हुए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया। इसके बाद पाकिस्तान ने सीमा पार से भारी गोलाबारी की, जिसमें नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर नागरिक क्षेत्रों पर हमले भी शामिल थे।

# यूनुस सरकार बांग्लादेश में पिछले तीन चुनावों की करेगी जांच, समिति गठित

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने 2014, 2018 और 2024 के आम चुनावों में कथित गड़बड़ियों, भ्रष्टाचार और प्रशासन की भूमिका की जांच के लिए एक पांच सदस्यीय समिति गठित की है। यह समिति यह भी सुझाव देगी कि भविष्य में निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कैसे कराए जा सकें। सरकारी अधिसूचना के अनुसार, इस समिति की अध्यक्षता पूर्व हाई कोर्ट जज शमीम हसनैन कर रहे हैं। समिति को 30 सितंबर तक अपनी रिपोर्ट सौंपनी है। इस अधिसूचना में कहा गया है कि इन तीन चुनावों में कानून का राज, लोकतंत्र और मौलिक मानवाधिकारों को कमजोर किया गया था। चुनावों के दौरान व्यापक गड़बड़ियों और जनता के वोट देने के अधिकारों को छीने जाने के आरोप लगे हैं। ये चुनाव उस समय सत्तारूढ़ अवामी लीग पार्टी के पक्ष में परिणाम दिलाने के लिए कथित तौर पर प्रभावित किए गए थे। जांच समिति कई घरेलू और अंतरराष्ट्रीय चुनाव पर्यवेक्षकों, सिविल सोसायटी संगठनों, मीडिया रिपोर्टों और विशेषज्ञों की राय का विश्लेषण करेगी ताकि इन चुनावों की पारदर्शिता और वैधता का आकलन किया जा सके। इसके साथ ही, समिति यह भी देखेगी कि उस समय की सत्ताधारी पार्टी और उससे जुड़े संगठनों ने राजनीतिक भागीदारी को कैसे बाधित किया। साथ ही, चुनाव आयोग, उसके सचिवालय, प्रशासन, पुलिस और खुफिया एजेंसियों की भूमिका की भी जांच की जाएगी। समिति यह भी जांचेगी कि चुनाव आयोगों की तरफ से कोई वित्तीय अनियमितता हुई या नहीं और अगर हुई तो उसके लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान की जाएगी। आखिरी में, समिति यह सिफारिश देगी कि कानूनों, नियमों, चुनाव आयोग की भूमिका और प्रशासनिक व्यवस्थाओं में क्या सुधार किए जाएं ताकि भविष्य में स्वतंत्र, निष्पक्ष और विश्वसनीय चुनाव कराए जा सकें। सरकार ने यह भी कहा है कि समिति किसी भी दफ्तर से दस्तावेज मंगा सकती है, किसी भी व्यक्ति से पूछताछ कर सकती है और जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त सदस्यों को समिति में शामिल कर सकती है।

## बवाना में फैक्ट्री में लगी भीषण आग

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के बाहरी उत्तरी इलाके बवाना के सेक्टर 4 स्थित एक फैक्ट्री में शुक्रवार तड़के भीषण आग लग गई। घटना की जानकारी मिलते ही दमकल विभाग ने तत्परता दिखाते हुए 22 फायर टेंडर मौके पर भेजे। करीब 110 दमकलकर्मी आग पर काबू पाने की कोशिश में जुटे रहे। जानकारी के मुताबिक अभी भी आग पर पूरी तरह से काबू नहीं पाया गया है। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि आग की सूचना सुबह 4:15 बजे कंट्रोल रूम को मिली थी, जिसके बाद तुरंत कार्रवाई की गई। हालांकि आग पर काफी हद तक काबू पा लिया गया है, लेकिन पूरी तरह बुझाने में अभी समय लग सकता है।

# ट्रंप पर भड़का ईरान : अमेरिका से बातचीत का दरवाजा बंद है

**नई दिल्ली।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने संकेत दिया है कि अमेरिका के साथ उनका देश नई परमाणु वार्ता करने को इच्छुक नहीं है, जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति बार-बार कह रहे हैं कि ईरान से जल्द ही इस मुद्दे पर बातचीत होगी। अराघची ने कहा कि इस मुद्दे पर अमेरिका से बातचीत का दरवाजा बंद है क्योंकि अमेरिका ने तीन परमाणु ठिकानों पर 30,000 पाउंड का बम गिराकर भारी गलती कर दी है।

उन्होंने कहा कि अमेरिका ने हवाई हमलों का एक विनाशकारी दौर शुरू किया है, जिसके बारे में तेहरान का साफ मानना है कि उसके परमाणु ढांचे को गंभीर क्षति हुई है। ईरानी सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित एक इंटरव्यू में ईरानी विदेश मंत्री ने स्पष्ट किया कि वार्ता को फिर से शुरू करने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया है। अराघची ने कहा,वार्ता को फिर से शुरू

### हमारे ठिकानों पर 30 हजार पाउंड का बम गिरा दिया और आप चाहते हैं हम बात करें : अब्बास

करने के लिए न तो कोई समझौता नहीं किया गया है और ना ही कोई समय निर्धारित किया गया है, कोई वादा भी नहीं किया गया है, और हमने वार्ता को फिर से शुरू करने के बारे में बात भी नहीं की है। अराघची की यह टिप्पणी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस सप्ताह की शुरुआत में दिए गए उस बयान के बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगले सप्ताह तक वार्ता फिर से शुरू हो सकती है। ट्रंप, जिन्होंने अपने पहले कार्यकाल के दौरान 2015 के परमाणु समझौते से अमेरिका को एकतरफा रूप से बाहर निकाल लिया था, ने कहा है कि वह तेहरान के साथ एक नए समझौते के लिए तैयार हैं।

हालांकि, ईरानी पक्ष इससे दूरी बनाए हुए है। अमेरिका 2015 के परमाणु समझौते में शामिल पक्षों में से एक था, जिसमें ईरान प्रतिबंधों में राहत और अन्य लाभों के बदले में अपने यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम की सीमाओं पर सहमत हुआ था। अराघची ने कहा कि सैन्य हस्तक्षेप करने के अमेरिकी फैसले ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत के लिए इसे और अधिक जटिल और कठिन बना दिया है।

## एक नज़र

### हिमाचल के खनियारा में तेज बहाव की चपेट में आने से कई मजदूर बहे, दो की मौत

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश में बारिश और बाढ़ ने तबाही मचाई हुई है। कुल्लू में बाढ़ के बाद अब धर्मशाला में भी हालात खराब है। जिले के खनियारा मणुणी खड्ड का जलस्तर बुधवार को अचानक बढ़ गया जिससे आए तेज बहाव में एक क्रशर में काम कर रहे कई मजदूर बह गए। कम से कम दो लोगों के शव बरामद किए गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने हादसे पर दुख व्यक्त किया है। स्थानीय मजदूरों ने बताया कि घटना दोपहर दो से तीन बजे के बीच की है। उस समय मौके पर करीब 100 मजदूर काम कर रहे थे जिनमें लगभग 14-15 मजदूर बह गए। अचानक आई बाढ़ में अपने साथियों को खोने के बाद वहां काम करने वाले श्रमिकों में दहशत का माहौल है। मौके पर मौजूद दयाकिशन ने बताया कि कंपनी ने नीचे जाने के लिए कहा था। हम अपना सामान बांधने जब तक जाते तब तक बाढ़ आ गई। मेरा बैग, दो तीन लोगों के पैसे, मेरा फोन सब कुछ बह गया। उन्होंने बताया कि लगभग 14-15 लोग पानी के बहाव में बह गए।

### इकोविलेज-1 में मेंटेनेंस स्टाफ की गुंडागर्दी

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की सुपरटेक इको विलेज 1 हाउसिंग सोसायटी में एक बार फिर हंगामा और मारपीट का वीडियो सामने आया है। यह मारपीट मेंटेनेंस स्टाफ और वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने वहां रहने वाले रेजिडेंट के साथ की है। डंडों और लात घूंसों से सोसायटी के निवासियों को मारा गया। इसके बाद पुलिस शिकायत हुई और पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक सुपरटेक इकोविलेज-1 हाउसिंग सोसाइटी में गुरुवार रात उस समय हड़कंप मच गया जब कुछ स्थानीय निवासी खराब लाइट और सुविधाओं को लेकर मेंटेनेंस ऑफिस में शिकायत करने पहुंचे। लेकिन शिकायत सुनने की बजाय, मेंटेनेंस एजेंसी ग्रेविटी के स्टाफ ने रेजिडेंट्स के साथ खुलेआम बदसलूकी और मारपीट शुरू कर दी। घटना थाना बिसरख क्षेत्र की है। बताया जा रहा है कि मेंटेनेंस स्टाफ ने रेजिडेंट्स को गालियां दीं और विरोध करने पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

### गैंगस्टर भगवानपुरिया की मां और बॉडीगार्ड की गोलियां मारकर हत्या

**गुरदासपुर।** पंजाब के अपराध जगत में एक बार फिर खूनी गैंगवार का खौफनाक चेहरा सामने आया है। गुरदासपुर जिले के बटाला में कुख्यात गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया की मां हरजीत कौर (52) और उसके बॉडीगार्ड करणवीर सिंह (29) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह सनसनीखेज वारदात गुरुवार देर रात को हुई, जब दोनों कार में कहीं जा रहे थे। बाइक सवार हमलावरों ने अचानक उनकी कार पर अंधाधुंध गोलियां बरसाईं। करणवीर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि हरजीत कौर को छह गोलियां लगीं। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हमले का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसे पुलिस ने जांच में शामिल कर लिया है। पुलिस के अनुसार, शुरुआती जांच में हमले का टारगेट करणवीर सिंह था, जो कथित रूप से गैंगस्टर जग्गू के अवैध कार्यों को संभालता था। वह न केवल जग्गू के हथियारों और पैसों की देखरेख करता था, बल्कि गिरोह के कई अहम कार्यों में शामिल भी था।

### 15 साल से भारत में डेरा, पहचान बदली आधार-ड्राइविंग लाइसेंस बनवाया

**नई दिल्ली।** दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों की धरपकड़ के लिए पुलिस का ऑपरेशन लगातार जारी है। इसी क्रम में दक्षिण पश्चिम जिला पुलिस की एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। ये व्यक्ति पिछले 15 साल से भारत में अवैध रूप से रह रहा था। गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिक की पहचान ओहिद के रूप में हुई है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि वो गैरकानूनी रूप से भारत में प्रवेश कर दिल्ली में फर्जी पहचान के सहारे रह रहा था। दक्षिण पश्चिम जिला पुलिस की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड की एक विशेष टीम का गठन किया गया था।

# जापान के 'ट्विटर किलर' को फांसी!

## सुसाइड की बात करती लड़कियां थीं टारगेट एक ट्वीट ने खोला 9 हत्याओं का राज

**टोक्यो।** जापान ने शुक्रवार, 27 जून को 'ट्विटर किलर' कहे जाने वाले एक हत्यारे को फांसी दे दी. उस खौफनाक हत्यारे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर (अब एक्स) पर मिलीं 8 लड़कियों और एक लड़के की हत्या की और उनके टुकड़े-टुकड़े कर दिए. 2022 के बाद से जापान में पहली बार किसी व्यक्ति को फांसी की सजा दी गई है. हत्यारे की उम्र 34 साल थी और नाम ताकाहिरो शिराइशी था. उसने जिनकी जान ली वो सभी यंग थे. उनकी उम्र 15 से 26 साल के बीच थी।

खास बात यह है कि उसने ये सभी 9 हत्याएं एक साल के अंदर, 2017 में ही की थीं और वो पकड़ा भी उसी साल गया। ताकाहिरो शिराइशी ने ट्विटर के उन ट्विटर यूजर्स को निशाना बनाया था जिन्होंने अपनी जान लेने (सुसाइड करने) के बारे में पोस्ट किया था. वो उन लड़कियों को बताता था कि वह उनकी मरने की योजनाओं में उनकी मदद कर सकता है, या उनके साथ मर भी सकता है। जापान की राजधानी टोक्यो के पास अपने छोटे से घर में वो उन लड़कियों को फुसलाकर लाता था और उनकी हत्या कर देता था. वो सबूत छिपाने के लिए अपार्टमेंट के चारों ओर कूलर और टूलबॉक्स में बॉडी के टुकड़े छिपा देता था. फिर उनपर बिल्ली के मल-मूत्र को छिड़क देता था ताकि सबूत छिपाया जा सके। न्याय मंत्री सुजुकी ने टोक्यो में रिपोर्टरों से कहा, 9 पीड़ितों को पीटा गया और गला घोंटा गया, मार डाला गया, लूटा गया और फिर उनके शरीर के कुछ हिस्सों को बक्सों में छिपा दिया गया और कुछ हिस्सों को कूड़े के ढेर में फेंक दिया गया। न्याय मंत्री के अनुसार शिराइशी ने अपनी 'यौन और वित्तीय इच्छाओं' को पूरा करने के लिए हत्याएं कीं. जापान के न्याय मंत्रालय ने न्यूज एजेंसी एएफपी को बताया कि देश में 2022 में एक, 2021 में तीन, 2019 में तीन और 2018 में 15 लोगों को फांसी दी गई थी। इस जघन्य हत्या का खुलासा 2017 के ठंड में हुआ. पुलिस को एक 23 वर्षीय युवती के लापता होने की खबर मिली थी. जांच के दौरान पता चला कि युवती ने कथित तौर पर खुद को मारने की इच्छा के बारे में ट्वीट किया था. उसके भाई ने उसके ट्विटर अकाउंट का एक्सेस लिया और. अंततः पुलिस को हत्यारे शिराइशी के घर पर ले गया, जहां पुलिस को कई टुकड़ों में युवती का शरीर मिला। जापान का कानून कहता है कि अपील समाप्त होने के बाद फैसले के छह महीने के भीतर दोषी को फांसी दी जानी चाहिए. हालांकि, वास्तविकता में, अधिकांश कैदियों को सालों और कभी-कभी दशकों तक एकान्त कारावास में छोड़ दिया जाता है. जापान के इस सिस्टम और इस प्रथा पर सरकार की पारदर्शिता की कमी की व्यापक आलोचना होती रही है।



# तेजस्वी अबकी अईहें गे, रौशन सबेरा लईहें गे'

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर अपना कैंपेन सॉन्ग लॉन्च कर दिया है। इस सॉन्ग की टैगलाइन है तेजस्वी अबकी अईहें गे, रौशन सबेरा लईहें गे। साथ ही इसमें उन्हें बिहार का बेटा बताया गया है और कई सारे वादों को पूरा करने की बात कही गई है। राष्ट्रीय जनता दल का कैंपेन सॉन्ग करीब पांच मिनट 43 सेकंड का है। इस सॉन्ग की शुरुआत ग्रामीण क्षेत्र के खूबसूरत नजारे के साथ होती है। सॉन्ग के बोल में तेजस्वी यादव का जिक्र किया गया है और उन्हें नेता नहीं बल्कि बिहार का बेटा बताया गया है। यह मगही भाषा में तैयार गीत है। तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसका वीडियो शेयर किया है, जिसमें लिखा है, रौशन सवेरा लईहें गे। राजद के कैंपेन सॉन्ग में कहा गया है, तेजस्वी अबकी अईहें गे, रौशन सबेरा लईहें गे। नेता नहीं, ई बेटा छी, कोय एकरा सं बेहतर नहीं। इस कैंपेन सॉन्ग में बेरोजगारी का जिक्र, नौकरी देने का वादा, 200 यूनिट मुफ्त बिजली, माई-बहिन योजना और वृद्धा पेंशन के तहत 400 रुपए से बढ़ाकर 1500 रुपए प्रति महीना देने का वादा किया गया है।

### बिहार चुनाव को लेकर राजद ने कैंपेन सॉन्ग किया लॉन्च

# 'आई लाइक इट' डायलॉग सोशल मीडिया पर ट्रेंड!

मोस्ट पॉपुलर लांग मैराथन शो 'भाबीजी घर पर हैं' के मज़ेदार किरदार और उनके यादगार डायलॉग्स दर्शकों की जुबान पर चढ़ चुके हैं। ऐसा ही एक लोकप्रिय किरदार है अनोखे लाल सक्सेना का, जिसे निभा रहे हैं सानंद वर्मा। उनका खास डायलॉग 'आई लाइक इट' आज सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा है। इस डायलॉग पर बने मीम्स और वीडियो एडिट्स हर किसी को गुदगुदा रहे हैं। अपने डायलॉग की लोकप्रियता पर सानंद वर्मा उर्फ अनोखे लाल सक्सेना ने कहा, ''सच कहूं तो बहुत अच्छा लगता है जब लोग मेरे किरदार को पसंद करते हैं, खासकर उसका डायलॉग। जो प्यार और प्रतिक्रिया मुझे मिल रही है, वो मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। यह दर्शकों के उस गहरे जुड़ाव को दिखाता है जो उन्होंने इस शो से बना लिया है।'' सानंद वर्मा ने बताया कि पहली बार उन्हें तब एहसास हुआ कि उनका डायलॉग 'आई लाइक इट' कितना मशहूर हो गया है, जब उनके एक पड़ोसी पुलिस अफसर ने मज़ेदार किस्सा सुनाया। उन्होंने कहा, एक बार मैंम्_बई में था तभी मे री म लाकात एक पड़ोसी से हुई जो पेशे से प लिस ऑफिसर है ।। बातचीत के दौरान उन्होंने एक किस्सा सुनाया, जो सुनकर मैं हैरान कर गया था। उन्होंने बताया कि एक दिन वो अपने बेटे को किसी बात पर डांट रहे थे, तभी बेटे ने बड़ी शांति से कहा, 'आई लाइक इट!' पहले तो वो चौंक गए कि बेटा ऐसा कैसे बोल गया! फिर उनकी पत्नी ने समझाया कि ये डायलॉग भाबीजी घर पर हैं में सक्सेना बोलता है यानी मैं! इसके बाद वो खुद शो देखने लगे।'' सानंद कहते हैं, फैंस से मिलने वाले ऐसे अनुभव दिल को छू जाते हैं। बॉलीवुड की पार्टियों और सोशल गैदरिंग्स में भी लोग मेरे पास आकर डायलॉग दोहराते हैं और किरदार की तारीफ करते हैं। जो प्यार मुझे दर्शकों से मिलता है... आई लाइक इट!'' गौरतलब है कि 'भाबीजी घर पर हैं' रात साढ़े दस बजे सोमवार से शुक्रवार एण्डटीवी पर प्रसारित है।



# सुनील शेट्टी ने किया ई-बाइक्स को प्रमोट

भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी क्रांति अब आकांक्षाओं से भर गई है--- और बहुत तेज़, साफ़ और कूल हो गई है। डिज़ाइनर एंड ऑटोमेटिव इंटरप्रेन्योर द्वारा स्थापित एक्सलेमोटो को एक रणनीतिक ऑल-स्टार संस्थापक टीम का समर्थन प्राप्त है जिसमें अभिनेता-उद्यमी-मेंटर सुनील शेट्टी, क्रिकेट सेंसेशन केएल राहुल, और युवा आइकन अहान शेट्टी शामिल हैं---जो विश्वसनीयता, कूलनेस और पारस्परिक पीढ़ियों के प्रभाव का दुर्लभ मिश्रण लेकर आए हैं। एक्सेलमोटो के बारे में सुनील शेट्टी ने कहा, ''मैंने अर्थ को वर्षों से मेटल और डिज़ाइन के साथ जादू करते देखा है। जब उन्होंने भारत के लिए स्वच्छ, स्टाइलिश मोबिलिटी का अपना सपना साझा किया, तो मुझे पता था कि हमें इसका हिस्सा बनना है। पहली बार, मैं अपने बेटों, अहान और केएल राहुल के साथ एक प्रोजेक्ट पर काम कर रहा हूं, और यह सही लगता है कि यह कुछ ऐसा है जो एक स्वच्छ भविष्य पर केंद्रित है। हम मानते है कि हमारे पर्यावरण की देखभाल करना सहज, स्टाइलिश और वास्तव में सभी के लिए सुलभ होना चाहिए।'' उधर, केएल राहुल ने कहा, ''मैं प्रदर्शन में विश्वास करता हूं--मैदान पर और सड़क पर। और, मैं उन उत्पादों में विश्वास करता हूं जो उद्देश्य को प्रदर्शन के साथ मिलाते हैं। एक्सेलमोटो सभी बॉक्स टिक करता है। एक्सेलमोटो के साथ, हम भारत को एक विश्वसनीय, स्टाइलिश और किफायती सवारी दे रहे हैं जो हमारी तरह की हलचल के लिए बनी है। यह पहल उसके मेल खाती है जिसकी कई भारतीय तलाश कर रहे हैं---स्मार्ट, स्वच्छ और भविष्य के लिए तैयार तरीके।'' अहान शेट्टी ने कहा, ''यह मेरी पीढ़ी के लिए है---साहसी, स्मार्ट और ग्रह के प्रति सचेत। हम एक ऐसे ब्रांड का हिस्सा होने पर गर्व करते हैं जो केवल ट्रेंड्स को फॉलो नहीं करता बल्कि उन्हें सेट करता है---यह कैसे दिखता है और यह किसके लिए खड़ा है, दोनों में।''



## बाजार दर्पण



उत्सव लॉन्स
गोरखपुर में
शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनो हेतु।
अलहदादपुर, गोरखपुर
फोन:- 0551-2338099
+918400085593

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने गोमती नगर लखनऊ
मोबाइल: 9415016089